सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
12.07.2024
** नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ


khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 02



08 भारतीयता के पर्याय हैं मंदिर

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत

## नव-नियुक्त 1500 PGT शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा0 मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास,
वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग,
झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा0 मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण
एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग,
झारखण्ड सरकार

**श्री बैद्यनाथ राम**
मा0 मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता,
उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,
झारखण्ड सरकार

दिनांक : 12 जुलाई 2024 (शुक्रवार), अपराह्न 12:30 बजे
स्थान : प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 329360 ( School Education and Literacy ) IPRD 24-25

**WANTED**

आवश्यकता है अनुभवी युवा की हजारीबाग और रामगढ़ क्षेत्र में कार्य करने के लिये जो बाईक चलाना जानता हो,

प्लाई ऐस (सिमेंट) ब्रिक्स की बिक्री हेतु सेल्स एक्जक्यूटिव की आवश्यकता है।

संपर्क करें
97714-63589
799229-81043
ई मेलः
info.inlandash@gmail.com

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**खुली निविदा सूचना सं.: सी-एमईसीएच-एसएचएम-ओबीएचएस-07-24,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, शालीमार, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। योग्य निविदाकारों से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार केवल **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें। कोई भी ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए कृपया डॉक्यूमेंट सेक्शन में अपलोड किए गए निविदा कागजात को पढ़ें। **कार्य का नाम:** 02 वर्ष की अवधि के लिए पद्मपुकुर और शालीमार में स्थित 06 प्रमुख ट्रेनों में लिनेन वितरण सेवा और 07 ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस)। **निविदा मूल्य:** रु. 14,79,77,000.28, **ईएमडी:** रु.8,89,900/- **निविदा की अंतिम तिथि:** दिनांक 05.08.2024 को 12.30 बजे। **निविदा कागजात की लागत :** रु.10,000/- (अप्रतिदेय)। **(PR-371)**

## सरकार की तुष्टिकरण नीति में घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त

# संथाल परगना में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में : बाबूलाल मरांडी

### बाबूलाल ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- 1951 से 2011 के सेंसस आंकड़ों में आदिवासी आबादी आधी हो गयी जबकि मुस्लिम आबादी में ढाई गुना हुई वृद्धि**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/पाकुड़।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को पाकुड़ में राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार की तुष्टिकरण नीति में घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है। आदिवासी आबादी खतरे में है। ऐसा लगता है कुछ दिनों में आदिवासियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। उन्होंने 1951 से लेकर 2011 तक हुई जनगणना रिपोर्ट को रखते हुए कहा कि यह भारत सरकार का सेंसस है, जो नरेंद्र मोदी जी को देश की सत्ता में आने से पहले का है। उन्होंने कहा कि आज जनसंख्या दिवस है और आंकड़े बताते हैं कि कैसे संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही है। दूसरी ओर मुस्लिम आबादी अप्रत्याशित ढंग से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 1951 में संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44.67 प्रतिशत थी। मुस्लिम आबादी 9.44 प्रतिशत और सामान्य आबादी 45.91 प्रतिशत थी। 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार मुस्लिम आबादी में ढाई गुना वृद्धि के साथ 22.73 प्रतिशत हो गई है जबकि आदिवासियों की आबादी 44.67 प्रतिशत से घटकर 28.11 प्रतिशत हो गई। यही पर सामान्य आबादी 45.9 प्रतिशत से 49.2 प्रतिशत तक ही बढ़ी।

उन्होंने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी को लव जिहाद, लैंड जिहाद के नाम पर सुनियोजित तरीके से घटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साहेबगंज और पाकुड़ की स्थिति तो भयावह है। उन्होंने कहा कि जब जनसंघ का गठन हुआ था उसी समय से हम धारा 370 का विरोध करते थे भले हमारी राजनीतिक ताकत कम थी, लेकिन देश के मुद्दों पर कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये भी देश के विरोधी हैं। अनेक देशों ने घुसपैठियों को बाहर किया है। पाकिस्तान ने भी अफगानिस्तानियों को बाहर किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण छोड़ घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कारवाई करे।

# अग्निवीर योजना के बारे में युवाओं को भ्रमित कर रहे हैं राहुल गांधी : भाजपा




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल संजय सिंह ने कहा है कि भारतीय सेना में अग्निवीर जैसी महत्वाकांक्षी योजना के बारे में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का झूठा बयान दे रहे हैं। कर्नल सिंह गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान सेना में फुट डालने तथा युवाओं को दिगभ्रमित करने वाला है।

उन्होंने कहा कि संसद में राहुल गांधी ने गैरजिम्मेदाराना और झूठा बयान देकर पूरे सेना तथा सरकार को विश्व के अन्य देश की नजर में शर्मसार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजनीति का प्रतिफल देश के विरुद्ध सहा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेना में भर्ती होने वाले अग्निवीर को प्रथम वर्ष चार लाख छिहत्तर प्रतिवर्ष से चौथे वर्ष छह लाख बानबे हजार रुपए तक दिया जाता है। चार वर्ष बाद सेना में ही पच्चीस प्रतिशत को रख लिया जाता है तथा बाकियों को राज्य सरकार, पीएसयू तथा अन्य जगहों पर नौकरी सुनिश्चित करने के लिए एमओयू किया गया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिये ग्यारह लाख इकहत्तर हजार रुपये भी दिये जाते हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जनवरी में वीरगति प्राप्त अग्निविर अजय सिंह के परिवार से मिलकर कहा कि उनके परिवार को मुआवजा व सम्मान नहीं दिया गया, जो बेबुनियाद है। उन्होंने चीन, यूएसए आदि देशों में ऐसी योजनाओं के लागू रहने की बात भी कही। प्रेसवार्ता में कर्नल आनंद भूषण, सूबेदार मेजर सुरिष्ठ कुमार, रंजन सिंह भी उपस्थित थे।

# राष्ट्र गान के अपमान को लेकर भाजपा ने हफीजुल के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल ने अरगोड़ा थाना पहुंच कर मंत्री हफीजुल हसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि यह मामला 8 जुलाई 2024 का है, जब हेमंत सरकार के मंत्री शपथ ले रहे थे। शपथ के बाद राष्ट्र गान चल रहा था, उस वक्त मंत्री हफीजुल हसन अपना गमछा को ठीक कर रहे थे। वीडियो में स्पष्ट है कि उन्होंने जान बूझकर पहले अपना कुर्ता और बंडी को नीचे खींच कर गमछा को हल्का गिराया और तब गमछा को फिर से कंधे पर रखा। उन्होंने बताया कि राष्ट्र गान के समय हर व्यक्ति को सावधान की मुद्रा में खड़ा रहना है। ये 52 सैकेंड का समय स्टैचू टाइम होता है। अगर कोई व्यक्ति राष्ट्र गान के समय बनाये नियम का पालन नहीं करता है तो उसे प्रिवेंसन ऑफ इंसुल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट 1971 की धारा 3 के अनुसार दंडित किया जायेगा और उसे 3 वर्ष तक सजा हो सकती है। राहुल कुमार दुबे ने प्राथमिकी संबंधी आवेदन दिया है।

## सीएम से मिले सरयू राय



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से गुरुवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सरयू राय ने औपचारिक मुलाकात की।

# मैनहर्ट मामले में एफआइआर दर्ज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मैनहर्ट मामले में गुरुवार को विधायक सरयू राय ने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। दरअसल, मेनहर्ट घोटाला के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के जांचोपरांत सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं करने के संबंध में विधायक सरयू राय द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गयी थी। इस रिट याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। साथ ही, सरयू राय को निर्देश दिया था कि वह किसी पुलिस थाना में प्राथमिकी दायर करें अथवा किसी सक्षम न्यायालय में मुकदमा दायर करें। हाईकोर्ट के इस निर्णय के आलोक में विधायक सरयू राय ने गुरुवार को डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। प्राथमिकी में विस्तारपूर्वक तथ्यों को देते हुये सरयू राय ने डोरंडा थाना प्रभारी से आग्रह किया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार इसकी जांच शीघ्र की जाये। मैनहर्ट घोटाला के दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाये।

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला योजना)**
**(E-mail : ranchi.dpo@gmail.com)**

**आदेश**

JICA मद् (आर्वाड मनी) से शिक्षा प्रक्षेत्र अन्तर्गत Upgradation of education facilities with ICT labs, library and recreation centers in 12 School हेतु अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी /संस्थानों/फर्म आदि से दिनांक 04.07.2024 को ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) PR-327629 आमंत्रित की गई, जिसका निष्पादन दिनांक 11.07.2024 को किया जाना था।

अपरिहार्य कारणों के कारण उक्त EOI अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

ह0/-
उपायुक्त, राँची

PR 329344 Ranchi(24-25).D

## रांची हिंसा के आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** 10 जून 2022 को हुई रांची हिंसा मामले में आरोपी आयुब राजा खान, शहीद अख्तर उर्फ टकलू एवं मो शाहजाद की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। आरोपियों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 26 जून को याचिका दाखिल की थी। रांची हिंसा से जुड़े मामले में प्राथमिकी दर्ज है। इसी मामले में पुलिस ने जुलाई 2023 में ही करीब 40 आरोपियों के खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी वारंट जांच अधिकारी ने प्राप्त किया था। इसके बाद आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम राहत के लिए न्यायालय का चक्कर लगा रहा है।

# देवघर एम्स में कब तक अलग बर्न वार्ड शुरू होगा : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर एम्स से यह बताने को कहा है कि वहां अलग से बर्न वार्ड कब से काम करना शुरू करेगा। एम्स को दो सप्ताह में शपथपत्र के माध्यम से इसकी जानकारी देने का निर्देश गुरुवार को चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने दिया। दुमका में पेट्रोल छिड़कर एक नाबालिग को जलाकर मार डालने के मामले में हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले की सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के आलोक में गुरुवार को राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि राज्य सरकार ने पीड़िता के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा दिया है। मामले के आरोपी के खिलाफ भी चार्जशीट दायर कर दी गई है। केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी। अदालत ने केंद्र सरकार को यह बताने को कहा था कि देवघर एम्स में बर्न वार्ड कब तक शुरू कर दिया जाएगा।

# मंत्री इरफान अंसारी को आउटसोर्सिंग संघ के प्रतिनिधिमंडल ने चार सूत्री मांग पत्र सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की जामताड़ा जिला इकाई की ओर से डॉक्टर इरफान अंसारी से मिला। मंत्री को बताया गया कि किस प्रकार झारखंड में आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ नाइंसाफी एवं अन्याय हो रहा है। साथ ही, अपने 4 सूत्री मांगपत्र मंत्री को सौंपा गया। मंत्री ने आश्वस्त कराया कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।



**स्थानीय सूचना**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

संख्या-523/भू0अ0 दिनांक-08/07/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम-पिपराडीह थाना-कोडरमा, थाना सं0-257, अंचल-कोडरमा, जिला-कोडरमा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-पिपराडीह थाना-कोडरमा, थाना सं0-257, अंचल-कोडरमा, जिला-कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-0.6230 ए0 यानि 0.2522 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है............

ग्राम-पिपराडीह थाना-कोडरमा थाना सं0-257 अंचल-कोडरमा जिला-कोडरमा।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 14 | 492 | रैयती | बाद | 0.0130 | झगर गोप वो लीलो गोप पेशरान उत्तीम गोप 1 हिस्सा बहिस्सा बराबर वो मसोमात दशीआ गोवालीन जौजे आशो गोप 1 हिस्सा कौम-गोवाला शाकिन-देह। | प्लॉट 490 | प्लॉट 493 | प्लॉट 492 अंश | रास्ता |
| 2 | 4 | 494 | रैयती | चिरा-भीठा | 0.0110 | केवल महतो वल्द रामकिसुन महतो वो भौला महतो वल्द मोहरी महतो वो मुशमात बुधनी जौजे परान महतो कौम-गोवाला सा0-देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 493 | प्लॉट 500 | प्लॉट 494 अंश | रास्ता |
| 3 | 21 | 500 | रैयती | चिरा-भीठा | 0.0030 | भीखो गोप वल्द शेवा गोप वो अमरीत गोप वल्द झरी गोप वो चमन गोप वल्द चान्दे गोप वो सौन्दे गोप वल्द अनुज महतो कौम-गोवाला शाकिन-देह। | प्लॉट 494 | प्लॉट 501 | प्लॉट 500 अंश | रास्ता |
| 4 | 21 | 501 | रैयती | चिरा-भीठा | 0.0040 | | प्लॉट 500 | प्लॉट 502 | प्लॉट 501 अंश | रास्ता |
| 5 | 21 | 502 | रैयती | चिरा-भीठा | 0.0050 | | प्लॉट 501 | प्लॉट 503 | प्लॉट 502 अंश | रास्ता |
| 6 | 24 | 503 | रैयती | चिरा-भीठा | 0.0040 | मानिक गोप वो चुरो गोप पेशरान तेजो गोप कौम-ग्वाला सा0-देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 502 | रास्ता | प्लॉट 503 अंश | रास्ता |
| 7 | 4 | 525 | रैयती | बाद | 0.0010 | केवल महतो वल्द अमरीत महतो वो शाम महतो वल्द मोहरी महतो वो मुशमात बुधनी जौजे परान महतो कौम-गोवाला सा0-देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 505 | प्लॉट 526 | प्लॉट 525 अंश | रास्ता |
| 8 | 4 | 1929 | रैयती | बाद | 0.0200 | केवल महतो वल्द अमरीत महतो वो शाम महतो वल्द मोहरी महतो वो मुशमात बुधनी जौजे परान महतो कौम-गोवाला सा0-देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 1928 | प्लॉट 1946 | प्लॉट 1929 अंश | रास्ता |
| 9 | 18 | 1946 | रैयती | बाद | 0.0140 | दौलत गोप वल्द पुरन महतो कौम-गोवाला साकिन-देह। | प्लॉट 1929 | प्लॉट 1947 | प्लॉट 1946 अंश | रास्ता |
| 10 | 27 | 1956 | रैयती | टांड | 0.0330 | वोजीर गोप वल्द शोबरन गोप कौम-गोवाला साकिन-बसधरवा | प्लॉट 1947 | प्लॉट 1986 | प्लॉट 1956 अंश | रास्ता |
| 11 | 2 | 1986 | रैयती | टांड | 0.0290 | अमरीत गोप वल्द दुली गोप वो भीखो गोप वल्द शेवा गोप वो चमन गोप वल्द चान्दे गोप कौम-गोवाला सा0-देह। | प्लॉट 1956 | प्लॉट 1987 | प्लॉट 1986 अंश | रास्ता |
| 12 | 2 | 1987 | रैयती | टांड | 0.0600 | | प्लॉट 1986 | प्लॉट 1988 | प्लॉट 1986 अंश | रास्ता |
| 13 | 2 | 1988 | रैयती | टांड | 0.0390 | | प्लॉट 1987 | प्लॉट 1989 | प्लॉट 1988 अंश | रास्ता |
| 14 | 2 | 1989 | रैयती | टांड | 0.0750 | | प्लॉट 1988 | प्लॉट 1990 | प्लॉट 1989 अंश | रास्ता |
| 15 | 2 | 1990 | रैयती | टांड | 0.1180 | | प्लॉट 1989 | प्लॉट 1992 | प्लॉट 1990 अंश | रास्ता |
| 16 | 12 | 1992 | रैयती | टांड | 0.0710 | जीतन गोप वो चितु गोप पेशरान सेवा महतो कौम-गौवाला साकिन-देह। | प्लॉट 1990 | प्लॉट 1994 | प्लॉट 1992 अंश | रास्ता |
| 17 | 12 | 1994 | रैयती | टांड | 0.0750 | | प्लॉट 1992 | प्लॉट 1915 | प्लॉट 1994 अंश | रास्ता |
| 18 | 12 | 1995 | रैयती | टांड | 0.0480 | | प्लॉट 1994 | प्लॉट 1995 | प्लॉट 1995 अंश | रास्ता |
| कुल- | | | | | 0.6230 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम-2013 (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/-
समुचित सरकार-सह-उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.329153 Land Reforms(24-25):D

### झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर भाजपा का पलटवार

# विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही डर गया झामुमो : रमाकांत महतो

**निर्धारित समय के 6 महीनों के भीतर चुनाव कराना चुनाव आयोग का विशेषाधिकार**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि झामुमो विधानसभा चुनाव को लेकर भयभीत है। यही कारण है कि झामुमो देश की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को फरमान सुना रहा है। साथ ही, फरमान का पालन नहीं होने पर आंदोलन के जरिये परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। उन्होंने कहा है कि झामुमो के डीएनए में देश के संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना एवं उसे आदेशात्मक तरीके से धमकी देने की प्रवृत्ति रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य की स्मरण शक्ति शायद कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमानत पर जेल से बाहर आते ही दंभ भर रहे थे कि राज्य में जब चुनाव हो जाये, हम डरने वाले नहीं हैं। फिर झामुमो को चुनाव की घोषणा के पूर्व ही डर क्यों सताने लगा। उन्होंने आरोप लगाया है कि साढ़े चार वर्षों तक राज्य को लूटने में मशगूल हेमंत सरकार को जनता अब अपदस्थ करेगी। भय से संवैधानिक संस्थाओं पर अंगुली उठाना शुरू कर दिया है। जिस चुनावी वायदे के साथ हेमंत सोरेन सरकार सत्ता में आयी थी, एक भी अबतक पूरे नहीं हुये। उल्टे इस सरकार ने पेपर लीक कराकर, प्रतिभागियों का दमन और नौकरी बेचने का काम किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम में जनता ने इंडी ठगबंधन को हटाने का संकेत दे दिया है। झामुमो को जनता का मिजाज समझ में आ गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के 6 महीनों के भीतर चुनाव कराना चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है।

## सीजीएल परीक्षा लेने वाली एजेंसी को काली सूची में डालना सही : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की 28 जनवरी को हुई सीजीएल परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में परीक्षा लेने वाली एजेंसी को काली सूची में डालने के आदेश को सही बताते हुए एजेंसी की याचिका खारिज कर दी गई है। गुरुवार को अदालत ने एजेंसी को डिबार करने के जेएसएससी के आदेश को सही बताया। इस संबंध में परीक्षा लेने वाली एजेंसी सैटेवेट इंफोसोल ने याचिका दायर की थी। याचिका में जेएसएससी के 24 अप्रैल 2024 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें आयोग ने परीक्षा लीक मामले में कंपनी को डिबार करते हुए तीन साल के लिए काली सूची में डाला था। एजेंसी की ओर से अदालत को बताया गया कि काली सूची में डालने के पूर्व एजेंसी का पक्ष नहीं सुना गया। आयोग के किसी भी नियम में यह नहीं लिखा गया है कि कितने साल के लिए किसी एजेंसी को डिबार किया जा सकता है।

झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने अदालत को बताया 28 जनवरी को परीक्षा थी। परीक्षा के एक घंटे पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इसके बाद आयोग ने नामकुम थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी और एजेंसी को शो कॉज किया। एजेंसी का स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं था, इसके बाद कंपनी को डिबार किया गया, क्योंकि यह परीक्षा का मामला था। अदालत को बताया गया कि एजेंसी चयन के लिए जब आयोग ने एनआईटी जारी किया था तो उसमें स्पष्ट था कि गड़बड़ी किए जाने पर तीन साल तक डिबार किया जाएगा। इसके बाद अदालत ने एजेंसी की याचिका खारिज कर दी।

# दूध उत्पादकों को अब मिलेगी 5 रुपए प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि, कृषि मंत्री दीपिका पांडे ने दी मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के कृषि विभाग की कार्यप्रणाली, बादल पत्रलेख की जगह दीपिका पांडे सिंह के कृषि मंत्री बनते ही बदल गया है। मंत्री का पदभार ग्रहण करते ही दीपिका पांडे सिंह किसानों और पशुपालकों के हित में फैसला लेना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने दूध उत्पादकों को सरकार की ओर से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 3 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 5 रुपये कर दिया है। वहीं इसके लिए 47 करोड़ 45 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत कर दी है। इसका लाभ राज्य के उन 66 हजार दूध उत्पादकों को मिलेगा जो मिल्क फेड्रेशन को दूध देते हैं। कृषि मंत्री ने साफ कर दिया है कि कृषि और पशुपालन से जुड़ी योजनाओं का लाभ किसानों को जल्द से जल्द मिले ताकि राज्य के किसानों का समुचित विकास हो सके। उन्होंने इन योजनाओं को मंजूरी दी है-



**रेनफेड एरिया डेवलपमेंट :** वित्त वर्ष 2024-25 में केंद्र प्रायोजित आरकेवी योजना के अंतर्गत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना में राज्यांश की 3 करोड़ 66 लाख 66 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई। इसमें केन्द्रांश 5 करोड़ 50 लाख जोड़कर इस योजना के अन्तर्गत 9 करोड़ 16 लाख 66 हजार की राशि स्वीकृत की गई।

**परंपरागत कृषि विकास योजना :** वित्त वर्ष 2024-25 में केंद्र प्रायोजित आरकेवी योजना के अंतर्गत परंपरागत कृषि विकास योजना उपयोजना के लिए राज्यांश की 1 करोड़ 32 लाख 660 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई। इसमें केंद्र की 1 करोड़ 99 लाख रुपये जोड़कर योजना के अंतर्गत कुल 3 करोड़ 31 लाख 66 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई।

**प्रसार एवं कौशल विकास योजना :** वित्त वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण विस्तार एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत रांची एवं दुमका के प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवा बेरोजगारों को दुग्ध उत्पादन के लिए प्रशिक्षण, कार्यशाला, सेमिनार, मेला एवं अन्य प्रदर्शनी के कार्य तथा प्रोत्साहन के लिए 5 करोड़ 95 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि वानिकी उपयोजना के लिए 133.3 लाख पशु पक्षियों पर क्षेत्र सुदृढ़ीकरण के लिए 9 करोड़ रुपए तथा पशु कल्याण बोर्ड के लिए 3 करोड़ 34 लाख 34 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

**मत्स्य विभाग के नियुक्ति नियमावली में होगा संशोधन :** कृषि मंत्री ने मत्स्य छात्रों की मांग को जायज बताते हुए कृषि सचिव को मत्स्य विभाग में नियुक्ति नियमावली में संशोधन के लिए फाइल आगे बढ़ाने के आदेश दिए हैं। अब मत्स्य विभाग में बैचलर इन फिशरीज साइंस प्रोफेशनल की नियुक्ति के लिए नियमावली में संशोधन किया जाएगा।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
12.07.2024
नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 02




08 भारतीयता के पर्याय हैं मंदिर

शिबू सोरेन जिन्दाबाद    जय झारखंड    हेमन्त सोरेन जिन्दाबाद



झा.मु.मो





## वैद्यनाथ राम

मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार

हिन्दी दैनिक अखबार खबर मन्त्र स्थापना के
11 वें वर्षगांठ दिवस पर लातेहार जिला समेत समस्त झारखंडवासियों को

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

निष्पक्ष पत्रकारिता के क्षेत्र में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में हिन्दी दैनिक अखबार खबर मन्त्र ने एक अलग पहचान बनायी है। लगातार 11 वर्ष की कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल करने पर खबर मन्त्र परिवार से जुड़े समस्त लोगो को हार्दिक बधाई।
लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को हिन्दी दैनिक खबर मन्त्र इसी प्रकार मजबूती प्रदान करते हुये नितदिन उच्चाईयां हासिल करें।

## स्पीड न्यूज

### जनसंख्या वृद्धि चिंतन का विषय : प्रमुख



**हुसैनाबाद पलामू।** विश्व जनसंख्या दिवस पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा पर जागरूकता गोष्ठी की गयी। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रौशन कुमार, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ दीपक सिन्हा एवं विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधियों ने किया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या राष्ट्रीय चिंतन का विषय है। समाज व देश को सशक्त करने के लिए महिलाओं व हम सभी को आगे आना होगा। मौके पर अरविंद मेहता, राजवंश यादव, विनय पासवान, अमरेंद्र ठाकुर, नरेश पासवान, रंजीत मेहता, सच्चिदानंद, राजमुनि देवी, अर्चना कुमारी आदि थे।

### मन्ना देवी की पुण्यतिथि पर बंटी सामग्री



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के सिहड़ा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशीष यादव की मां व जे पी यादव की धर्मपत्नी स्व मन्ना देवी की 10वीं पुण्यतिथि मनी। मौके पर उनके पुत्र शिक्षक विजय यादव ने सैकड़ों गरीब असहायों के बीच अंग वस्त्र व खाद्य सामग्री बांटी। मौके पर श्याम राज यादव, सुरेश यादव, उमेश यादव, केवल यादव, मनोज यादव, मिथिलेश यादव, कमलेश यादव, उप मुखिया कर्मदेव यादव सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

### पाटन : बाइक टक्कर में दो लोग घायल



**पाटन पलामू।** पाटन निवासी बिपुल कुमार (25) तथा नावा मझौली का राजेंद्र यादव पिता सुखदेव यादव की आमने-सामने बाइक टक्कर हो गयी। इसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। बिपुल पाटन में किराये के मकान में रहकर कबाड़ी खरीदता है। वह नावा जयपुर की ओर से कबाड़ी खरीद कर आ रहा था। वहीं राजेन्द्र डालटनगंज से अपने घर आ रहा था। दोनों का पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज किया गया। बिपुल की गंभीर स्थिति को देख मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया। जानकारी मिलते ही पाटन प्रमुख शोभा देवी एवं जिप सदस्य संग्राम सिंह ने दोनों से मिलकर उनका हाल जाना।

### बैजनाथ राम के मंत्री बनने पर जश्न



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार में अनुसूचित जाति के विधायक बैजनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया गया है। साथ ही उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का मंत्री बनाये जाने पर कांग्रेसियों ने लेस्लीगंज गांधी चौक और मंजार चौक पर सोमवार को जमकर आतिशबाजी की। साथ ही लोगों को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। कांग्रेस नेता तारकेश्वर पासवान ने कहा कि झामुमो के मुखिया हेमंत सोरेन को भाजपा ने फंसाया और माननीय उच्च न्यायालय ने जमानत दी। ईडी कोई आरोप को साबित नहीं कर सका। मौके पर कोटखास मुखिया पति राजन सिंह, तेरस पासवान, काजू पासवान, आकाश पासवान, इस्फाक, सुनील पासवान भी थे।

### चियांकी में पोषण वाटिका प्रशिक्षण संपन्न



**मेदिनीनगर।** सामाजिक संस्था प्रगति एजुकेशनल एकेडमी रांची से संचालित समेकित बिरला ग्राम विकास योजना सह पाठशाला गणके के अंतर्गत ग्राम चियांकी में पोषण वाटिका प्रशिक्षण सह आदान वितरण कार्यक्रम किया गया। मौके पर किसानों को पोषण वाटिका के बारे में प्रशिक्षण देकर लाभांवित करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य शारदा देवी, प्रोग्राम मैनेजर, कंसलटेंट पंकज, बिरसा मिलेज कॉर्डिनेर, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी व कई किसान भी थे।

### कामेश्वर राम रजवाडीह में सम्मानित



**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में राजकीयकृत+2 उच्च विद्यालय भंडार, विश्रामपुर के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक कामेश्वर राम का अभिनंदन किया गया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में शिक्षक नेता हरिशंकर मिश्र, मुखिया अनुज त्रिपाठी, सदर डीडीओ वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, विश्रामपुर डीडीओ विनय तिवारी, सेवानिवृत डीडीओ अशोक तिवारी, सेवानिवृत एचएम सुरेंद्र गुप्ता, शिक्षक राहुल शंकर तिवारी, शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने श्री राम को पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सभी ने कामेश्वर राम के शानदार व बेदाग सेवाकाल की सराहना की।

### नावा जयपुर थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पाटन थाना इंस्पेक्टर अनील सिंह तथा संचालन नावा थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने किया। बैठक में दोनों समुदायों के लोग थे। जिसमें पाटन सीओ दीपक मिश्रा भी थे। बैठक में मुहर्रम का पर्व शांति पूर्वक मनाने के लिए लोगों से कहा गया। नावा थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने कहा कि मुहर्रम का पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनायें। कहीं भी कोई अप्रिय घटनाएं होती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें पुलिस कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कोई भी व्यक्ति अशांति या गलत मैसेज करने का प्रयास करेगा तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। ऐसे करने वाले व्यक्ति की सुचना पुलिस को दें, पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

# स्वास्थ्य सहियाएं बखूबी निभा रही हैं सामाजिक दायित्व : डॉ शशिभूषण

- परिवार नियोजन पखवाड़ा को लेकर जागरूकता रथ रवाना
- छोटा परिवार है सुखी का आधार : पांकी विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** परिवार नियोजन पखवाड़ा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलांबर पितांबरपुर से सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने रवाना किया। रथ रवानगी के पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभा कक्ष में पखवाड़ा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक ने कहा कि छोटा परिवार रहने से अच्छे कपड़े, अच्छे शिक्षा, अच्छा मकान में रहकर लोग अपना जीवन यापन कर सकते है। वही स्वास्थ्य सहिया के बारे में विधायक ने कहा कि जिस भी काम को हमारे बहने ले लेती है उसको बखूबी पूरा करती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इस सरकार में इन लोगों को उचित मानदेय में नहीं मिल पा रहा है। अगर हमारी सरकार बनी तो हम कम से कम 15 हजार रुपये मासिक वेतन के रूप में दिलवायेंगे।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते पांकी विधायक।

# चौकीदार बहाली में आरक्षण नहीं देना दलितों के साथ अन्याय है : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर, पलामू।** बाजार क्षेत्र के मैदान में आज पांकी विधानसभा के विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने प्रेस वार्ता की। जिसमें चौकीदार बहाली में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किए जाने मामले में उन्होंने कहा कि पलामू में चौकीदार बहाली के लिए निकले विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। उन्होंने पलामू जिले में चौकीदार बहाली के लिए प्रकाशित विज्ञापन को निरस्त कर अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण का लाभ देने की मांग की है। विधायक ने कहा कि चौकीदार का पद अनुसूचित जाति के लोगों को शुरू से दिया जाता रहा है। इस पद पर सेवानिवृत या अन्य कारण से सेवा में नहीं रहने वाले चौकीदार के रिश्तेदार या पुत्र, पुत्री की ही नियुक्ति की जाती रही है। पलामू जिला में चौकीदारों की नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में झारखंड सरकार के आरक्षण रोस्टर का भी पालन नहीं किया गया है। जबकि इसी सरकार के अधीनस्थ अधिकारियों ने चौकीदारों की नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लोगों को दरकिनार कर दिया है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन को निरस्त कर दोबारा अनुसूचित जाति को आरक्षण के साथ विज्ञापन निकाला जाए। अगर विज्ञापन नहीं निरस्त किया गया तो आगामी शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में इस मामला को रखा जायेगा।



# विधायक ने किया स्वतंत्रता सेनानी के नाम तोरण द्वार का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** नीलांबर पीतांबरपुर के हाई स्कूल रोड स्थित पानी टंकी के पास स्वतंत्रता सेनानी स्व बिफई राम भगत के नाम एक तोरण द्वार का शिलान्यास पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने इनके नाम पर यहां एक द्वार बनाया। परंतु बाद में गेट पर अपना नाम लिखवा कर स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया। उनके अपमान को सम्मान दिलाने के लिए उसी जगह पर अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी बिफई राम भगत जी के नाम तोरण द्वार बना रहे हैं। आने वाले समय में और कई द्वार बनाकर स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में इस प्रखंड के धरोहर को सम्मान देने का काम करेंगे। मौके पर बिफई राम भगत के वंशज जवाहर राम ने कहा कि गेट का शिलान्यास होने से बहुत खुशी हुई। पहले भी हुआ था परंतु नाम नहीं लग पाया था। मौके पर बिफई राम भगत के वंशज बिजेंद्र वर्मा, पप्पू वर्मा, राजा वर्मा, कामेश यादव, संजय सोनी, सुनील कुशवाहा, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद, अजय पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।



नीलांबर पीतांबरपुर में स्वतंत्रता सेनानी के नाम से गेट का शिलान्यास करते विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता

# पार्टी हित में स्व जगनारायण के कार्य भुलाये नहीं जा सकते हैं: बिट्टू पाठक

- कांग्रेसियों ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष जगनारायण पाठक की मनायी पुण्य तिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में पलामू जिला के पूर्व अध्यक्ष पंडित जगनारायण पाठक की 29वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनायी गयी। सर्वप्रथम कांग्रेसजनों ने कांग्रेस भवन के मैदान में स्थित उनके प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंडित जगनारायण पाठक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर लंबे समय तक रहे। पार्टी की सेवा की पार्टी हित में उनके योगदान को कभी भुला नहीं जा सकता। उनके नेतृत्व में पलामू में कांग्रेस का संगठन काफी मजबूत था। वे पलामू कांग्रेस में भीष्म पितामह के नाम से जाने जाते थे। उनके कार्य अद्भुत थे। वे बेहतरीन संगठनकर्ता के रूप में अपना अमिट छाप छोड़ा था। जब भी वरिष्ठ कांग्रेसजनों से उनके काम करने के तरीका के बारे में जब सुनते हैं तो एक नया ही ऊर्जा हम सभी लोगों को मिलता है। स्व जगनारायण हमेशा पलामू कांग्रेस जन के प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। पंडित जगनारायण पाठक का कांग्रेस पार्टी के हित में योगदान अविस्मरणीय है। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के बेहद करीबी माने जाने वाले स्व जगनारायण की जीवन से हम सबको सीखने की जरूरत है। मौके पर उनके पुत्र आलोक पाठक, पुत्र बहू डॉ प्रमिला पाठक, अनीश पाठक, विश्व ट्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, अरविंद पासवान, ईश्वरी प्रसाद सिंह आदि भी थे।



जगनारायण पाठक की 29वीं पुण्यतिथि मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# पाल्हे, नौडीहा, हिसरा, बरवाडीह पंचायत के विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण

- साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को स्कूल में आने में होगा सहूलियत : विधायक पुष्पा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्लस टू उच्च विद्यालय में कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली साइकिल 217 छात्र छात्राओं के बीच बांटा गया। पाटन के पाल्हे, नवडीहा, हिसरा बरवाडीह पंचायत के छात्र छात्राओं को साइकिल दी गयी। साइकिल वितरण पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने किया। मौके पर पाटन प्लस टू उच्च विद्यालय में विधायक पुष्पा देवी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन जिला परिषद सदस्य ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। कहा कि सभी लोग अपने घरों के पास व आसपास जगहों में एक-एक पौधा लगायें। मौके पर पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, मुखिया सुमति देवी, भाजपा मंडल युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पाटन झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह, पाटन बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय आदि भी थे।



# अनुमंडलीय अस्पताल से जनसंख्या नियंत्रण पर जागरूकता रैली निकली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में सभी चिकित्सा कर्मियों एवं सहियाओं सहिया साथी बी टी टी के द्वारा जागरूकता अभियान के लिए प्रभात फेरी निकला गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि अनुमंडलीय अस्पताल के परिसर में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का विधिवत उद्घाटन समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसमें पूरे पखवाड़ा आमलोगों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों, यथा कंडोम, माला एन, ओ सी पी, अंतरा इंजेक्शन के उपयोग एवं इसके लाभों के बारे में बताया जायेगा। प्रभात फेरी में बिभूति गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, राजीव रंजन, प्रखंड लेखा प्रबंधक, रंजीत मेहता, प्रखंड डाटा प्रबंधक के अलावा गोपी रमन सिंह, बी टी टी, रिंकू देवी, संगीता देवी, सीमा सिंह, सोनी देवी, गीता मिश्रा भी थे।




### गर्मी से पाटन +2 विद्यालय की छात्रा बेहोश



**पाटन पलामू।** पाटन प्लस टू उच्च विद्यालय की बारहवीं की छात्रा गीतांजलि कुमारी ग्राम धंगरडीहा अचानक विद्यालय में गर्मी के कारण बेहोश हो गयी। इसे देख आनन-फानन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार एवं अन्य शिक्षकों ने उसे पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने छात्रा का ईलाज किया। समाचार के अनुसार पाटन प्लस टू उच्च विद्यालय में साईकिल का वितरण किया जा रहा था। जहां पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे इसी क्रम में अत्यधिक गर्मी के कारण गीतांजलि कुमारी बेहोश हो गयी।

### पंचायत सचिवालय में दी फाइलेरिया की जानकारी



**हुसैनाबाद पलामू।** ग्राम पंचायत पथरा सचिवालय में एमडीए ग्राम पंचायत कन्वेंशन कमेटी की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने की। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के टीम ने उपस्थित लोगों व पंचायत की जनता को कई अहम जानकारी दी। मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि यह कार्यक्रम फाइलेरिया से आप सब को मुक्ति दिलाने के लिए की जा रही हैं जिसमे आपकी भागीदारी अहम होनी चाहिए। हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना होगा। मौके पिरामल फाउंडेशन के अनिल कुमार गुप्ता, विजय पाण्डे, प्रहलाद सिंह, विनोद पासवान, सुनील कुमार मौजूद थे।

# पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस पर समारोह आयोजित

- बंध्याकरण कराने के लिए महिलाओं को प्रेरित करें सहिया : चिकित्सा पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस समारोह आयोजित किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी श्रवण मेहता ने किया। विश्व जनसंख्या दिवस पर पाटन प्रखंड के सभी स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे। इसका संचालन राज्य प्रशिक्षक पलामू वीरेंद्र पासवान ने किया। मौके पर पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी श्रवण मेहता ने जनसंख्या के नियंत्रण पर प्रकाश डाला तथा स्वास्थ्य सहिया को बंध्याकरण करवाने के लिए महिलाओं को प्रेरित करने को कहा।



### जनसंख्या दिवस पर लगा स्वास्थ्य मेला

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत्त उद्घाटन डीपी केशरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया और वहीं 11 महिलाओं का महिला बंध्याकरण किया गया एवं 200 लोग के बीच कंडोम और 40 महिलाओं को छाया दिया गया। इस दौरान पर डॉक्टर डीपी केशरी ने कहा कि प्रत्येक दंपती को छोटा परिवार रखने का प्रयास करना चाहिए। ताकि, अपने बच्चों का सही से देखभाल हो सके।

# सदस्यों के अनुसार कंपनी ने नहीं किया बीज वितरण

- गबीज नहीं मिलने से नाराज है एफपीओ के किसान सदस्य : अशोक चौरसिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड अंतर्गत महुगांवा पंचायत में बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का अध्यक्ष अशोक चौरसिया सचिव ब्रजेश पांडे ने एफपीओ के माध्यम से किसानों के बीच पचास प्रतिशत मुफ्त पर बीज का वितरण कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सरकार एफपीओ को आत्मनिर्भर बनाने का काम जरूर किया है लेकिन कंपनी एफपीओ को रशातल में भेज रही हैं। एफपीओ का अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कहा कि किसानों के मांग के अनुसार बीज का पैसा कंपनी को एडवांस के रूप में दे दिया गया लेकिन समय पर कंपनी पैसा के अनुसार बीज नहीं दी।



### राजद जिलाध्यक्ष को बिना कारण बताये पार्टी से निलंबित करना एक साजिश है : लव विश्वकर्मा



**पांडू पलामू।** पांडू विश्वकर्मा समाज के जिला महासचिव लव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय यादव ने विश्वकर्मा समाज को टारगेट कर जिला के राजद अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा को बिना कारण जाने पार्टी से निलंबित किया जाना यह एक साजिश है। यह कार्रवाई समाज को कमजोर समझ कर किया गया है। यदि कोई शिकायत थी तो कारण जानकर ऐसा करना चाहिए। विश्वकर्मा समाज इसका निंदा करता हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जाति जन्म से ही हुनरवान होते हैं और अपना स्वाभिमान बेच कर काम नही करते हैं। जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा पार्टी के हित में दिन रात काम किया है।

# विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुरू हुआ परिवार नियोजन पखवाड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी 11 जुलाई से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़ा का विधिवत उद्घाटन विश्रामपुर स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ मनोज थामस, डा अरविंद कुमार, बीपीएम पंकज पाण्डेय, बिनोद तिवारी संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पहले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रथ रवाना की और जन जागरूकता के लिए जागरूकता रैली निकाली गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन का स्थायी और अस्थाई दोनो साधन उपलब्ध रहेगा। परिवार नियोजन हेतु कई प्रकार के अस्थायी साधन हैं, जो जरूरतमंदों को निःशुल्क दिया जा रहा है जिसमें माला एन, कंडोम, छाया की गोली और अंतरा सुई सहित अन्य अस्थाई साधन शामिल हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें। कार्यक्रम का संचालन मिथलेश दुबे ने की। मौके पर बीडीएम रवि कुमार संतोष कुमार, पंकज कुमार, कर्मचंद कुमार, एएनएम रानी कुमारी, पूर्णिमा रानी, ललिता कुमारी, रीना कुमारी, राजेंद्र सोनी, इसरार हवारी, अनिल पासवान, राजन कुमार, प्रभु कुमार, संजय ठाकुर सहित प्रखंड प्रशिक्षक दल, सहिया सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।






दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते और वाहन को रवाना करते पदाधिकारी।

### सुआ मुखिया ने भुसही में पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# सुआ पंचायत का सर्वांगीण विकास करना ही प्राथमिकता है: दुलारी देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ पंचायत के ग्राम भुसही में सुआ मुखिया दुलारी देवी ने अपने मद से पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। प्रदीप चौधरी के घर से इस्लामी बीबी के घर तक 260 फीट पथ निर्माण किया जायेगा। पथ निर्माण की लागत दो लाख 49 हजार रूपये है। मौके पर सुआ मुखिया ने कहा कि क्षेत्र भम्रण के दौरान ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि पथ जर्जर है। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए आज पथ निर्माण का शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि सुआ पंचायत का सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर पथ किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होता है। पथ निर्माण से लोगों का आवागमन सुलभ होगा। कहा कि सुआ पंचायत में सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को भी मिल रहा है। कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य समेत सभी मुलभूत सुविधा हर हाल में उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर वार्ड सदस्य इस्लामी बीबी, ललन चौधरी, प्रदीप चौधरी, लाला चौधरी, सिराजुल मियां, मनोज, इस्तेयाक, अजय सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।



योजना की शुरुआत करतीं मुखिया व अन्य।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
12.07.2024
नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 02



15 टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं आमिर खान

# अग्निवीरों को बीएसएफ, सीआइएसएफ में मिलेगा आरक्षण

## मोदी सरकार की बड़ी घोषणा, आयु सीमा और फिजिकल टेस्ट में भी छूट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व अग्निवीरों के लिए बड़ी घोषणा की है। सीआईएसएफ और बीएसएफ में 10 फीसदी सीटें उनके लिए आरक्षित रहेंगी। गुरुवार को सीआइएसएफ और बीएसएफ के प्रमुखों ने गुरुवार को इसका एलान किया। इसके अलावा आयु सीमा और शारीरिक परीक्षण (फिजिकल टेस्ट) में भी छूट का प्रावधान किया जायेगा। आयु में पहले वर्ष में पांच साल के लिए है और अगले वर्ष में तीन साल की छूट होगी।



सीआइएसएफ महानिदेशक नीना सिंह ने कहा, 'केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके तहत सीआइएसएफ भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के फैसले के अनुरूप संबंधित बलों में कांस्टेबलों के 10 फीसदी पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगे।

### बीएसएफ में भी आरक्षण

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, अग्निवीरों को चार साल का अनुभव मिला है। वे पूरी तरह से अनुशासित और प्रशिक्षित कर्मी हैं। यह बीएसएफ के लिए बहुत अच्छा है क्योंकि हमें प्रशिक्षित सैनिक मिल रहे हैं। संक्षिप्त प्रशिक्षण के बाद, उन्हें सीमा पर तैनात किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व अग्निवीरों की भर्ती से सभी सुरक्षा बलों को फायदा होगा।

(शेष पेज 13 पर)

### आयु सीमा में छूट

उन्होंने कहा कि भविष्य में कांस्टेबलों की सभी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित की जायेंगी। साथ ही शारीरिक परीक्षणों में भी उन्हें उम्र में छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में आयु में छूट पांच साल के लिए है और अगले वर्ष में आयु में तीन साल की छूट होगी। सीआईएसएफ प्रमुख ने कहा, 'पूर्व अग्निवीर इसका लाभ उठा सकेंगे और सीआइएसएफ यह सुनिश्चित करेगा। यह सीआईएसएफ के लिए भी फायदेमंद होगा, क्योंकि बल को प्रशिक्षित और अनुशासित कर्मी मिलेंगे।

### विपक्षी दलों ने उठाये थे सवाल

कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल इस योजना को लेकर सरकार पर निशाना साध रहे हैं कि चार साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों का क्या होगा, क्योंकि कुल भर्तियों में से केवल 25 प्रतिशत को ही 15 वर्षों के लिए बरकरार रखा जायेगा। इधर, विभिन्न केंद्रीय सरकारी एजेंसियों और विभागों ने पहले ही पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की योजना की घोषणा कर दी है।

---

### न्यूज डायरी

#### गर्मी से राहत, आज व कल भारी बारिश संभव

**रांची।** राज्य में गुरुवार को हुई झमाझम बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं सूखे खेतों और जमीन में नमी आयी है। कई दिनों से जारी गर्मी से सभी बेहाल थे। रांची सहित चतरा, गुमला, देवघर, लातेहार, रामगढ़, साहिबगंज, गोड्डा में बारिश हुई। इस दौरान कई इलाकों में गर्जन के साथ वज्रपात भी हुआ। रांची मौसम विभाग के के अनुसार 12 को देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज में भारी बारिश संभव है। कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। वहीं 13 को रांची समेत रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह और धनबाद में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

#### मेनहर्ट घोटाले में सरयू राय ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**रांची।** मेनहर्ट घोटाला को लेकर विधायक सरयू राय ने गुरुवार को रांची के डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में विस्तारपूर्वक तथ्यों को देते हुए सरयू राय ने डोरंडा थाना प्रभारी से आग्रह किया कि हाई कोर्ट के आदेशानुसार इसकी जांच शीघ्र की जाये। दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाये। डोरंडा थाना प्रभारी ने बताया कि विधायक की ओर से आवेदन दिया गया है। एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

#### पेड़ से टकराई कार तीन की मौत

**दुमका।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव के समीप गुरुवार की अहले सुबह पेड़ से कार के टकरा जाने के कारण गाड़ी मालिक सह पत्थर खदान प्रबंधक अभिषेक मोदी (22) समेत दो की मौत हो गयी। शहर के दुधानी में बाइक की टक्कर से 49 के फिरोज अंसारी और रामगढ़ के महुबना में सड़क दुर्घटना में घायल सुभाष हांसदा की मौत हो गई। नाराज लोगों ने दस लाख की मांग को लेकर एक घंटे के लिए दुधानी टावर चौक जाम कर दिया।

#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67400 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 93000 | रु./प्रति किलो |




---

## सीएम ने विभिन्न इलाकों से आये लोगों की सुनी समस्याएं, कहा

# जन समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की प्राथमिकता



### आज 1500 युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

सीएम श्री सोरेन शुक्रवार को स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के अनुशंसित सात विषयों हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित एवं इतिहास विषय के सफल अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में यह कार्यक्रम 12:30 बजे से होगा। सीएमओ की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम विशिष्ट अतिथि होंगे। विभागीय अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान करना झारखंड सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्ष में उनकी सरकार गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचकर जन समस्याओं को सुलझाने के प्रयास किया है। उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण नीतियां बनायी है। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वकांक्षी जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। इन सभी प्रभावी नीतियों तथा योजनाओं का सीधा लाभ आम जनमानस को मिला है। सीएम ने गुरुवार को कांके रोड स्थित अपने आवास पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों की शिकायतें, समस्याएं सुनी और शीघर समाधान का भरोसा दिया। राज्य के कई इलाकों से आये लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी शिकायतों तथा समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने स्वयं एक-एक लोगों से उनके आवेदन पत्रों को लिया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का यथोचित एवं त्वरित समाधान किये जाने का भरोसा दिया। मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

(शेष पेज 13 पर)

---

## भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने राज्य अफसरों संग की बैठक

# झारखंड में भी तीन राज्यों के साथ चुनाव कराने पर मंथन

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची/रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने गुरुवार को मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार तथा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में इस महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ झारखंड में भी विधानसभा चुनाव संभव हो सकता है या नहीं, इस पर भी मंथन किया। भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा एव नितेश व्यास समेत वरीय पदाधिकारियों ने झारखंड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोक सभा निर्वाचन संपन्न कराने पर देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की ओर से झारखंड के सीईओ एवं पूरे राज्य की निर्वाचन टीम को बधाई दी।

बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा अपने जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम संवंधी गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति का पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया।

(शेष पेज 13 पर)

---

# मास्टर माइंड रॉकी अब खोलेगा राज

## रांची में चलाता था होटल, 10 दिनों की सीबीआई हिरासत में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना, रांची।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। सीबीआइ ने झारखंड से मास्टर माइंड राकेश रंजन (रॉकी) को गिरफ्तार किया है। रॉकी को पटना में सीबीआई की अदालत के सामने पेश किया गया। फिर उसे 10 दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया है। अब रॉकी की गिरफ्तारी से कई गुप्त राज पर से पर्दा हट सकता है। पटना और कोलकाता में उससे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के बाद आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। रॉकी रांची में होटल चलाता है और संजीव मुखिया का भांजा है। पेपर लीक होने के बाद उसे हल करने के लिए रॉकी ने ही

**नीट पेपर लीक मामला**




सॉल्वर्स का जुगाड़ किया था। अमन सिंह और रॉकी की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई को अब नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया उर्फ लूटन की तलाश है। रॉकी को रिमांड पर लेने के बाद सीबीआई की टीम अब संजीव मुखिया की लोकेशन को लेकर पूछताछ करेगी। सूत्रों के मुताबिक, रॉकी दरअसल संजीव मुखिया का बड़ा राजदार भी है। रांची और पटना के एमबीबीएस छात्रों का सॉल्वर्स के तौर पर इस्तेमाल किया गया था। इस मामले में सीबीआई ने पटना और कोलकाता समेत चार जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई ने रॉकी को उसके आईपी एड्रेस और ईमेल एड्रेस के जरिए ट्रेस करने के लिए उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया। रॉकी ने नीट पेपर लीक के बाद उसका जवाब तैयार करने के लिए सॉल्वर्स का जुगाड़ किया था। वह झारखंड में संजीव मुखिया गिरोह का खास एसेट है। सीबीआई को यह सफलता अमन सिंह की गिरफ्तारी के बाद मिली है। सीबीआई ने अमन को झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार किया गया था। अमन सिंह, पेपर लीक कांड में रॉकी का बेहद खास बताया गया है।

---

# युवाओं की बल्ले-बल्ले, सरकार का मुख्य एजेंडा रोजगार

## बजट से पहले विशेषक्षों संग बैठक में पीएम का बड़ा संकेत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए टॉप अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य शामिल हुए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी बैठक में मौजूद रहीं। बैठक के दौरान विकसित भारत, पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) और रोजगार पैदा करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में जाने-माने अर्थशास्त्रियों के अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में 2024-25 के बजट को पेश करने वाली हैं। खबरों के मुताबिक, इस बार बजट में सरकार का फोकस रोजगार सृजन पर ज्यादा होगा। पीएम ने भी रोजगार पैदा करने के साथ-साथ विकसित भारत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों में सुरजीत भल्ला,



एके भट्टाचार्य, प्रोफेसर अशोक गुलाटी, गौरव बल्लाभ, अमिता बत्रा, महेन्द्र देव और के वी कामथ आदि शामिल थे।

**महंगाई रोकने व लोगो को राहत देने की सलाह**

कई विशेषज्ञों ने सरकार से आम आदमी को टैक्स में राहत देने की मांग की है ताकि लोग ज्यादा खर्च कर सकें। साथ ही उन्होंने महंगाई को कम करने और अर्थव्यवस्था की गति को बढ़ाने के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया है। बता दें कि 2023-24 में अर्थव्यवस्था की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही थी। लोकसभा चुनावों के चलते, सीतारमण फरवरी में पहले ही 2024-25 के लिए एक अंतरिम बजट पेश कर चुकी हैं। कई विशेषज्ञों ने सरकार से उपभोग को बढ़ावा देने के लिए आम आदमी को कर में राहत देने और मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया है। बैठक में वित्त मंत्री सीतारमण, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन और योजना मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन और अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, अशोक गुलाटी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**पहला बड़ा आर्थिक दस्तावेज होगा :** यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल (मोदी 3.0) का पहला बड़ा आर्थिक दस्तावेज होगा।

(शेष पेज 13 पर)

---

JSCB

झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि०
प्रधान कार्यालय शहीद चौक, मेन रोड राँची – 834001.
E-mail - mdjscb@gmail.com | Ph. No. 0651-2225001

दैनिक समाचार पत्र "खबर मंत्र" के स्थापना दिवस के अवसर पर
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० की ओर से हार्दिक शुभकामनाऐं एवं ढेरो सारी बधाईयाँ।।

बड़े हर्ष के साथ कहना है कि दैनिक समाचार पत्र खबर मंत्र ने 11 जुलाई, 2024 को अपने उत्कृष्ट समाचार एवं सारगर्भित लेखनी के माध्यम से निष्पक्ष पत्रकारिता का मुकाम हासिल करते हुए सफलतम ग्यारह साल पूरा कर रहा है। समाचार पत्र में विशेषकर झारखंड की सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित श्रृंखला प्रेरणादायी है।

मैं विगत एक वर्ष से झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० के अध्यक्ष पद पर कार्य करते हुए बैंक की चहुँमुखी विकास के लिए प्रयासरत हूँ। बैंक के विकास में मिडिया का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है, जिसमें विशेषकर झारखण्ड के समितियों (लैम्पस/पैक्स/विशेष प्रकार की समितियों) को वित्तीय क्षेत्र में तकनीकी रूप से जागरूकता का प्रसार किया है। मेरे कार्यकाल में बैंक के आधारभूत संरचनाओं के साथ-साथ झारखण्ड सरकार से समन्वय स्थापित कर बैंकिंग विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल किया गया है, जो निम्नलिखित है:–




- बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–2024 में 69 करोड़ रूपये शुद्ध लाभ अर्जित की गयी है, जो सहकारी बैंक के इतिहास में अभूतपूर्व परिणाम एवं प्रगति है।
- बैंक द्वारा झारखण्ड सरकार से विशेष माँग के परिप्रेक्ष्य में कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर के.सी.सी. ऋण प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गयी ।
- बैंक के निदेशक पर्षद द्वारा गत वित्तीय वर्ष में लैम्पस/पैक्स के सदस्यों को 100.00 करोड़ के.सी.सी. ऋण वितरीत करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।
- महज 01 वर्ष के कार्यकाल में बैंक का शुद्ध एन०पी०ए० 3.01% से घटकर मात्र 1.97% रह गया है, जो बैंक को बैंकिंग मानक श्रेणी की ओर अग्रसर करता है।
- झारखण्ड राज्य के सभी लैम्पस/पैक्स को झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि० से शत प्रतिशत संबद्धता का लक्ष्य पूरा किया गया।
- बैंक सेवी के माध्यम से सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएँ प्रदान की जा रही है।
- झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० के.सी.सी. ऋण अंतर्गत ब्याज अनुदान हेतु झारखंड सरकार के नोडल बैंक के रूप में कार्यरत है।
- वित्तीय वर्ष 2022–23 में स्वयं सहायता समूह को बैंकिंग लिंकेज से जोड़ा गया, जिसके परिणामस्वरूप महिलायें आत्म निर्भर बन सकी। इस अदभूत प्रदर्शन के कारण केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- बैंक कार्मिकों को स्वास्थ्य बीमा एवं टर्म बीमा के लाभ से आच्छादित किया गया है।
- बैंक के सहयोग से लैम्पस/पैक्स का कम्प्यूटरीकरण कार्य प्रारंभ है।
- झारखण्ड राज्य के समितियों को प्रशिक्षण देने हेतु "सहकारिता प्रशिक्षण संस्थान" प्रारंभ करने के लिए झारखण्ड सरकार से MOU किया जा रहा है।
- सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवा प्रदान करने हेतु नाबार्ड के द्वारा 05 ए.टी.एम. वेन की स्वीकृति दी गयी है।
- झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि० के द्वारा बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए हमारी बिटिया समृद्धि योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसमें आकर्षक ब्याज दर का प्रावधान है। इस योजना का लक्ष्य है बैंक का प्रयास बिटियाँ का विकास।
- बैंक के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के उज्जवल भविष्य के लिए बैंक द्वारा वरिष्ठ नागरिक बचत योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसमें अन्य वाणिज्यक बैंको से ज्यादा ब्याज दर दिया जा रहा है।
- झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि0 वर्तमान में ग्राहकों को वाणिज्यिक बैंकों की भांति सभी प्रकार की सेवाएँ सुदूरवर्ती क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों तक सफलतापूर्वक प्रदान कर रही है। झारखंड राज्य सहकारी बैंक द्वारा ग्राहको को बचत खाता (SB Account) चालू खाता, आवर्ती जमा खाता (RD Account) सरकारी सेवकों के लिए वेतन खाता, सावधि जमा खाता, ATM सुविधा, माईक्रो ATM, RTGS/NEFT, CTS/AEPS/APBS, PFMS, ECS, लॉकर सुविधा के अतिरिक्त वेतन भोगियों के लिए व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, अधिविकर्ष ऋण आदि के साथ-साथ व्यवसायियों हेतु सभी प्रकार के व्यावसायिक ऋण एवं कृषकों के लिए के.सी.सी./एफ.सी.सी./डेयरी ऋण की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

उपांकित बिन्दूओं के अतिरिक्त झारखंड राज्य सहकारी बैंक को अनूसूचित बैंक की श्रेणी में लाने हेतु महत्वपूर्ण बैंकिंग मामलो पर सकारात्मक निर्णय लिया जा रहा है। साथ ही झारखंड राज्य के प्रत्येक प्रखंड में बैंक की शाखाऐं खोलने एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 में किसानों को 200.00 करोड़ के०सी०सी० ऋण वितरण करने का लक्ष्य तथा लैम्पस/पैक्स के सदस्यों को बैंकिंग गतिविधियों के माध्यम से रोजगार मुहैया कराना एवं बैंक में रिक्त पदों पर अविलंब नियुक्ति करना हमारा सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।

अंततः हमारा प्रयास यह है कि सहकारिता के माध्यम से बैंकिंग विकास संभव हो और इसका लाभ बैंक से जुड़े प्रत्येक लैम्पस/पैक्स के सदस्यों को ससमय प्राप्त हो सके।

पुनः समाचार पत्र "खबर मंत्र" को अशेष मंगलकामनाएँ ..................

श्रीमती बिभा सिंह,
अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि०

पत्रांक सं: 980/रांची
दिनांक: 10/07/2024

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

शुक्रवार 12.07.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 83

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## मुहर्रम को लेकर सदर शांति समिति की बैठक

**धनबाद।** बुधवार को धनबाद के सदर थाना में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर ने बताया की मुहर्रम को लेकर बैठक की गई। जिसमे सभी को यह बताया गया की शांति तरीके से मुहर्रम का पर्व हैए उसे मनाया जाय। तथा शांति समिति में आए लोगो ने कहा की कुछ जगहों पर पेट्रोलिंग नही हो रही है। इसपर थाना प्रभारी ने उन्हे आश्वासन दिया। शांति समिति की बैठक में 50 लोग उपस्थित हुए।

## सड़क हादसे में मृतक की पत्नी को मिला डालसा का सहारा

**धनबाद।** सड़क दुर्घटना में मृत पति के मुआवजा के लिए दर.दर भटक रही महिला को आज डालसा का सहारा मिला । दो छोटे.छोटे बच्चों की मां रूबी देवी के पति की मौत वर्ष 22 मे गोविंदपुर रोड में हो गई थी मौत के बाद से ही उसकी पत्नी रूबी देवी छोटे बच्चों को लेकर सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाते थक गई थी एपरंतु उसे मुआवजा नहीं मिला था। गुरुवार को पारा लीगल वालंटियर चंदन कुमार से रूबी ने अपनी मुसीबते बताई। चंदन ने मामले को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सामने रखा । न्यायाधीश राकेश रोशन ने अविलंब कार्रवाई करते हुए जिला ट्रांसपोर्ट पदाधिकारी को हिट एंड रन के तहत मुआवजा दिलवाने का निर्देश दिया । वहीं रूबी के बच्चों के मुआवजा के लिए बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देश दिया है।

## माल वाहक वाहन पुल से गिरा, पांच घायल

**कतरास।** रामकनाली ओपी अंतर्गत कुम्हार टोला स्थित पुल से गुरुवार की दोपहर एक छोटा माल वाहक गाड़ी के पुल से नीचे गिर जाने से उसपर सवार पांच लोग घायल हो गएण जिन्हें ईलाज के लिए कतरास के एक निजी क्लिनिक में ले जाया गया जहाँ इनमें से एक व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए उसे धनबाद भेज दिया गयाण सभी घायल पासी टांड के रहने वाले बताए जाते हैं।

## चलती बाइक से पत्नी गिरी, मौत

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका 50 वर्षीय लोचनि देवी गुरुवार को अपने पति के साथ बाइक से हजारीबाग के बरही से बगोदर आ रही थी। इसी क्रम में बगोदर के पास ही वह बाइक से नीचे गिर गई। इस दौरान हैरानी की बात यह रही की पति के साथ बाइक में होने के बाद भी उसके गिरने की भनक पति को नही हुई। कुछ दूर जाने के बाद जब पति ने देखा कि पत्नी है नहीं तो उसने खोजना शुरू किया और वापस लौटाए तो पत्नी को सड़क पर पाया। जहां लोगो की भीड़ जुटी हुई थी।

### प्रतिबिंब पोर्टल के जरिये पुलिस को मिली सफलता, मोबाईल, एटीएम, पैनकार्ड बरामद

# गिरिडीह में 6 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**जामताड़ा के बाद गिरिडीह को अपराध का केंद्र बनाये हैं साइबर अपराधी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** यूं तो सायबर अपराधियों का गढ़ झारखंड के जामताड़ा को माना जाता है लेकिन गिरिडीह जिले में हो रही दनादन गिरफ्तारियों से यह उजागर होने लगा कि सायबर क्रिमिनल गिरिडीह को अपना केंद्र बनाने में जुट हरकतों को अंजाम दे रहे थे। इसी क्रम में गिरिडीह पुलिस की साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी हैण साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रतिबिंब पोर्टल कारगार साबित हुआ है।पुलिस ने एक बार फिर छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की गिरिडीह के बगोदर एवं बेंगाबाद थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहें है। इसी सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमारए पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमारए पुनीत कुमार गौतमए सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द्र कुमारए आरक्षी जितेन्द्र नाथ महतोए दामोदर प्रसाद मेहता को शामिल करते हुए छापेमारी किया गया और 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में गिरिडीह सरिया नगरकेश्वारी का रहने वाला 29 वर्षीय मितलाल मंडलए बगोदर अटका का 24 वर्षीय चंदन कुमारए जमुआ चुंगलो का 26 वर्षीय बिरेन्द्र कुमार मंडलए बेंगाबाद महदैया का 28 वर्षीय पंकज कुमार मंडलए गांडेय महजोरी का 30 वर्षीय अब्दुल क्युमए गांडेय बरमसिया का 19 वर्षीय कमरूद्दीन अंसारी शामिल है। जबकि बेंगाबाद महदैया का 28 वर्षीय पंकज कुमार मंडल का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और साइबर कांड में पहले भी जेल जा चुका है। इनके पास से पुलिस ने 12 मोबाइलए 01 एटीएम कार्डए 01 पैन कार्डए 11 सिमकार्डए 01 आधार कार्ड बरामद किया है।

**लड़की उपलब्ध कराने की बात कह देता था झांसा**

गिरफ्तार आरोपियों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये स्डुको एप स्कोक एप ओहडूओ एप के माध्यम से लड़की से न्यूड वीडियो कॉलिंग करवाने एवं लड़की उपलब्ध कराने का झांसा देकर लिंक भेज कर पैसा ठगी करते थेए गर्भवती महिलाओं के मोबाइल पर कॉल कर उन्हें मातृत्व राशि का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करना और राशन कार्ड विभाग का स्टाफ बनकर लोगों से एयरटेल पेमेंट एप का ओटीपी मांग कर ठगी करते थे। बता दें कि बीते 10 माह में पुलिस ने 254 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है और 14 लाख 56 हजार 310 रुपए बरामद कर चुकी है।

## चिरकुंडा में सफाई कर्मियों से मारपीट, ठेका कंपनी पर आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा नगर परिषद में कचरा उठाव कर रही पायनियर कंपनी के मालिक रोहन कौशिक एवं दो अन्य आदमी के खिलाफ चिरकुंडा थाना में मारपीट और गाली गलौज करने को लेकर गुरुवार की सुबह सफाई कर्मियों ने चिरकुंडा थाना में पहुंचकर लिखित शिकायत दी है। चिरकुंडा पुलिस पायनियर कंपनी के मालिक को थाना में बुलाकर पूछताछ कर रही है। वहीं सफाई कर्मियों ने बताया कि गुरुवार की सुबह रोहन कौशिक एवं उसके साथ दो आदमी सुंदर नगर पहुंचे और आते के साथ हम लोगों के साथ मारपीट एवं गाली गलौज करने लगे और हम लोगों को दौड़ा दौड़ा कर पीटने लगा। वे लोग दबंग किस्म के लोग हैं पहले भी छोटू नाम व्यक्ति के साथ मारपीट कर चुका है। वही नगर परिषद चिरकुंडा के अधीन काम कर रही कंपनी पायनियर के सफाई कर्मी चिरकुंडा थाना पहुंचकर धरना पर बैठ गए और कंपनी के मलिक रोहन कौशिक की गाड़ी की जांच की मांग कर रहे थे। वही मौके पर डीएसपी रजत माणीक बाखला व कुमार धुबीएगलफरबाडीएपंचेत के थाना प्रभारी मोजूद थे

## अतिक्रमण के खिलाफ अभय सुंदरी स्कूल से धनबाद अंचल कार्यालय तक चला अभियान

**25 साल से चल रही थी सभी दुकाने**

**20 से अधिक स्थायी दुकानों को किया ध्वस्त**



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। शहर के हीरापुर में सड़क किनारे सरकारी जमीन को अतिक्रमण कर बनाई गई स्थाई दुकानों पर गुरूवार को एक बार फिर नगर निगम का बुलडोजर चला। 20 से अधिक दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। निगम के इस अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना की। वहीं अभियान का नेतृत्व कर रहे निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के आदेश पर आज अभय सुंदरी स्कूल से धनबाद अंचल कार्यालय तक स्थाई दुकानों को सड़क किनारे से हटाया गया है। यहां पर बाईक रिपेरिंगए चाउमीनए किताबए फलए पान.गुटखाए चाय.नास्ता आदि की दुकाने थीए जो पिछले 25 सालों से स्थायी रूप से संचालित की जा रही थी। एक किताब दुकान में तो सीमेंट का चबुतरा भी बना लिया गया थाए जिसे तोड़ दिया गया। वहीं एक दुकान में शराब की बोतल भी मिली है। बताया जाता है कि रात में यहां असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। इससे राहगीरों को परेशानी होती थी। वहीं अधिकांश दुकानों में स्थायी रूप से बिजली का मीटर भी मिला है। इसकी जांच की जा रही है। कुछ दुकानें बंद मिलीए इसलिए उसे छोड़ दिया गया हैए ऐसे दुकानदारों को एक दिन की मोहलत दी गई है। यदि दुकान नहीं हटाया तो उसे जप्त कर लिया जायेगा। ज्ञात हो कि निगम ने दो दिन पूर्व भी यहां अभियान चलाया थाएदुकानदारों को मोहलत दी गई थी। उसके बाद भी किसी ने दुकान नहीं हटाया था। उसके बाद निगम ने आज दुबारा कार्यवाई की है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण को हटाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं अतिक्रमण करने वालों को कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## रनिंग रूम में अब लोको पायलेट को मिलती है बेहतर सुविधाएं

**धनबाद।** रेलवे के रनिंग रूम पर उठ रहे सवालों को लेकर गुरूवार को रेल अधिकारियों ने पत्रकारों को धनबाद रेल मंडल मुख्यालय में बने रनिंग रूम का विजिट कराया। रनिंग रूम की कार्यप्रणाली और लोको पायलट ड्यूटी से अवगत कराया गया। सीनियर डीसीएम सह पीआरओ अमरेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2014 से अबजी तक रनिंग रूम में कई बदलाव आए है। लोको पायलेट की आठ घंटे की ड्यूटी के बाद रनिंग रूम में उनके विश्राम के लिए 558 एसी रूम की व्यवस्था है। फुट मसाज की भी व्यवस्था हैए इसे लेकर गलत अफवाह फैलाया जा रहा है। लोको पायलेटए रेल परिवार के अहम सदस्य हैए उनकी सुरक्षा और सेहत का पूरा ख्याल रखा जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें कुछ गलत चिजे मुहैया करायी जाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद 34 हजार कर्मचारियों की बहाली हुई है। अभी 18 हजार रनिंग स्टॉप की बहाली की प्रक्रिया चल रही है।

## जामताड़ा का विकास मेरी पहली प्राथमिकता

**कार्यकर्ताओं ने विधायक डॉ इरफान अंसारी का किया स्वागत**



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा के विधायक डॉ इरफान अंसारी मंत्री बनने के बाद पहली बार आज अपने क्षेत्र पहुंचे। उनके स्वागत के लिए करमदाहा में सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उनके पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने पटाखे और गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया। डॉक्टर अंसारी ने दुखिया महादेव मंदिर में पहुंचकर माता ठेका उन्होंने कहा कि मैंने इस मंदिर के विकास के लिए 60 लाख रुपए की मंजूरी दी है। और कहीं ना कहीं बाबा का आशीर्वाद मुझ पर था। इसलिए मैं आज मंत्री बन पाया हूं । उन्होंने कहा कि जामताड़ा की जनता का मैं ऋणी रहूंगा। जिस प्रकार से मुझे अपना सेवा करने का मौका दिया और आज मुझे मंत्री पद मिला है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार में एक फिनिशर के रूप में आया हूं ।बहुत जल्द मुझे बहुत सारे काम करना है और मैं माननीय राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उम्मीद पर खरा उतरूंगा। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अधिकारी और पदाधिकारी को कह दिया हूं कि आप लोग मंत्रालय मैं आने वाले लोगों को कपड़े से जज नहीं करना जितनी इज्जत टाई और कोर्ट वाले को देते हैं। उससे कई ज्यादा इज्जत आप लोग फटे पुराने कपड़े पहन के आने वाले को देना है। उन्होंने कहा कि मुझे जात पात से ऊपर उठकर पूरे झारखंड में विकास की गंगा बहानी है। उन्होंने कहा कि जामताड़ा को 11 हजार अबूआ आवास की स्वीकृति मिली थी मैंने उसे 32 हजार करवाने का काम किया है। जामताड़ा का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर बीडीओ मुरली यादव थाना प्रभारी रंजीत कुमार गुप्ता कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्षा दिपिका बेसरा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभु मंडलए प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष बीरबल अंसारी मुस्तफा अंसारी फारुख अंसारी महताब अंसारीए रूपेश यादव राजू दत्ता दीपक मंडल सरफराज अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नीरज सिंह हत्याकांड : पूर्व विधायक संजीव सिंह का आवेदन का खारिज

**धनबाद।** अपने चचेरे भाई नीरज सिंह की हत्या के आरोप में बीते 8 वर्षों से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह के आवेदन पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने आदेश पारित करते हुए आवेदन को खारिज कर दिया है। संजीव सिंह ने आवेदन देकर कांड के सूचक अभिषेक सिंहए एकलव्य सिंहएचश्मदीद निखिलेश सिंह एअनिल सिंह का 21 मार्च 17 का मोबइल टावर लोकेशनए सीडीआर एकंज्यूमर एप्लीकेशन फॉर्म के साथ मोबाइल कंपनी के नोडल अधिकारी को गवाही हेतू बुलाने की गुहार लगाई थी। सुनवाई के दौरान आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया था। 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम चार हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

## पदाधिकारी सुधर जायें नहीं तो होगी कारवाई

**ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री ने कहा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री इरफान अंसारी बुधवार को धनबाद पहुंचे जहा जिला प्रशासन की तरफ से उनका स्वागत किया गया। धनबाद के उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने अपने आवास पर मंत्री को गुलदस्ता देकर स्वागत किया इसके साथ ही गठबंधन के सभी नेताओ ने मंत्री का स्वागत किया। इरफान अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा की गोविंदपुर से साहिबगंज सड़क को फोर लाइन करने के लिए पहल की जा रही है। गांव को शहर से जोड़ने का काम किया जाएगा। वही पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को लेकर कहा की बाबूलाल आजमाए हुए नेता है अब भाजपा को चाहिए की नए फेस को आगे करे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल जी को यहां के लोगो ने नकार दिया है। पांच एसटी सीट पर हमलोग जीते है यहां पर अब एकतरफा राज चलेगा। राहुल गांधी और हेमंत बाबा का राज चलेगा। आने वाले चुनाव में गठबंधन बेहतर प्रदर्शन करेगी। वही ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कहा सारे पदाधिकारी सुधर जाए नही तो करवाई की जायेगी।

### एक नजर में

## भूमि अधिग्रहण को लेकर जनसुनवाई आज

सिंदरी । सेल के टासरा प्रोजेक्ट के विस्थापितों के पुनर्वास के लिए आसनबनी में आवास का निर्माण कराया जाएगा। आसनबनी में भूमि अधिग्रहण के सिलसिले में शुक्रवार को जनसुनवाई तय किया गया है। इस जनसुनवाई में जिला भू.अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलकोए बलियापुर अंचलाधिकारी सुदीप एक्का शामिल होंगे। सेल के कार्यपालक निदेशक अनूप कुमार ने बताया कि आसनबनी में टासरा प्रोजेक्ट के विस्थापितों के लिए लगभग 60 एकड़ भूमि अधिग्रहण की योजना है। जिससे उनके पुनर्वास की व्यवस्था किया जा सके। वहीं आसनबनीए कालीपुर और सरसाकुड़ी के ग्रामीण रैयतों ने सभा कर ऐलान किया है कि रोजगार और मुआवजा मिलने के बाद ही आसनबनी के रैयत सेल प्रबंधन को जमीन देंगे। सेल के महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट के लिए शुक्रवार को आसनबनी में प्रस्तावित जनसुनवाई पर सेल प्रबंधन और ग्रामीण रैयतों की निगाहें है।

## एलायड छड़ फैक्ट्री में लगी आग, लाखों के नुकसान का अनुमान

**गिरिडीह।** गिरिडीह के औद्योगिक क्षेत्र मोहनपुर के इंडियन एलायड छड़ फैक्ट्री के फर्नेस में गुरुवार को आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया।आग लगने के साथ ही सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री मालिक मो0 चांद ने कहा कि फर्नेस के समीप लगे ढाई हजार केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर अचानक तेज आवाज के साथ ब्लास्ट किया।जिस कारण फर्नेस उसकी चपेट में आ गया और आग फैल गया। इस दौरान फैक्ट्री कर्मियो ने पहले किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बाद में फैक्ट्री मालिक ने फायर बिग्रेड को सूचना दी।

## सांसद ढुल्लू महतो नहीं हुए हाजिर

धनबाद। किरण महतो के हाईवा व टीपर लूट और डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई गुरुवार को अदालत में हुई। इस दौरान श्री ढुल्लू हाजिर नहीं थे। धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने गवाह डोमन महतो का बयान दर्ज हुआ । तकनीकी वजह से आज उसकी गवाही पूरी नहीं हो सकी वहीं हाईवा लूट के मामले में गवाह किरण देवी का बयान दर्ज हुआ जिसने घटना के विषय में जानकारी होने से इनकार किया। अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है।

**क्या है आरोप :** किरण महतो की शिकायत पर 15 फरवरी 2020 को केदार यादवए रियाज अंसारी सोनू शर्मा राजू शर्मा एबॉबी खान एवं अमजद खान के विरुद्ध लूटए मारपीट व आर्म्स एक्ट के धाराओं में केस दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 15 फरवरी 20 को उसका 4 हाईवा व टीपर केशरगढ साइडिंग में चल रहा था इसी बीच किरण को सूचना मिली कि ढुल्लू समर्थक उपरोक्त सभी लोग उनके हाईवा मशीन लूट कर ले जा रहे हैं।

# बाहरी-भीतरी की राजनीति करने वालों को सबक सिखायें : ढुल्लू महतो

**झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल**




खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर दरदा स्थित सावित्री पैलेस में भाजपा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता अभिनन्दन सह विजय संकल्प सभा में कोडरमा की विधायक सह पूर्व मंत्री नीरा यादव ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड से भ्रष्ट हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकना है तथा पुन रू एक बार फिर बीजेपी की सरकार बनानी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं से कहा की मेहनत कर 2024 के लोकसभा इस क्षेत्र से विजय दिलाया हैण केंद्र में जिस तरह भाजपा की सरकार बनाया है उसी प्रकार झारखंड में बहुमत वाली एनडीए सरकार का परचम लहराना हैण उन्होंने कहा की झारखंड की वर्तमान सरकार ठगबंधन सरकार हैण इस सरकार ने यहाँ के लोगो को सिर्फ ठगने का काम किया हैण 5 लाख युवाओं को नौकरी देने के नामपर हेमंत सोरेन की सरकार ने यहाँ के युवाओं को सिर्फ ठगा हैण बेरोजगारी भत्ता बताकर आजतक नहीं दियाण पारा शिक्षकों को स्थायी नहीं किया गयाण ग्रीन कार्ड से लोगो को अनाज नहीं मिल रहा हैण 1 लाख लोगो के खाते में देने को झूठा वायदा कियाण झारखंड में शिक्षा की व्यवस्था चौपट हैंण भ्रर्स्टचारियों को यहाँ सरकार का समर्थन मिल रहा है।

**पांच वर्ष में कानून की उड़ी धज्जियां**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो ने कहा की जात पात बाहरी भीतरी के नाम पर राजनीति करने वाले को सबक सिखाने का काम करेंण उन्होंने कहा की 5 साल में झारखंड में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई गईण आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा से प्रत्याशी को जीताकर झारखंड में बीजेपी की सरकार बनाना हैण झारखण्ड से भ्रष्ट हेमंत सोरेन की सरकार को हटाकर बाबूलाल जी को मुख्यमंत्री बनाना हैण कार्यक्रम में गिरिडीह के सांसद सीपी चौधरी ने कहा की आपलोगो की मेहनत के कारण धनबाद व गिरिडीह लोकसभा सीट में विजय श्री मिली है। आपलोगो के सहयोग से दूसरी बार सांसद बनने का मौका मिला। आपने नरेंद्र मोदी जी को पी एम बनायाण श्री चौधरी ने कहा की झारखंड में भ्रष्ट सरकार के कारण कई मंत्री जेल जा चुके हैंण उन्होंने कहा की यहाँ के लोगो को रोजगार देने में सरकार विफल रही हैण उन्होंने कार्यकताओं से झारखंड में फिर से बीजेपी की सरकार बनाने का आह्वान कियाण है। सरकार को उखाड़ फेकने का कार्य करेंण कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद के सांसद के अग्रज सह प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतोए जिला परिषद अध्यक्ष शारदा देवीए धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भाजपा नेता महावीर साहू को दी गयी श्रद्धांजलि



**बरही।** भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री सह बरही के सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू के पिता स्व. महावीर साहू की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, रंजीत चन्द्रवंशी,भगवान केशरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। स्व. महावीर साहू के चित्र पर पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओ ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मनोज यादव ने कहा कि वे प्रारंभ से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में कार्य कर रहे थे। इसके बाद जनसंघ भाजपा में अंतिम समय तक रहे। उन्होंने कहा कि श्री साहू दो बार विधानसभा का चुनाव में लड़े हैं। उन्हें पार्टी ने 20 सूत्री का जिला उपाध्यक्ष भी बनाया। यह संगठन के कई पदों में रहकर अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया। श्रद्धांजलि सभा में मुकुंद साव, मनोज साव, हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, आकाश जायसवाल, मनोज उपाध्याय, संजीव कतरियार, कामेश्वर रविदास, संतोष निषाद, पिंटू जायसवाल, सुबोध केशरी, भुनेश्वर यादव, पप्पू चन्द्रवंशी, भरत पांडेय, मुनेश्वर गुप्ता, सुरेश साव, राजकुमार केशरी, खिरोधर यादव, विजय जायसवाल, प्रमोद सिंह, जीतू ठाकुर, छट्टू राणा सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

### चिंतपूर्णी फैक्ट्री में चार कर्मी झुलसे,दो गंभीर

**चरही।** चिंतपूर्णी स्पंज फैक्ट्री में बुधवार रात करीब दो से ढाई बजे कॉन्ट्रेक्ट वेशिष पर कार्य करने वाले कर्मी बिहार के गया जिले के मंझोलिया निवासी सह क्रेन चालक मुन्ना यादव व जितेंद्र यादव आम दिनों की तरह इंगोड़स प्लांट नंबर 4 पर कार्य करने में लगे हुए थे। इनके साथ दो अन्य लोग भी कार्य कर रहे थे ।कार्य करने के दौरान 4 नंबर के इंगोडस प्लांट के भट्ठी ब्लास्ट हो गया। दोनों लोग आग से झुलस गए। मुन्ना प्रसाद यादव गंभीर रूप से झुलस गया ।दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची के देवकमल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर इलाज किया जा रहा है। मुन्ना की स्थिति गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि रांची के देवकमल अस्पताल में झुलसे हुए दोनों व्यक्तियों से बयान लिया जाएगा। इसके बाद हीं कोई कार्रवाई की जाएगी।

### चरही के घाटो मोड़ पर रोज लगता है जाम

**चरही।** चरही के घाटो मोड़ पर प्रतिदिन दो पहिए और ऑटो से जाम लगी रहती है ।जाम के कारण आने-जाने वाले लोगों को प्रति दिन काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।उपरोक्त वाहन चालकों ने सड़क पर ही अपने वाहन को खड़ी कर होटलों में घुस जाते हैं ।घंटों बाद होटल से निकलकर वाहन से चलते बनते हैं ।इसी सड़क से दर्जनों भारी भरकम वाहन कोयला लोडकर कोलियरी से प्रतिदिन आवागमन करते हैं ।जाम होने के कारण इन्हें भी पार करने में काफी दिक्कतें होती हैं ।अगर लोगों को थोड़ी सी चूक हुई तो घटना के शिकार हो सकते हैं ।जबकि कोलियरी से कोयला लोडकर निकलने वाले हाइवा और ट्रक भी इस रोड से तेज रफ्तार में चलते हैं ।प्रशासन को चाहिए कि इस सड़क को जाम मुक्त रखे ।ताकि लोग ठीक तरह से आवागमन कर सके और घटना घटने से बच सके।

### बहेरा आंगनबाड़ी केंद्र-2 में हुयी चोरी

चरही ।चुरचू प्रखंड के बहेरा में अवस्थित आंगनवाड़ी केंद्र-2 में कई सामग्रियों चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है ।केंद्र की सेविका कंचन देवी ने चरही थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ में लिखित आवेदन दिया है ।उन्होंने बताया कि अन्य दिनों की तरह सोमवार को केंद्र को संचालन के लिए गयी ।तो देखा कि गेट टूटा हुआ है ।तत्काल इसकी जानकारी पंचायत के उपमुखिया शिवचंद मुर्मू,ग्रामीण दीपनारायण महतो,जावेद अली,आरती कुमारी, अशोक पटेल,सहायिका अहिल्या देवी को दिया गया है ।सभी लोग केंद्र पहुंचे ।तो देखे कि आंगनवाड़ी का ताला टूटा हुआ हुआ है ।सभी केंद्र के अंदर घुसकर देखा तो पाया कि के समान गायब हैं ।शंका जाहिर करते हुए कहा कि अज्ञात चोरों के द्वारा सामानों को चोरी कर लिया है ।चोरी गए सामानों में गैस सिलेंडर दो किलो ग्राम गुड,दो किलोग्राम,बदाम,दो किलोग्राम राहर दाल, अबुआ तेल एक लीटर,घी पांच सौ ग्राम,सुजी दस पैकेट अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले भागे।

### एनएच-33 पर बारिश से कचड़ों का अंबार

**चरही।** बारिश होने से चरही एनएच 33 के सड़क पर पानी जमकर तालाब में तब्दील हो जाता है ।सड़क किनारे कुछ हीं दूरी तक नाली का निर्माण किया गया है ।पानी नहीं निकलने के कारण सड़क पर जम जाता है ।इस सड़क से प्रतिदिन गुजरने वाले लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।जो एक दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है ।इस सड़क से रात में गुजरने वाले लोगों के लिए खतरों से खाली नहीं है ।इतना ही बारिश के कारण नाली में गन्दे जल का जमाव हो जाता है ।बारिश होने के सड़कों पर कचड़ों का अंबार लग जाते हैं ।इन ।कचड़ों के ढेरों से दुर्गंध फैलने लगते हैं ।सड़क से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।लोग नाक-मुहं दबाकर सड़क से गुजरते हैं ।कचड़ों के ढेरों और नाली में गंदे जल जमाव के कारण कई तरह के मछर उत्पन्न हो जाते हैं ।इससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है ।चरही बस्ती में वर्षों से कचड़े का पहाड़ बना हुआ है ।बस्ती के कई लोग प्रतिदिन घर के कचड़ों को फेंकते हैं ।जिस कारण कचड़ों का अंबार लग गया है ।इस कचड़े से दुर्गंध उठते रहते हैं ।तथा कचड़ों से कई प्रकार के मछर उत्पन्न होने लगते हैं।

### अतिक्रमण हटाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**केरेडारी।** ग्राम बेलतु में लगे कैंप में कर्मचारी जितेंद्र कुमार को अतिक्रमण हटाने हेतु ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपा, ग्रामीण ने सोपे ज्ञापन में कहा कि ग्राम बेलतू में खाता संख्या 191 प्लॉट संख्या 3540, 3871 है जो आम गैरमजूरवा भूमि है जिसमे ग्रामीणों का आवागमन करते है एवं आम रास्ता है उसमे मो सनाउल्लाह पिता गुलाम रसूल के द्वारा बाजबरन ग्रामीणों के द्वारा मना करने के बाद भी अपना निजी मकान बना रहा है एवं तीखी मोड़ के पास मकान बना रहा है ग्रामीणों का कहना है की जब हमलोगों ने मना किया तो उनके द्वारा बोला जाता है की पूरे गांव में अतिक्रमण हो चुका है में थोड़ा सा कर रहा हूं तो क्या होगा जहां आपको जाना है जहिए मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है । मौके पर कर्मचारी जितेंद्र कुमार, मंजूर अंसारी, रामजान मियां, नीरू साव, अनिता देवी तस्लीम अंसारी, गुलाम रसूल एवं अन्य लोग उपस्थित थे ।

### ट्रक और ट्रैक्टर में भिड़ंत, एक की मौत

**बड़कागांव।** बड़कागांव-हजारीबाग पथ के टीपी 4 घाटी में गुरुवार सुबह विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चपेट में आने से ईंट लदा ट्रैक्टर का परखचे उड़ गया। इस दौरान ट्रैक्टर में सवार तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों मुन्ना कुमार, पिंटू कुमार, चखनू भुइयां तीनों ग्राम महुगाईकला को इलाज के लिए बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां एक की स्थिति गंभीर होने के कारण मुन्ना कुमार को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग में इलाज के बाद स्थिति गंभीर होने के कारण रांची रिम्स रेफर किया, जिसकी मौत रास्ते में हो गई। मौत की सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर बड़का गांव-हजारीबाग पथ 13 माईल के पास सड़क जाम कर दिया गया बड़कागांव सीओ बालेश्वर राम, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, डाडीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच दूसरी ओर घटना की सूचना पाकर विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार सहित कई लोग पहुंचे। विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं सीओ के बीच वार्ता की गई। वार्ता के दौरान त्रिवेणी सैनिक कंपनी ने एक लाख नगद मुआवजा, आपदा राहत कोष से अंचलाधिकार एक लाख एवं मृतक के परिजन को लाभ देने के आश्वासन के बाद सड़क जाम छूटा।

# जनता की समस्याओं का हल पहला कर्तव्य : मनोज यादव

## कोरियाड़ीह में ट्रांसफार्मर का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही विधानसभा क्षेत्र के धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाड़ीह बीच टोला में पिछले दिनों ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद को दिया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने तत्काल बिजली विभाग से संपर्क कर 24 घंटे के अन्दर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर गांव में उपलब्ध करवाया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर गुरुवार को कोरियाड़ीह गांव पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। जिसके बाद श्री यादव ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर पूर्व विधायक मनोज यादव, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। श्री यादव ने स्थानीय लोगों से कई मिनट तक वातालर्प भी किया। उनकी हर एक समस्या को सुना और लोगों को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्या जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा और कई समस्याओं का समाधान त्वरित किया गया। श्री यादव ने कहा कि जनता की समस्या ही उनकी समस्या है, उसका निवारण करना उनका पहला कर्तव्य है। गांव के लोगों के द्वारा मिली जानकारी पर तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया, यहां पर बच्चों की पढ़ाई में काफी दिक्कत हो रही थी, समस्या का समाधान हो गया है कई अन्य समस्याओं से भी गांव के लोगों ने अवगत कराया है, भरोसा दिलाता हूं कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान होगा। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पूर्व विधायक के प्रयास से तत्काल ट्रांसफार्मर लगाया गया है, ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में खुशी है। मौके पर उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, डोमन

**पूर्व विधायक के प्रयास से गांव में लगा ट्रांसफॉर्मर : राजेद्र प्रसाद**

पाण्डेय,प्रकाश साव, अजय कुमार कुशवाहा,नरेश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजन, रामजी प्रसाद, सुनील प्रसाद, भवानी कुमार, पप्पु कुमार, गोविन्द प्रसाद, कृष्ण कुमार,ज्ञानी महतो, संदीप कुमार, पिंटू प्रसाद, भुनेश्वर महतो, दीपक रविदास, संतोष भुईया, बासुदेव प्रसाद, मंटु प्रसाद, जीबलाल प्रसाद, छटु महतो, चन्दन कुमार, वरुण प्रसाद, अरुण प्रसाद, अनिल कुमार, लीलचंद प्रसाद,प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, नीरा देवी, टुकनी देवी, सरिता देवी,लक्ष्मी देवी, गुडिया देवी, सोनी देवी, बेबी देवी, आशा देवी, द्रोपति देवि, रिंकी कुमारी, आशा देवी, सोनिया देवी, पुनम देवी, सरिता देवी रीता देवी, गीता देवी, मुनिया देवी, पिंकी देवी, विमला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# मुहर्रम में डीजे पर पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबंध

**बरही थाना में शांति समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय**



**बरही।** मुहर्रम को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी की अध्यक्षता एसडीओ जोहन टुडू व संचालन थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया। बैठक में एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार उपस्थित थे। एसडीओ जोहन टुड्डू ने मुहर्रम के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर लोगों से अपील की। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने लोगों से क्षेत्र में शांति और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। कहा कि सभी स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि जुलूस निकालने एवं समाप्त होने की जानकारी व्हाट्सप्प के माध्यम से पुलिस प्रशासन को दें। पूर्व निर्धारित रूट में कोई बदलाव नहीं किया जाए। मुहर्रम के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाहनों में काले शीशा पर प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पर्व के दौरान हंगामा करने वाले और हुड़दंग मचाने वाले के उपर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और ऐसा करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। आप मुहर्रम के इस पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। मौके पर सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, मो कैयूम अंसारी, प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मो तौकीर रजा, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, पंसस प्रतिनिधि मो सागिर अंसारी, मो तस्लीम, रिजवान अली, गणेश साव, फिरदोश खान, संजय कुमार, मो आशिफ आदि उपस्थित थे।

# सिरसी : छात्रा ने प्राचार्य पर लगाया छेड़खानी का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमदाग ।** प्रखंड अंतर्गत सिरसी में प्राचार्य के द्वारा छात्रा के साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट करने का मामला सामने आया है। दरअसल आर्यावर्त वैदिक गुरुकुल सिरसी में पढ़ रही कक्षा 6 की छात्रा ने वहां के प्राचार्य पर छेड़खानी का आरोप ्लगाया है। पीड़िता ग्राम झगरबांध, बेंदी की निवासी है तथा सिरसी के आर्य वैदिक गुरुकुल आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई करती थी। नाबालिग पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शिक्षक के द्वारा छेड़खानी,अभद्रता एवं उसकी पत्नी के द्वारा मारपीट की गई है। पीड़िता का आरोप है कि शिक्षक के द्वारा पीड़िता को सुबह के चार बजे जबरदस्ती बुलाया गया नहीं आने पर पीड़िता को प्राचार्य के द्वारा

**छात्रा का सभी आरोप बेबुनियाद, जांच को तैयार हूं : प्राचार्य**

उठा कर कमरे में ले जाया गया और जबरदस्ती की गई। परिजनों से बात करने पर पता चला कि पीड़िता के शरीर में नाखून मारने के,दांत से काटने और चोट के निशान हैं। प्थाना प्रभारी ने कहा की आवेदन प्राप्त हुआ है तथा आवेदन के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा की पिडित छात्रा का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया गया है तथा मेडिकल भी कराई गई है। उन्होंने कहा कि मामले की गहनता से जांच की जा रही ही तथा जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इधर प्राचार्य ने कहा कि छात्रा का आरोप बेबुनियाद है। मैं सभी तरह के जांच में सहयोग करने को तैयार है।

## साईं मंदिर का मना 14 वां वार्षिकोत्सव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** साईं मंदिर का 14वां वार्षिकोत्सव गुरुवार को मनाया गया। सर्वप्रथम साईं बाबा को शाही स्नान कराया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी जनार्दन भारती एवं कमलेश भारती द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच साईं बाबा की विशेष पूजा की गई। पूजा में शामिल दर्जनों भक्तों ने बाबा साईं के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत महाआरती किया गया। तत्पश्चात बाबा की पालकी का नगर भ्रमण कराया गया। जो भुरकुंडा बाजार से शुरू होकर, जवाहर नगर, बौनर धौड़ा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचा। नगर भ्रमण में सैकड़ों साईं भक्त शामिल हुए। शाम में भव्य भंडारा का आयोजन हुआ।

## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता



**रजरप्पा।** सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा की बहने विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 35 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो - खो प्रतियोगिता में खो-खो में बनी उपविजेता। यह प्रतियोगिता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में आयोजित हुई थी। जिसमे विद्यालय खेल आचार्य अक्षय कुमार सिंह एवं ममता कुमारी के नेतृत्व में 10 बहनें-परी कुमारी, करिश्मा कुमारी, प्रिया कुमारी, माही कुमारी, खुशी कुमारी, सबनम कुमारी, अन्नू कुमारी, रिया कुमारी, अंशु कुमारी, सोनम कुमारी सम्मलित हुई। बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए शानदार खेल प्रदर्शित किया। बहनों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष आशीष झा सहित समिति के सभी सदस्य एवं आचार्य, दीदी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बच्चों को मिला खेल सामग्री

**कुजू।** दिगवार उच्च विद्यालय के स्कूली बच्चों के बीच सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट रांची रोड ने गुरुवार को खेल सामग्री का वितरण किया। इस दौरान यूनिट के महाप्रबंधक बीबी कांता ने यूनिट के अन्य पदाधिकारी व विद्यालय परिवार के मौजूदगी में स्कूली बच्चों के बीच वॉलीबाल, वॉलीबॉल नेट, बैडमिंटन, दो सेट जर्सी समेत अन्य खेल सामग्री वितरित किया। श्री कांता ने कहा कि खेलकूद मनुष्य के जीवन का अहम हिस्सा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक निरंजन कुशवाहा ने किया। इससे पूर्व आगत अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। मौके पर पीके गुप्ता, बीके टोप्पो, एके सिन्हा, कैमुल हक, सुभम कुमार, मनोरंजन रमण गोप, धनु महतो, मनोज प्रसाद, कुलदीप कुशवाहा समेत सभी शिक्षक मौजूद थे।

# आयोग ने की मतदाता सूची की समीक्षा

**लंबित पंजीकरण के आवेदनों को जल्द करें निष्पादित : आयोग**




रामगढ़ । भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा एवं नितेश व्यास ने मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार तथा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आयोग के वरीय पदाधिकारियों ने झारखण्ड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोक सभा निर्वाचन संपन्न कराने पर देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की ओर से झारखंड के सीईओ एवं पूरे राज्य की निर्वाचन टीम को बधाई दी।

बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा अपने जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति का पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग से आये पदाधिकारियों द्वारा राज्य में चल रहे द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, डिजिटाइजेशन, पुराने लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, पहचान पत्रों के वितरण, मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं, जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति एवं लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से समीक्षा की एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए। सभी प्रकार के मतदाता पंजीकरण से जुडे लम्बित आवेदनों को मिशन मोड में निष्पादित करने को कहा गया। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित करवाने हेतु निदेशित किया गया। सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी युवाओं, दिव्यांगजनों, महिलाओं, पीवीटीजी आदि वर्गों को मतदाता सूची में पंजीकृत करवाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाकर समावेशी मतदाता सूची बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करें । साथ ही विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के शत-प्रतिशत छात्रों का मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने को लेकर सभी जिले प्रभावी पहल करें। आयोग के वरीय पदाधिकारियों कि ओर से बीएलओ एवं मतदाताओं के बीच समन्वय बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। मतदाता पंजीकरण के बाद यदि मतदाता पहचान पत्र वितरण में निर्धारित समय से अधिक विलंब होता है तो पोस्ट ऑफिस के साथ समन्वय कर इस कार्य में तेजी लायें। मतदाता पंजीकरण या मतदाता पहचान पत्र से जुड़ी सभी जनशिकायतों का भी ससमय निराकरण करते रहें, भले ही ये शिकायतें किसी भी माध्यम से प्राप्त हुयी हो।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची
Email – ddoranchi@gmail.com

**–: आवश्यक सूचना :–**

वित्तीय वर्ष 2024–25 मे राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित / लाभुक अंशदान / बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों / दुधारू मवेशी पालकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–**05.08.2024** के अपराह्न **05.00** बजे तक संबंधित पंचायत के ग्राम सभा / पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी आवेदन–पत्र में भरकर ग्राम सभा / पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

**-: 02 गाय की योजना :-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग / आपदा / आगलगी / सड़क दुर्घटना / परित्यक्त ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग / आपदा / आगलगी / सड़क दुर्घटना / परित्यक्त ग्रामीण महिला के लिए | 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग / आपदा / आगलगी / सड़क दुर्घटना / परित्यक्त ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग / आपदा / आगलगी / सड़क दुर्घटना / परित्यक्त ग्रामीण महिला के लिए |
| प्रथम चरण (01 गाय) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीय चरण (01 गाय) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

**-: 05 गाय की योजना :-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान-सह-बैंक ऋण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (03 गाय) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीय चरण (02 गाय) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

**-: 10 गाय की योजना :-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान-सह-बैंक ऋण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (05 गाय) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय) | | 2,50,875/- | 1,70,375/- | 83,625/- | 1,70,375/- |

**–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–**

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

अहर्त्ता :– ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक / युवा शिक्षित बेरोजगार / स्वंय सहायता समूह के सदस्य / लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी।

**–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग (Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

अहर्त्ता :– ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक / युवा शिक्षित बेरोजगार / स्वंय सहायता समूह के सदस्य / लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।

नियम एवं शर्ते :–

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा / पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, राँची की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक / पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक / केन्द्र एवं राज्य सरकार / लोक उपक्रम / सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टारिकंग स्टाफ / वर्ग IV / समूह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू०– 10000 / – अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी / पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो / पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02 / 05 / 10 दुधारू गाय की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान / बैंक ऋण पर किया जायगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। पूर्व से मनरेगा अन्तर्गत निर्मित शेड के संबंध में लाभुक के सहमति पत्र के साथ संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विस्तृत सूची जिला पशुपालन पदाधिकारी / जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय द्वारा निबंधित / सूचीबद्ध विक्रेताओं से किया जायेगा।
- हस्त चालित / विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित ईकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कीग मशीन, खोवा / पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ / गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- लाभुक अंशदान के मामले में (02 / 05 / 10 गाय) के चयनित लाभुकों का Escrow Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त हीं लाभुकों को पशुओं के क्रय / प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त होगी।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति / दिव्यांगता / आपदा प्रभावित / आगलगी / सड़क दुर्घटना / परित्यक्तता की घोषणा संबंधित मुखिया / पंचायत समिति सदस्य / जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के ग्राम सभा / पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें ग्राम प्रधान / मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, धुर्वा, राँची से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।

ह० / –
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,राँची

PR 329281 Animal Husbandry(24-25).D

# रोजगार का मिथक

रोजगार में रोजगार की बढ़ोतरी ज्यादातर स्व-रोजगार करने वालों, बिना वेतन काम करने वालों और खेतों में अस्थायी रूप से काम करने वालों की वजह से हो रही है। प्राइवेट सेक्टर के अर्थशास्त्रियों का कहना है कि ये नौकरियां रेगुलर वेतन वाली औपचारिक नौकरियों के बराबर नहीं हैं। यह बयान श्रम विभाग के आंकड़ों के बाद आया है, जो इस हफ्ते जारी किए गए थे। इन आंकड़ों के अनुसार, 2017-18 से हर साल 2 करोड़ नए रोजगार पैदा हुए हैं। यह सिटी बैंक की उस रिपोर्ट को गलत साबित करता है जिसमें कहा गया था कि 2012 के बाद से हर साल केवल 88 लाख नौकरियां ही दी गई हैं।अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर सस्टेनेबल एम्प्लॉयमेंट के हेड अमित बसाले ने कहा, यह स्पष्ट है कि रोजगार में होने वाली बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा कृषि और स्व-रोजगार से आ रहा है, जिसमें खुद का काम करना या बिना वेतन वाला पारिवारिक काम शामिल है। इसे रोजगार में हुई वृद्धि को नियमित वेतन वाली औपचारिक नौकरियों के बराबर नहीं माना जा सकता है। मार्च 2024 में खत्म हुए वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार की संख्या में 4.67 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के अनुसार, कुल रोजगार अब 64.33 करोड़ हो गया है, जो कि एक साल पहले 59.67 करोड़ था। हालांकि, आंकड़ों के पीछे की कहानी थोड़ी जटिल है। रिजर्व बैंक के डेटा में बताए गए 10 करोड़ नए रोजगारों में से 4.8 करोड़ सिर्फ खेती से जुड़े हैं। जो खेती कर रहे हैं या खुद का छोटा काम कर रहे हैं क्योंकि बाजार में कंपनियों द्वारा पर्याप्त कर्मचारियों की मांग नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी ने पिछले महीने हुए चुनावों में पूर्ण बहुमत खो दिया था। सत्ता बचाए रखने के लिए उन्हें सहयोगी दलों का सहारा लेना पड़ा। मोदी ने 2014 में पहली बार सत्ता हासिल की थी, उस वक्त उन्होंने हर साल 2 करोड़ नौकरियां पैदा करने का वादा किया था।

# ब्रिटेन में बदलाव

ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय नॉर्थ लेरटन सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है।


# नियति की सजा

विचार-प्रवाह

**अमीश**

**क्या** अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे।हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए? अपने अंदर झांकिए। दैवीय होता है समय का सबक। हैरान होकर कुछ और जानने-समझने का अहसास एक बार फिर जिंदा कीजिए।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## तैयारी भी हो

**भारत** के इस प्रयास को आध्यात्मिक तथा कूटनीतिक दृष्टि से देखते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष के साथ बातचीत में कहा था कि सीमा पर तनाव का होना। दोनों देशों के लिए ठीक नहीं। ड्रैगन जैसा विस्तारवादी, महत्वाकांक्षी तथा परमाणु शक्ति संपन्न देश बुद्ध के शांति के संदेश को नहीं समझ सकता। मुंह तोड़ जवाब देने में कोताही नहीं बरतनी चाहिए। **– अनिल, रातू**

## चीन की उपलब्धि

**गत 25** जून को चीन ने वह कर दिखाया जो खुद को अंतरिक्ष की महाशक्ति मानने वाला अमेरिका भी नहीं कर सका। चीन के चांग ई-6 मिशन में चांद के फार साइड यानी सबसे दूर वाले इलाके से 2 किलोग्राम तक चट्टानों के टुकड़े और मिट्टी के नमूने लाकर एक नया इतिहास बना दिया। चांद के जो नमूने लेकर आया है, वह अंतरिक्ष के गूढ़ रहस्य खोल सकता है। **–शिवशंकर सिंह, रांची**

# भारतीयता के पर्याय हैं मंदिर




**कर्नाटक** की कांग्रेस सरकार ने विधानसभा से उस विधेयक को पारित करा लिया, जिसमें मंदिरों से कर वसूलने का प्रावधान है। हालांकि विधान परिषद् में वह विधेयक लटक गया। यानी फिलहाल कर्नाटक सरकार मंदिरों से कर वसूल नहीं पाएगी, लेकिन सरकार की मंशा पर तो सवाल उठता ही है। आखिर मंदिरों से ही कर लेने की सोच कहां से और क्यों आई!

शायद ऐसे लोगों ने ही टेंपल इकोनॉमी शब्द को गढ़ा है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अल जजीरा से लेकर द गार्जियन तक में टेंपल इकोनॉमी को लेकर लिखा जा रहा है। दरअसल, टेंपल इकोनॉमी हमारा चिंतन नहीं है। यह उससे कहीं गहरी बात है। मंदिर मन की शांति के लिए होते हैं, और धन की शांति (अर्थात प्रबंधन) के लिए भी। क्योंकि हमारी संस्कृति में लक्ष्मी को चंचला कहा गया है। हमारे देश में मंदिर लक्ष्मी को विकसाने और हाशिये के वर्गों तक पोषण और पैसा-कौड़ी पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण आर्थिक संरचना के तौर पर रहे हैं।

मिनेसोटा विश्वविद्यालय के बर्टन स्टीन ने 1960 में द इकोनॉमिक फंक्शन आफ ए मेडियेवल साऊथ इंडियन टेम्पल नाम से शोध किया था। इसमें उन्होंने लिखा है कि तीर्थ के साथ-साथ आर्थिक संरचनाओं का विकास और बहुत से क्षेत्रों को बहुत मजबूत कर देना भी मंदिरों के चलते ही हुआ है।

निश्चित ही मंदिर हमारे लिए आस्था का केंद्र हैं और रहेंगे। मंदिरों के कारण ही लोग तीर्थ जाते हैं, भ्रमण करते हैं। मत भूलिए इससे समाज के बीच धन का सतत प्रवाह होता है। समृद्धि आती है। यह हमारे बुजुर्गों और पुरखों के अनुभवजन्य शोध से उपजा गहन विचार है। चोल राजवंश की समृद्धि का केंद्र कहां था-मंदिर!

तंजावुर में बृहदीश्वर मंदिर और गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर क्या थे? ये सिर्फ धार्मिक केंद्र नहीं थे, बल्कि अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। ये मंदिर प्रमुख किन्तु उदार भूस्वामी के रूप में गोचर भूमि तथा औषधीय उपज के सहज प्रदाता तथा संसाधनों के सामाजिक प्रबंधक थे। इन्हें राजाओं और महानुभावों से विशाल भूमि अनुदान में प्राप्त होती थीं। इससे प्राप्त आय का उपयोग मंदिरों के रख-रखाव और विभिन्न धार्मिक तथा सामाजिक गतिविधियों में होता था, जिसमें राजा के निदेशों पर किसानों से अनाज खरीदे जाने का काम भी



**- हितेश शंकर**

> आपदा या संकट के समय मंदिर की शरण में जाने के अनेक उदाहरण हैं। जरासंध से युद्ध के समय भगवान श्रीकृष्ण जब रणभूमि छोड़कर चले गए तो उन्हें रणछोड़ नाम मिला। वे गए कहां थे! वे गए थे गयाजी, जहां जरासंध की गुफाएं हैं। यानी वे तीर्थ की शरण में ही थे। चोल वंश के राजा राजेंद्र चोल जब युद्ध में हार गए तो तमिलनाडु में स्थित भगवान नटराज के चिदंबरम मंदिर की शरण में पहुंचे।

शामिल था।जड़-चेतन दोनों में प्रवाह बनाने का काम, अर्थव्यवस्था को सुचारू बनाने का काम, यह काम भारत में आदिकाल से मंदिरों को केंद्र में रखकर ही होता रहा। शिक्षा की बात करें तो काशी, तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, भोजशाला, ओदंतपुरी, मिथिला, प्रयाग, अयोध्या आदि जहां भी मंदिर रहे हैं, वे स्थान ज्ञान और अध्ययन का भी केंद्र रहे हैं। इसके साथ ही आप चार महावाक्य और चार मठों की स्थापना को भी देखें। जगन्नाथपुरी, बद्रिकाश्रम, श्रृंगेरी, द्वारका यह चार मठ चार दिशाओं से भारत में दार्शनिक ज्ञान के साथ भौतिक विषयों की समझ बढ़ाने वाली श्रृंखला-संरचना निर्माण करते प्रतीत होते हैं।अर्थ (वित्त) की बात के साथ संसाधनों के उदार बंटवारे के लिए मैं और तू का भेद मिटाती यह पहल मठ-मंदिरों के प्रांगणों में ही पल्लवित हुई।

चार महावाक्यों में अहं ब्रह्मास्मि अर्थात मैं ब्रह्म हूं, यह यजुर्वेद का वाक्य है। तत्त्वमसि अर्थात वह ब्रह्म तू है सामवेद का वाक्य है। अयं आत्मा ब्रह्म अर्थात यह आत्मा ब्रह्म है अथर्ववेद, प्रज्ञानं ब्रह्म अर्थात वह प्रज्ञान ही ब्रह्म है ऋग्वेद के महावाक्य हैं। हर पदार्थ से जुड़ाव, जड़-चेतन सबकी चिंता, केवल अपना परिवार और गांठ का पैसा नहीं बल्कि सबमें ब्रह्म देखना मंदिरों की छाया में पली परंपरा है। पुराने समय में दार्शनिक विषयों के साथ भौतिक विषयों में कैसे उन्नति की जाए और एक विषय के साथ दूसरे विषय में कैसे पारंगत हुआ जाए, यह काम भी मंदिरों की छत्रछाया में ही होता रहा है। गुरुकुल-छात्रावास और ज्ञान की अलग-अलग परंपराएं यहां पोषित हुई हैं।

आपदा या संकट के समय मंदिर की शरण में जाने के अनेक उदाहरण हैं। जरासंध से युद्ध के समय भगवान श्रीकृष्ण जब रणभूमि छोड़कर चले गए तो उन्हें रणछोड़ नाम मिला। वे गए कहां थे! वे गए थे गयाजी, जहां जरासंध की गुफाएं हैं। यानी वे तीर्थ की शरण में ही थे। चोल वंश के राजा राजेंद्र चोल जब युद्ध में हार गए तो तमिलनाडु में स्थित भगवान नटराज के चिदंबरम मंदिर की शरण में पहुंचे। अलाउद्दीन खिलजी, मलिक कफूर ने जब दक्कन पर आक्रमण किया तो वहां के राजा पंढरपुर विठोबा की शरण में गए। शिवाजी महाराज जब प्रार्थना करते हैं कि दोबारा समाज को खड़ा करना है तो वे तुलजा भवानी मंदिर जाते हैं।

ऐसे ही जब भी देश में अकाल, बाढ़ या अन्य कोई प्राकृतिक आपदा आई, तब मंदिरों ने लोगों को संभाला। उनके लिए अपने भंडार के द्वार खोल दिए। जगन्नाथपुरी के बारे में ऐसे कई ऐतिहासिक साक्ष्य हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि मंदिरों के पास अक्षय खाद्यान्न और धन के विशाल भंडार होते थे, जो आवश्यकता के समय लोगों की मदद के लिए प्रयोग किए जाते थे।

हाल के वर्षों में सबसे बड़ी आपदा कोरोना के रूप में आई। इस दौरान दिल्ली के झंडेवाला देवी मंदिर ने लम्बे समय तक असंख्य लोगों को भोजन भेजा। ऐसे ही देश के अन्य बहुत सारे मंदिरों ने अनथक अकथनीय परोपकार के कार्य किए।

डॉ. राममनोहर लोहिया प्रख्यात समाजवादी चिंतक थे। उनका एक निबंध है-राम, कृष्ण और शिव। इसके माध्यम से वे राष्ट्रीय एकत्व की बात करते हैं। तमिलनाडु में अपर्णा या कहिए मां गौरा का एक मंदिर है। अपर्णा गौरा जी का ही एक नाम है। जब शिव को वर रूप में कामना करते हुए पर्ण यानी पत्ते खाना भी जब छोड़ दिया तब नाम पड़ा- अपर्णा। अपर्णा वहां शिव की अराधना कर रही हैं। दक्षिण में खड़े होकर सूदूर उत्तर में स्थित कैलाशपति की अराधना कर रही हैं।

यानी शिव उत्तर और दक्षिण को जोड़ रहे हैं। मथुरा कहां और बेट द्वारका कहां। इसके बावजूद इन दो दिशाओं के भी पार-सुदूर इम्फाल तक कृष्ण और उनके मंदिर भारत को जोड़ रहे हैं। इम्फाल में मैतैई समुदाय कृष्ण को ही तो पूज रहा है!

**माननीय** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप दीघार्यु हों, स्वस्थ रहें और आपका मार्गदर्शन देश को निरंतर प्रगति की ओर ले जाए।
**– जयश्री सोरेन, भाजपा**

आपके ट्वीट

**मणिपुर** की इस भयंकर त्रासदी में, मैं प्रधानमंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वो यहां आएं, लोगों की बात सुनें। इंडिया जनबंधन ऐसे हर कदम में सहायता करने को तैयार है जिससे स्थिति में सुधार हो सके और शांति बहाल हो सके। **– राहुल गांधी कांग्रेस**





**आवास** में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुआ। जनता के हित में हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ लगातार कार्य करती आ रही है।समस्याओं का यथोचित और त्वरित समाधान किया जाएगा। **– हेमंत सोरेन, सीएम**

खास बात

# कश्मीर में विकास

**प्रमोद भार्गव**

**जम्मू-कश्मीर** में धारा-370 और 35-ए समाप्त होने के बाद ठिठकी हुई राजनीतिक प्रक्रिया शुरू होने के बाद परिसीमन आयोग ने भी चार दिन का दौरा करके परिसीमन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने जम्मू-कश्मीर के 290 प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात करने के बाद कहा 'परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होगा। 1995 में जम्मू कश्मीर में 12 जिले थे, जबकि अब 20 हैं। तहसीलें भी 58 से बढ़कर 270 हो गई हैं। 12 जिले ऐसे हैं, जिनके विधानसभा क्षेत्रों की सीमा जिले से बाहर हैं। कुछ सीटें ऐसी भी हैं, जिनकी सीमा 1 से ज्यादा तहसीलों में है। इस आधार पर विधानसभा की सात सीटें बढ़ जाएंगी। अगले वर्ष मार्च तक परिसीमन पूरा होने के पश्चात अंतिम प्रारूप रायशुमारी के लिए रखा जाएगा।

जेके में पहला पूर्ण परिसीमल आयोग 1981 में बना था।' जम्मू-कश्मीर के विभाजन और विधानसभा सीटों के विभाजन संबंधी पुनर्गठन विधेयक-2019, 31 अक्टूबर 2019 को लागू कर दिया गया था। इसके लागू होने के बाद इस राज्य राज्य की भूमि का ही नहीं राजनीति का भी भूगोल बदलेगा। इसके साथ ही विधानसभा सीटों के परिसीमन के जरिये राजनीतिक भूगोल बदलेगा। नए सिरे से परिसीमन व आबादी के अनुपात में जम्मू-कश्मीर की नई विधानसभा का जो आकार सामने आएगा, उसमें फिलहाल विधानसभा की सात सीटें बढ़ने का संकेत मिल गया है। बंटवारे के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित राज्य हो गए हैं।

दोनों जगह दिल्ली व चंडीगढ़ की तरह मजबूत उप राज्यपाल सत्ता-शक्ति के प्रमुख केंद्र के रूप में अस्तित्व में आ गए हैं। लद्दाख में विधानसभा नहीं होगी। आयोग राजनीतिक भूगोल का अध्ययन कर रिपोर्ट देगा। आयोग राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूदा आबादी और उसका लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व का आकलन करेगा। साथ ही राज्य में अनुसूचित व अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों को सुरक्षित करने का भी अहम निर्णय लेगा।

# संभावित भूखमरी पर फोकस करे सरकार

सामयिक

**दीपिका अरोड़ा**

**मंडियों** में गेहूं के अंबार लगने लगे हैं। मगर इसके साथ ही मौसम भी मनमानी करवटें ले रहा है। कभी सुनहरी धूप, कभी धूल भरी आंधी, तो कभी अकस्मात ही रिमझिम की बौछारें। कृषि व्यवसाय से मौसम का गहरा नाता रहा है। फसली चक्र के अनुरूप मौसम की अनुकूलता रोपित फसल के संवर्द्धन में जहां अत्यधिक उपयोगी सिद्ध होती है वहीं अतिवृष्टि, अनावृष्टि, ओलावृष्टि एवं तुषारापात आदि संभावित उपज दर के लिए प्रतिकूलता का पर्याय बनते हैं। खास़तौर पर कटाई से ढुलाई तक के अंतिम पड़ाव पर मौसम का साफ रहना अनिवार्य हो जाता है।

लेकिन यदि देश की मंडी व्यवस्था की बात करें तो बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ता है कि विभिन्न क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित करने पर भी मंडियों की अवस्था में संतोषजनक परिवर्तन नहीं आ पाया। अभी भी फसलों के उचित रखरखाव एवं भंडारण हेतु अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध नहीं। पराकाष्ठा है कि प्रति वर्ष करोड़ों टन अनाज सरकारी कुप्रबन्धन की बलि चढ़ जाता है। भारत में अनाज का अनुमानित उत्पादन 30 करोड़ टन है। एफसीआई मात्र 8 करोड़ टन की खरीद करता है जो कि कुल उत्पादन का करीब एक-चौथाई बनता है। बचे हुए खाद्यान्न का अधिकतर भाग खुले में ही पड़ा रहता है।

वर्षा की बौछारें कहर बनकर आती हैं, न केवल किसान के अनथक परिश्रम पर ही पानी फिरता है अपितु लाखों-करोड़ों की संख्या में लोगों की भोजन उपलब्धता पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाता है। जो अनाज भुखमरी एवं कुपोषण के आंकड़े को शून्य तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध हो सकता था, अभक्ष्य हो जाने के कारण फेंकना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल 50 किलो प्रति व्यक्ति भोजन की बबार्दी होती है। प्रति वर्ष भारत के कुल गेहूं उत्पादन में से करीब 2 करोड़ टन गेहूं नष्ट हो जाता है। यही कारण है कि प्रचुर मात्रा में खाद्य उत्पादन होने पर भी ह्यवैश्विक भूख सूचकांक 2020 में सर्वाधिक भूख से पीड़ित देशों की सूची में भारत 94वें स्थान पर रहा तथा 27.2 अंकों के साथ गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। प्राप्त आंकड़े दशार्ते हैं कि भारत की 14 प्रतिशत जनसंख्या कुपोषणग्रस्त है तथा देश के बच्चों में स्टंटिंग रेट 37.4 प्रतिशत है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में गरीब लोगों की बड़ी आबादी भारत में है। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की बात करें तो खाद्यान्न बबार्दी का मामला संज्ञान में आने पर यदि संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जांच के आदेश होते हैं तो यह प्रक्रिया तब तक जारी रहती है, जब तक कि वे सेवामुक्त नहीं हो जाते।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में लगभग पचास हजार करोड़ रुपये का अन्न हर साल बर्बाद होता है, जिसका मूल कारण भंडारण स्थान की कमी व उचित रखरखाव की सुविधाओं का अभाव है। इससे न केवल देश एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है अपितु वैश्विक पर्यावरण भी खासा प्रभावित होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य पदार्थों की बबार्दी से ग्रीनहाउस गैस में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

किसानों पर भी इसका सीधा असर पड़ता है। देश में चल रहा किसानों का विरोध-प्रदर्शन इस बात का गवाह है कि अधिक मात्रा में उत्पादन होने पर भी, कारगर नीतियों के अभाव में, किसानों को अपने अथक परिश्रम का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। करीब 40 प्रतिशत अनाज खेतों से घरों तक पहुंच ही नहीं पाता। मंडियों में अनाज व अन्य खाद्य पदार्थों को संभाल कर रखने के लिए सही मूलभूत ढांचा ही नहीं, जिस कारण खाद्य सामग्री सड़-गल कर बर्बाद हो जाती है।

# आप कब शुरू करेंगे छोटे और मोटे अनाज का भोजन

सामयिक

**आर.के. सिन्हा**

छोटे और मोटे अनाज सिर्फ प्रोटीन और फाइबर ही नहीं देते बल्कि, खाने वाले को शरीर में उत्पन्न हो रहे रोगों का निदान भी करते हैं क्योंकि, मोटे और खासकर छोटे अनाज के फाइबर (रेशे) मानव शरीर की सभी प्रमुख अंगों के कोशिकाओं या सेल्स को साफ भी करते हैं।

यदि आप हाल के दिनों में दिल्ली गए हों तो देखेंगे कि राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के बहुत से बड़े-बड़े दफ्तर निर्माण भवन, शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन आदि भवनों से चलते हैं। जाहिर है, जहां पर हजारों मुलाजिम काम करेंगे और रोज सैकड़ों बाहरी लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा, वहां पर कैंटीन तो होगी ही। पर निर्माण भवन की कैंटीन ने अपने को बदला है। वहां पर अब मोटे और छोटे अनाज से तैयार होने वाले पकवान भी परोसे जाने लगे हैं। हालांकि पिछले सात दशकों से यहाँ मात्र गेहूं और मैदे की बनी पकवानें ही मिला करती थीं।

यह एक तरह से यह वर्तमान मोदी सरकार की संकल्प शक्ति और दृढ़ इच्छा का ठोस संकेत है कि चालू वर्ष 2023 को चूँकि विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया गया जिसने मोटे और छोटे अनाज के प्रति जागृति पैदा कीक अतः खान-पान में एक व्यावहारिक बदलाव की शुरूआत हुई और कोशिश यही रही कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष नाम भर का नहीं रह जाये। इसका प्रस्ताव भारत ने ही दिया था और भारत के इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 मार्च 2021 को अपनी स्वीकृति दे दी थी। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मोटे और छोटे अनाज के उत्पादन और खपत के प्रति जागरूकता पैदा करना ही था ।

दरअसल मोटे और छोटे अनाजों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि से भरपूर इन अनाजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), मक्का, जौ, कोदो, सामा, सांवा, कंगनी, कुटकी चीना आदि जिसे लघु धान्य या ह्यश्री धान्यह्व या ह्यश्री अन्नह्व भी कहा जाता है, मोटे और छोटे अनाज की श्रेणी में आते हैं। लघु धान्य या कुटकी, कांगनी और साँवा जैसे अनाज मिलेट्स यानी छोटे अनाज होते हैं। इनका सेवन करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है, कैल्शियम की कमी से बचाव होता है, ज्यादा फाइबर होने से पाचन दुरुस्त रहता है, वजन कंट्रोल होने लगता है, दुबले-पतलों का वजन कुछ बढ़ जाता है तो ज्यादा वजन वालों का घट कर बी.एम.आई. (बॉडी मास इंडेक्स) के स्तर पर घट जाता है कएनीमिया का खतरा कम होता है, यह डायबिटीज तथा दिल के रोगियों के लिए भी यह उत्तम माना जाता है।जब इन दोनों रोगों की चपेट में लगातार लोग आ रहे हैं तब छोटे और मोटे अनाज का सेवन संजीवनी बूटी का काम कर सकता है। शादियों के सीजन में तो हर रोज भारी संख्या में विवाह हो रहे हैं। आपको भी विवाह समारोहों में भाग लेने के निमंत्रण मिल ही रहे होंगे। अगर विवाह के कार्यक्रमों में भी छोटे और मोटे अनाज से तैयार कुछ व्यंजन अतिथियों को परोसे जाएं, तो यह एक शानदार पहल होगी। आखिर हम कब तक वही खाएंगे, जो खाते चले आ रहे हैं और बीमार पड़ते चले जा रहे हैं। आज विश्व भर में सारी बीमारियों की जड़ गेहूं है।

मैं सलाह देता हूँ कि पाठक गूगल पर सर्च करके एक पुस्तक वीट बेली यानी ह्यगेहूं की तोंदह्व नामक पुस्तक को डाउनलोड कर लें जिसने पूरे अमेरिका और यूरोप में तहलका मचाया हुआ है। ह्वीट बेलीह्व अमरीकी वैज्ञानिकों द्वारा शोध के उपरांत तैयार एक ऐसी पुस्तक है जिसमें यह सिद्ध किया गया है कि गेहूं में पाया जाने वाला ह्यग्लूटेनह्व नाम का रसायन डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मानसिक बीमारियों के साथ-साथ मोटापे की भी मुख्य वजह है। गेहूं छोड़िये और वजन घटाइए।

अभी हम जिस गेहूं से पका हुआ भोजन कर रहे हैं, उससे हमारी सेहत बिगड़ रही है। देखिए अब देश वासियों को अपनी जुबान से ज्यादा अपनी सेहत पर तो ध्यान देना ही होगा। वह तब ही संभव है जब हम छोटे और मोटे अनाज को अपने भोजन का हिस्सा बनाने लगेंगे। अब इस लिहाज से देरी करने का समय नहीं रह गया है। देरी से नुकसान ही होगा। देरी छोड़िये, अपना स्वास्थ्य सुधारिये !

# डीबीएल कोल माइंस कंपनी को ट्रांसपोर्टरों की चेतावनी मांग पूरी करें अन्यथा होगा चक्का जाम

**यासिर अराफात**



**पाकुड़।** पचूवाड़ा कोल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा डीबीएल कोल कंपनी के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा है की कोल कंपनी ने मनमानी तरीके से कोल परिवहन दर घटा दिया है जो सरासर ट्रांसपोर्टरों के साथ अन्याय है। साथ ही यह भी आरोप लगाया है कि कंपनी मनमानी तरीके से भाड़ा तो घटा ही रही है साथ ही झारखंड से बाहर के लोगों को बुलाकर ट्रांसपोर्टिंग भी दे रही है और झारखंड से बाहर के रजिस्ट्रेशन से कोल परिवहन कर रही है। जिसमें हम स्थानीय ट्रांसपोर्टरों के रोजगार पर भी संकट मंडरा रह रहा है। जब स्थानीय ट्रांसपोर्टर की गाड़ी लेकर जाते हैं तो अभी आवश्यकता नहीं है बोलकर उन्हें घुमा दिया जाता है, इस मनमानी तानाशाही रवैया पर अंकुश लगाने और बाहरी ट्रांसपोर्टर एवं झारखंड के बाहर के रजिस्ट्रेशन नंबर के गाड़ी पर रोक लगाने को लेकर संगठन के सभी ट्रांसपोर्टर पाकुड़ जिला स्थित समाहरणालय पहुंच कर एसपी से मिले। हालांकि इससे पहले भी दो बार जिला के उपयुक्त को भी इस विषय पर आवेदन दिया हुआ है। परंतु इस पर अभी भी पहल नहीं हुई है। गुरुवार को सपा से मिलने के बाद ट्रांसपोर्टरों को एसपी ने आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द कोल माइन्स कंपनी के पदाधिकारी के साथ बैठक कर इस पर बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाएगा। इससे पहले भी 24 जून को उपायुक्त को इस विषय पर आवेदन दिया गया था जिसमें उपायुक्त को सूचना दी गई थी कि डीबीएल कोल कंपनी में कोयला परिवहन का कार्य करने के लिए हम लोगों को कंपनी 302 रुपया प्रति टन के दर से परिवहन का भाड़ा देती थी। परंतु अप्रैल 2024 से परिवहन करने के बाद जब हम लोग मई 2024 को अप्रैल माह का बिल जमा करने गए तो कंपनी ने कहा कि बिल 300 प्रति टन से बनेगा। उपायुक्त को इस बात से भी अवगत कराया गया था कि ट्रांसपोर्टरों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। पाकुड़ कोल मार्ग की स्थिति किसी से छिपी नहीं है पूरे महीने में मुश्किल से 50 ट्रिप हो पाती है जबकि गाड़ी पार्ट्स टायर का दाम पिछले वर्ष की अपेक्षा मैं 15 से 20% बढ़ गया है महंगाई को देखते हुए हमें प्रत्येक वर्ष भाड़ा लगभग 15 से 20% कंपनी को बढ़ाना था परंतु कंपनी तानाशाही रवैया से भाड़ा को घटा दिया।

## साहिबगंज : संवेदक की लापरवाही हादसे को दे रहा है आमंत्रण

# जल टंकी निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर खुला छोड़ा, किसी भी वक्त हो सकता है बड़ा हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरहरवा/साहेबगंज।** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में स्थित मदरसा फैजुल उलूम, हरिहरा के प्रांगण में हर घर नल जल योजना के तहत जल टंकी निर्माण हेतु फाउंडेशन के लिए खोदा गया गड्ढा हादसे को आमंत्रित कर रहा है। मदरसा फैजुल उलूम, हरिहरा में सैकड़ों छोटे छोटे बच्चे रोजाना पढ़ाई करने मदरसा आते हैं, इस क्रम में छोटे बच्चे का तलाबनुमा गड्ढे में गिर जाने का खतरा देख स्थानीय लोग संवेदक और विभाग पर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता फरोग अहसान ने बताया कि करीब 2 माह पूर्व हर घर नल जल योजना के तहत जल टंकी निर्माण हेतु फाउंडेशन के लिए मदरसा प्रांगण में गड्ढा खोदा गया था। लेकिन आगे का काम नही किया गया है। और उक्त तलाबनुमा गड्ढे को ज्यों का त्यों छोड़ दिया गया था। उक्त गड्ढे में बारिश का पानी जमा हो जाने के कारण यह तलाब का रूप ले लिया है। मदरसा प्रांगण में सैकड़ों बच्चें प्रतिदिन आते हैं। और इसी बीच यदि कोई बच्चा उक्त गड्ढे में गिर जाए तो परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। इसको लेकर संवेदक और कनीय अभियंता उमेश मंडल से भी कई बार बात की गई, लेकिन वे न काम चालू कर रहे हैं, न ही उक्त गड्ढे को भर रहे हैं। वहीं उक्त मदरसे के प्रधान मौलवी सादिकुल इस्लाम ने बताया कि मदरसा के बीचों बीच इस प्रकार का तलाबनुमा गड्ढे को लेकर भय बना रहता है। संवेदक और विभाग को कई बार अवगत कराने के बावजूद लापरवाही बरत रहे हैं। यदि कल कोई दुर्घटना घट जाती है तो इसका सीधा जिम्मेदार संवेदक और विभाग होंगे। वहीं ग्रामीणों ने भी इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है, कहा कि अविलंब इसका काम चालू किया जाना चाहिए, अन्यथा उक्त गड्ढे को मिट्टी भरकर समतल बनाने की मांग की है।

## एक नजर में

### जन सुनवाई मे यूएमएफ के प्रदेश महासचिव ने सौंपा आयोग को आवेदन



बेरमो। गुरुवार को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के द्वारा बोकारो परिसदन में आयोजित जन-सुनवाई में यूनाइटेड मिल्ली फोरम के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस ने अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं को उठाते हुए आवेदन दिया। अनीस ने आयोग से कहा कि विभागीय उदासीनता और लापरवाही के कारण अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे प्री- मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक व मेरिट-कम-मिनस छात्रवृति योजना का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को नहीं मिल पा रहा है। अनीस ने शिकायत किया कि 2022-23 में जिन छात्र छात्राओं के आवेदन को स्वीकृत किया गया और कई प्रकार की जांच कराई गई उसके बाद भी छात्रों के खाते में छात्रवृति की राशि नहीं भेजी गई। मॉब लिंचिंग में मारे गए बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत नई बस्ती निवासी मुबारक अंसारी के परिवार को कोई मुआवजा नहीं मिला। जबकि उनकी पत्नी फरिजन खातून ने उपायुक्त बोकारो को मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन दी थी। तहसीन पूनावाला मामले में सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट है कि पीड़ित परिवार को एक महीने के अंदर अंतरिम राहत दिया जाए। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम व सदस्य वारिश कुरैशी ने डीडीसी व नोडल पदाधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी को तत्काल इन समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया है।

### 11 जुलाई को तेनुघाट जेल में टेलीमेडिसिन सेवा आरंभ



बेरमो /तेनुघाट कोर्ट। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन में गुरुवार 11 जुलाई को तेनुघाट जेल में टेलीमेडिसिन सेवा प्रारम्भ किया गया। इसमें ई संजीवनी एप्प के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों के द्वारा कारा में संसिमित दस बीमार बंदियों का इलाज और जांच किया गया। जिसके इस कारा में सिविल सर्जन बोकारो द्वारा राज कुमार मीना सी एच ओ अलगड्डा को प्रतिनियुक्त किया गया। जिसके द्वारा कारा में प्रतिनियुक्त कंपाउंडर संजय मंडल को इसके उपयोग संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया। उक्त बारे में जेलर नीरज कुमार ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार जेल में टेलीमेडिसिन सेवा प्रारम्भ किया गया है। जिससे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदियों का इलाज और जांच जेल में ही किया जाएगा। बंदियों को जांच और इलाज के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। जिसके तहत आज दस बंदियों का इलाज और जांच किया गया। इस अवसर पर विजय कुमार, संजय मंडल आदि मौजूद थे।

### सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने विधायक से की शिकायत

बेरमो/तेनुघाट। बेरमो अनुमंडल में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के द्वारा पेटरवार प्रखंड के ओरदाना पंचायत में लगभग एक करोड़ के लागत से ओरदाना चौक से खैराजारा तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने दिलीप ठाकुर, रोशन, अमन, पीयूष, अमर, राज कुमार सहित अन्य लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के गुणवता को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। कहा की सड़क का निर्माण कार्य के दौरान जो ढलाई हो रहा है वह गुणवत्ता पूर्ण नहीं हो रहा है इसी मामले को लेकर ग्रामीणों ने विधायक डॉ लंबोदर महतो से शिकायत की। शिकायत सुनने के बाद विधायक ने विभाग के इंजिनियर को टेलीफोनिक जानकारी देते हुए कहा की काम के गुणवाता में सुधर करे नहीं तो इसकी शिकायत पथ विभाग के मंत्री से की जाएगी। वहीं दूसरी और मामले पर कार्य करा रहे संवेदक से बात कि गई तो उन्होंने बताया की सड़क निर्माण में कहीं भी गुणवत्ता से कोई खिलवाड़ नहीं किया जा रहा है। सड़क को निर्धारित मापदंड के अनुसार ढलाई किया जा रहा है।

### चास में भाजपा का बोकारो विधानसभा बूथ अध्यक्ष सम्मान सह संकल्प सभा संपन्न



बोकारो। चास नगर निगम क्षेत्र के दीपांजलि पैलेस में भाजपा की ओर से बोकारो विधानसभा बूथ अध्यक्ष सम्मान सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी तथा बोकारो विधायक सह विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय ने की तथा संचालन मुकेश राय ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी 588 बूथ अध्यक्षों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के दिन ही नहीं बल्कि साल के 365 दिन आम लोगों के बीच कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता हेमंत सोरेन सरकार को सबक सिखायेगी। श्री मरांडी ने कहा कि बोकारो एयरपोर्ट से उड़ान शुरू नहीं होना वर्तमान सरकार की उदासीनता को दशार्ती है। मौके पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि पार्टी के द्वारा कार्यकताओं का सम्मान करना उनके मनोबल का सदैव ऊंचा रखना पार्टी का ध्येय है। भाजपा कार्यकताओं के लिए पार्टी परिवार की तरह होती है। समारोह में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी नौ मंडलों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता सहित पूर्व जिलाध्यक्ष रोहितलाल सिंह कृष्ण कुमार मुन्ना आरती राणा दिलीप श्रीवास्तव कमलेश राय कुमार अमित सिंह राकेश कुमार मधु लीला देवी संजय त्यागी जयनारायण मरांडी धीरज झा अशोक कुमार पप्पू इंद्र कुमार झा माथुर मंडल महेंद्र राय अर्चना सिंह परिंदा सिंह सुजीत चक्रवर्ती सुनील गोस्वामी विनय किशोर हरीश सिंह सनातन सिंह मनोज सिंह पीयूष आचार्या अनिल सिंह टिंकू तापड़िया बैधनाथ प्रसाद ब्रज दुबे विक्की राय जितेंद गोस्वामी रामलाल सोरेन सहित मंडलों के पदाधिकारी मंच मोर्चा के पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




जामा ।विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर गुरुवार को सेंट जेवियर्स कॉलेज महारो के राजनीति विज्ञान विभाग के नेतृत्व में कॉलेज के द ग्रीन बैरियर्स क्लब द्वारा पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य सहित विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ने पर्यावरण से संबंधित संदेश देते हुए कहा कि जिस अनुपात में विश्व की जनसंख्या बढ़ रही है। उस अनुपात में वृक्षों की संख्या नहीं बढ़ रही है। धड़ल्ले से वृक्ष काटे जा रहे हैं। अत: जरूरी है कि वैश्विक तापमान को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम 10 वृक्ष लगाने का प्रण ले। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ दीपक कुमार कोठरीवाल, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ महेश कुमार देव, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष हिमाद्री शेखर दत्ता और कॉलेज के खेल प्राध्यापक फरीद खान ने भी पौधरोपण कर ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों में सलोनी, संदीप, रिमी, पूजा, जोबा, सुनीता, शांति, विश्वनाथ और प्रेम ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

## स्पीड न्यूज

### पिछ्री में करंट की चपेट में आने से 1 की मौत



बेरमो। पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछरी दक्षिणी पंचायत के विद्यापुरी मुहल्ला में शंभू प्रसाद दास ( 64 वर्ष) की गुरुवार की सुबह बिजली करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि घर के सामने ही यकायक बिजली तार गिरने से चपेट में आ गया।आनन-फानन में उनके चचेरे भाई सह मुखिया प्रतिनिधि देवी दास व अन्य परिजन-पड़ोसी सीसीएल केन्द्रीय अस्पताल ढोरी ले गए, जहां जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी मिलने पर पेटरवार थाना की पुलिस पहुंची। इसके बाद पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेजा गया। मृतक के आश्रितों में पत्नी और एक अविवाहित बेटी है, जिनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया है।? मृतक घूम-घूम कर फेरी कर जीविकोपार्जन करता था। इधर, मृतक के ससुराल सहित अन्य आस-पास व दूर-दराज से परिजन पहुंचे।

### हादसे में घायल की मौत

रामगढ़। थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़-दुमका मुख्य मार्ग पर महुबना के पास बुधवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में चिहरबनी गांव के सुनील टुडू एवं रिश्ते में आया दामाद सुभाष हांसदा बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गुरुवार की दोपहर कारूडीह गांव के 22 वर्षीय सुभाष हांसदा की मौत हो गई। सुनील टुडू रिश्ते में दामाद के साथ बाइक से महुबना की ओर जा रहा था। वनांचल ग्रामीण बैंक के पास बाइक सड़क किनारे खड़ी आटो से टकरा गई। दोनों नशे में धुत थे। बाइक सुभाष ही चला रहा था।

### एसकेएमयू प्रशासन ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर की बैठक

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने गुरुवार को एकेडमिक ब्लॉक पहुंचकर शिक्षकों के साथ गुरुवार को अनौपचारिक बैठक की। बैठक कर कुलपति डॉ सिंह ने शिक्षकों से विश्वविद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बातचीत की। मालूम हो कि विश्वविद्यालय के कई विभागों में पीजी सेमेस्टर-4 एवं 2 के छात्र-छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन एवं शोध प्रबंध का कार्य चल रहा है। कुलपति ने उपस्थित विभागाध्यक्षों से इसकी जानकारी ली।

## पाकुड़ में बाबूलाल मरांडी ने भरी हुंकार, कहा झारखंड में होगी भाजपा की सरकार

# आदिवासियों की आबादी में गिरावट उनके अस्तित्व पर संकट के निशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाकुड़।** गुरुवार को स्थानीय परिषदन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में लगातार आदिवासियों की गिरती संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी में लगातार गिरावट उनके अस्तित्व पर संकट के निशान हैं।

उन्होंने कहा कि 1951 में संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी 44, 67% थी ।2011 के जनगणना में महज 11% बताया गया है। उन्होंने कहा कि अब तो और भी काम हो गया होगा। यह हमारे प्रदेश के लिए एक चुनौती है और भारी चिंता का विषय है। राज्य सरकार को इस विषय पर गंभीर होना चाहिए और एस आई टी गठित कर जांच करानी चाहिए। संथाल परगना एसपीटी एक्ट लागू है बबजूत तेजी से यहां के डेमोग्राफी बदलने से आदिवासियों की स्थिति में में लगातार गिरावट हो रही। 1951 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम आबादी संथाल परगना में 9.44% थी। आज 2011 की जनगणना के अनुसार 22.73 प्रतिशत हो गई है। बांग्लादेशी लगातार घुसपैठ कर रहे हैं।

मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों के विकास का काम सिर्फ छलावा मात्र है। विपक्ष के दुष्प्रचार के बावजूद झारखंड के 14 सीटों में बीजेपी को नौ सीट पर जीत हासिल हुई हे। एन डी ए गठबंधन को झारखंड में 81 लाख वोट मिले हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को 50 से अधिक सीटों फतेह करेगी और राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। इसमें कहीं कोई दो मत नहीं है। आने वाला दिन भाजपा का है।

मौके पर जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, सुफल मरांडी, मिस्त्री सोरेन मिस्त्री, मिसफिका, अनुग्रहित प्रसाद साह, अजीत रविदास, मिट्ठू भगत, हिसाबि राय, संप्पा साह सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मनोविज्ञान विभाग में सेमिनार का आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में मनोविज्ञान विभाग में सेमेस्टर -4 के छात्रों के लिए गुरूवार को सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का विषय वस्तु रहा इमर्जिंग फिल्ड इन साइकोलॉजी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में अतिथियों को स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ शर्मा ने कहा कि आज मनोविज्ञान की आवश्यकता जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में है। यह न केवल व्यक्ति और समाज के चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। बल्कि राष्ट्रिय चरित्र निर्माण में भी योगदान देता है। आज मनोविज्ञान की उपेक्षा का नतीजा है कि समाज में विसंगतियों का अंबार है। तनाव, विषाद, असुरक्षा, हिंसा आदि की मनोविकारी स्थिति है। आज देश में 95 फीसदी से अधिक लोग मानसिक रोग लक्षणों के शिकार है।

## स्थापना दिवस पर सम्मानित किए गये डीवीसी के पूर्व अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में मनाये जा रहे डीवीसी स्थापना दिवस के अवसर पर डीवीसी के सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डीवीसी के पूर्व कार्यपालक निदेशक महेश चंद्र मिश्रा पूर्व परियोजना प्रधान एनके चौधरी बीबी दास उनकी धर्मपत्नी तथा सपन राय चटर्जी शामिल हुए। मौके पर महेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि डीवीसी के अधिकारियों में नॉलेज की कमी नहीं है। पूर्व परियोजना प्रधान एनके चौधरी ने अपने कार्यकाल के अनुभवों की चर्चा करते हुए कहा कि विपरीत स्थिति में भी अभियंताओं को विचलित होने की जरूरत नहीं है। पूर्व परियोजना प्रधान बीबी दास ने कहा कि अभियंताओं को अपने कर्मठ साथियों के साथ एक परिवार की तरह व्यवहार करना चाहिए। पूर्व परियोजना प्रधान सपन राय चटर्जी ने प्लांट संचालन के लिए तकनीकी समस्याओं के निदान पर विस्तृत चर्चा की। वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने उपस्थित अधिकारियों को सम्मानित किया। समारोह में वरिष्ठ जीएम डीसी पांडेय डीजीएम संजीव कुमार दिलीप कुमार आरआर ओझा दीपक कुमार महावीर ठाकुर अजीत कुमार सिन्हा आरपी सिंह सत्येंद्र कुमार हरि मुकुंद प्रजापति कंचन अस्मिता टोप्पो श्वेता रानी अजय सतीश टोप्पो अभिमन्यु सिंह तरुणेश्वर प्रसाद मुकेश कुमार मो इम्तियाज विनय कृष्ण दास जीतू रजक राजकुमार दे पंकज कुमार सिंह राजकुमार चौधरी रविंद्र कुमार अक्षय कुमार आदि शामिल थे।

## दुमका : हादसे में खदान प्रबंधक समेत तीन की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव के समीप गुरुवार की अहले सुबह कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण गाड़ी मालिक सह पत्थर खदान प्रबंधक 22 वर्षीय अभिषेक मोदी की मौत हो गई। वहीं बुधवार की रात शहर के दुधानी में बाइक की टक्कर से 49 के फिरोज अंसारी और रामगढ़ के महुबना में सड़क दुर्घटना में घायल 22 साल के सुभाष हांसदा की मौत हो गई। दुधानी में हादसे से नाराज लोगों ने दस लाख की मांग को लेकर एक घंटे के लिए दुधानी टावर चौक जाम कर दिया। बाइक चालक ने दस हजार की तुरंत मदद और बाकी पैसा जल्द देने का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया।

इधर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गणेशपुर के निकट सुबह तीन बजे कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण अभिषेक मोदी की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह दुमका में एक शादी समारोह में अपने कुछ साथियों के साथ गया था। अहले सुबह वापस आने के कारण पहले साथियों को बरमसिया में उतारा और इसके बाद घर के लिए चल दिया। गणेशपुर के पास कार अनियंत्रित होने के कारण पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार चला रहे अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। अभिषेक एक पत्थर खदान में प्रबंधक था। वह एक बच्चे का पिता था और उसकी पत्नी गर्भ से है।

**सड़क पार कर रहे अधेड़ को मारी ठोकर :** नगर थाना क्षेत्र के दुधानी में बुधवार की देर शाम दुकान बंद करने के बाद सड़क पार कर नाश्ता लेने जा रहे 49 साल के फिरोज अंसारी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। लोगों ने बाइक सवार शिकारीपाड़ा के युवक को पकड़कर नगर थाना के सुपुर्द कर दिया। सुबह पोस्टमार्टम से पहले दुधानी के लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर एक घंटे के लिए टावर चौक जाम कर दिया। लोगों ने बताया कि पांच बच्चों का पिता फिरोज कोलकाता सीट कवर नामक दुकान में काम करता था। दुकानदार बंद सड़क पार रहा था, तभी दुधानी की ओर से आते बाइक सवार ने ठोकर मार दी। चालक नशे में धुत था। जब तक प्रशासन मुआवजा नहीं देगा, तब तक जाम नहीं हटेगा। सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक चालक से दस हजार रुपया देकर जाम समाप्त कराया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि मृतक को और भी मुआवजा दिया जाएगा।

## भाजपा ने पोड़ैयाहाट में कार्यकर्त्ता अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गोड्डा।** गुरुवार को भाजपा पोड़ैयाहाट विधानसभा कार्यकर्त्ता अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन ब्याहुत धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन और किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह छत्तीसगढ़ के प्रभारी बजरंगी यादव थे। सबसे बड़ी आज की अभिनंदन समारोह की खासियत थी कि लोकसभा चुनाव में पोड़ैयाहाट विधानसभा के 373 बूथ में से 217 बुथ में भाजपा ने बढ़त बना था इसके लिए झारखंड प्रदेश ने सभी बूथों और शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्ष संयोजक, सहसंयोजक सभी पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। कार्यकर्ता सम्मान समारोह में संयोजक गजाधर सिंह और सह संयोजक लक्ष्मी चक्रवर्ती को बनाया गया था। मंच में आसीन पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी ने 2024 में पोड़ैयाहाट विधानसभा को फतह करने के लिए संकल्प लिया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, कृष्ण कन्हैया, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेन्द्र नाथ सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, वरिष्ठ नेता सुभाष चंद्र यादव, जिप सदस्य राघवेंद्र सिंह, चुंडा मरांडी, एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री सुशील टुडू, भवेशनंद महाराज, अर्जुन रॉय, राजीव भगत, राजीव भगत उर्फ डब्लू भगत, सिमोन टुडू, मिथलेश झा, सुशील रूज, विनोद भगत, अनंत राम ठाकुर, अशीष संतोष भगत आदि उपस्थित थे। पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्त्ता और आदिवासी के बेटा भी एमएलए, मंत्री, एमपी बन सकता हैं, लेकिन जेएमएम में कोई भी पार्टी का कार्यकर्ता का सम्मान नहीं है।

## राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए डीपीएस बोकारो में होगा सेलेक्शन ट्रायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** आगामी 26-28 जुलाई को होटवार रांची में आयोजित 14 वीं सब जूनियर एवं जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो जिले की टीम गठित करने हेतु बोकारो जिला तैराकी संघ की ओर से 14 जुलाई को सेलेक्शन ट्रायल रखा गया है। खिलाड़ियों का चयन सेक्टर 4 स्थित डीपीएस बोकारो के स्विमिंग पूल एरिया में किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष व डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि इस ट्रायल में जिले के किसी भी विद्यालय क्लब ग्रामीण क्षेत्रों एवं अन्य जगहों के स्वतंत्र प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। विभिन्न स्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित तैराकों को बोकारो टीम में शामिल होने का अवसर मिलेगा और वे राज्यस्तरीय उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्विमिंग की फ्रीस्टाइल बैक स्ट्रोक ब्रेस्ट स्ट्रोक बटरफ्लाई स्ट्रोक व्यक्तिगत मेडले फ्रीस्टाइल रिले और मेडले रिले रेस वर्गों में प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।


बोकारो जिला तैराकी संघ बच्चों और युवाओं का तैराकी कौशल लगातार निखार रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# श्री कृष्ण तो अनुग्रह अर्थात पुष्टि पुरुषोत्तम हैं - माधव जी महाराज

## बांकेबिहारी अपनी लीलाओं के लिए लोकपूज्य होतें हैं

खबर मन्त्र सवाददाता





**मैथन।** चिरकुंडा-पंचेत रोड स्थित श्री श्रीराम भरोसा धाम के प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन पर कथावाचक श्री माधव जी महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण पुष्टि पुरुषोत्तम हैं,अतः वे सद्योमुक्ति देते हैं । अन्यथा वैश्य, क्षत्रिय, ब्राह्मण, अग्निहोत्री, ब्राह्मनिष्ठ योगी आदि उत्तरोत्तर क्रमिक वर्णों से गुजरे बिना मुक्ति नहीं मिल पाती। यदि कन्हैया किसी जीव के प्रति दयालु हो जाय और कृपा कर दें तो जीव सीधा बैकुंठ में जा सकता है।

वैसे भगवान की साधारण कृपा तो सभी जीवो पर होती है, किन्तु किसी जीव पर वे विशिष्ट कृपा भी कर देते हैं। जब कोई जीव परमात्मा की प्रार्थना, धारण , चिंतन, साधना करते- करते थक हार कर रोने लगता है, दीन हो जाता है, उस जीव पर प्रभु की विशिष्ट कृपा दृष्टि होती है और उस जीव की उसी जन्म में मुक्ति हो जाती है। श्री कृष्ण तो ब्रह्मांड के स्वामी हैं। वे जो चाहे सो कर सकते हैं। श्री कृष्ण तो अनुग्रह अर्थात पुष्टि पुरुषोत्तम है।जिस किसी जीव पर वह अनुग्रह करते वह तत्काल मुक्त हो जाता है।श्री कृष्ण जब चाहे किसी भी सुपात्र जीव को बंधन मुक्त कर सकते हैं।

परमात्मा प्रेमयबल से किसी भी वैष्णव को तत्काल मुक्त कर सकते हैं। श्रीकृष्ण अपनी लीलाओं के लिए लोकपूज्य हैं, इसलिए लीला पुरुषोत्तम कहलाते हैं। ब्रज में वे बांकेबिहारी हैं, गिरिधारी हैं तो गुजरात में द्वारकाधीश हो जाते हैं। उन्हें नाथद्वारा में श्रीजी रूप में लाड़ लड़ाया जाता है तो पंढरपुर में विट्ठल रूप में पूजा जाता है।

जैसी लीलाएं रचीं, वैसे नाम उन्हें मिलते गए। इन्हीं योगेश्वर के नामों से पुष्पित यह पुष्पवेणी आज भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को उनके प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में कृष्ण भक्तों के लिए गूंथी गई है। श्रीकृष्ण सद्यः मुक्ति के दाता हैं।

इस अवसर पर श्री राम भरोसा धाम मंदिर के प्रधान पुजारी राम रतन पांडेय,आचार्य अविनाश पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, लक्ष्मी कान्त पाण्डेय,जगत नारायण तथा चिरकुंडा के भक्तगण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी रिहा

**धनबाद ।** शादी की नीयत से नाबालिक का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने के एक मामले में आज ने अपना फैसला सुनाया ।धनबाद पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने वरीय अधिवक्ता गजेंद्र कुमार की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद आरोपी राहुल यादव उर्फ करिया यादव को रिहा करने का आदेश दिया है । प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत राम कनाली ओपी में दर्ज की गई थी प्राथमिकी के मुताबिक नाबालिक स्कूल गई थी जिसके बाद वह वापस नहीं आई काफी खोजबीन के बाद भी उसे पता नहीं चला था। आठ दिनों के बाद नाबालिग को पुलिस ने तेतुलमार रेलवे स्टेशन से बरामद किया था।

### सात लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज

**कतरास।** कतरास पुलिस ने विद्युत विभाग के कनीय अभियंता देवीलाल सोरेन की शिकायत पर बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों के खिलाफ कांड अंकित किया है. निचितपुर निवासी शिव राम दुबे व रिंकी देवी, फूलवार निवासी राजेश कुमार दास व विनोद रजक, रघुनाथपुर निवासी मुकेश कुमार दास, गौतम दास, धर्मेंद्र दास के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

### जोगता के सिजुआ कॉलोनी में घर से चोरी

**कतरास।** जोगता थाना क्षेत्र के सिजुआ कॉलोनी में बुधवार को अज्ञात चोरों ने बीसीसीएलकर्मी बनकी मुर्मू के आवास की खिड़की का रॉड तोड़कर 20 हजार नगद समेत सोने चांदी के जेवरात चुरा लिए. घटना के समय घर में कोई भी नहीं था. मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

### कतरास गौशाला कांको रोड अपराधियों के लिए सेफ जोन बना

**कतरास।** थाना क्षेत्र के गौशाला रेलवे पुल से कांको मोड़ रोड तक इन दिनों अपराधियों व आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के लिए सेफ जोन बन गया है. बताते चले की बुधवार की संध्या अपराधियों ने गौशाला पुल के समीप
एक निजी कंपनी के कर्मी से लूटपाट का प्रयास किया. विफल रहने पर अपराधी गोली चलाते हुए भाग निकले. बताते चले की बाईक पर निजी कंपनी फ्यूनश माइक्रो के कर्मी रितेश कुमार से कतरास की ओर लौटने के दौरान गौशाला पुल के समीप लूट का प्रयास किया गया. इस दौरान उसे अपराधी ने पिस्तौल की बट से मारकर घायल कर दिया. बताते चले की कुछ दिनों पूर्व गौशाला पुल के समीप बैंक से पैसा लेकर अपने घर से रहे एक वृद्ध का पैसे से भरा बैग लेकर अपराधी भाग गए थे. बताते चले की शाम ढलते ही अपराधी यहाँ सक्रिय हो जाते हैं।

### मंदिर निर्माण के लिये दूदानी कालोनी में पूजन

**गोविंदपुर ।** गोविंदपुर दुदानी कॉलोनी में गुरुवार को महादेव मंदिर का भूमि पूजन विधि- विधान के साथ हुआ। समाज के सहयोग से यहा मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर दिनेश मंडल, डॉ यूएल विश्वकर्मा, संजय अग्रवाल, तालेबर महतो, गौर दास, कीरिटी भूषण रुज, ओमप्रकाश बजाज, बलराम साव मनोज जायसवाल, शत्रुघ्न साव, नारायण सेन, शांतो दा, राखाल तिवारी, रॉकी चंद्रवंशी, सत्यनारायण साव, संजय भगत, मनोहर प्रसाद, प्रेम सिंह, राजेश शर्मा आदि थे।

### 13 को भाजपा की विजय संकल्प सभा

**गोविंदपुर।** धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा की बैठक हरदेवराम स्मृति भवन गोविंदपुर में जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 13 जुलाई को राजविलास रिजॉर्ट कौआबांध बांध में अभिनंदन समारोह सह विजय संकल्प सभा आयोजित करने का निर्णय दिया गया। समारोह में सांसद ढुलू महतो एवं प्रदेश स्तरीय नेता मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

# जागृत मंदिर चीरागोड़ा में देव प्रतिमाओं का हुआ पुष्पाधिवास

## नव दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा रूद्र चण्डी महायज्ञ

खबर मन्त्र सवाददाता



**धनबाद ।** जागृत मंदिर चीरागोड़ा में प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र चण्डी महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य धर्मेंद्र पांडे, सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, गणेश शास्त्री ,रतन पांडे ,सौरभ दुबे ,विक्की मिश्रा, लवकुश पांडे, सत्यानंद पांडे ,ऋषभ कुमार ,सुमन पांडे ,श्रीकांत पांडे, नीतीश पांडे, द्वारा सस्वर रूद्री पाठ किया गया, ब्राह्मणों द्वारा मंदिर में स्थापित किए जाने वाले देव प्रतिमा भगवती जगदंबा, शंकर भगवान, राधा रानी, कृष्ण भगवान, राम दरबार, बजरंगबली के प्रतिमाओं का वैदिक रीति रिवाज से पुष्पाधिवास कराया गया । यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे ने बताया कि देव प्रतिमाओं को विभिन्न तरह के सुगंधित पुष्पों पर रखा गया तथा भगवती जगदंबा तथा अन्य देवताओं से यह प्रार्थना की गई की जिस भाव से हमने आपको पुष्प अर्पित किया है उसी तरह से आप हम सब पर प्रसन्न हो और अन्न धन की कमी न होने दें । यज्ञ मंडप में वेदी पूजन ,मंडप पूजन, कुंड पूजन हुआ । दोपहर 2:00 बजे से विद्वानों के सानिध्य में हवन शुरू हुआ जो संध्या 6:00 बजे तक चला। यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे ने बताया कि शुक्रवार को विद्वानों के द्वारा रुद्र व चंडी पाठ होगा समस्त आवाहित देवताओं की षोडशोपचार विधि से पूजन के बाद श्रृंगार अर्पित किया जाएगा। तत्पश्चात हवन होगा ।

# आउटसोर्सिंग प्रबंधन द्वारा मजदूरों की हाजिरी काटे जाने का विरोध



खबर मन्त्र सवाददाता

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर 2 कोलियरी में विगत दिनों एक राजनीतिक दल द्वारा की गयी बंदी के कारण आउटसोर्सिंग प्रबंधन द्वारा कार्यरत मजदूरों की हाजिरी काटे जाने के विरोध में गुरुवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन कर काटी गई हाजिरी देने की मांग को लेकर उत्पादन ठप कर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे यूनियन के क्षेत्रीय सचिव मधुरेंद्र गोस्वामी ने बताया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा. आंदोलन में यूनियन जे कार्यकारी अध्यक्ष बंपी चक्रवर्ती, हनान खान, उज्जवल गोराई, महादेव राय, आशीष गोस्वामी, सुल्तान खान,बबलू दास, विदेश मंडल, शमीम अंसारी,चंडी धिवर,मिथुन रवानी,भवन रोहिदास, वकील अंसारी, सफीउल काजी, काजल गोराई, षष्टी धिवर, कौशिक मंडल, समीर बाउरी,अजय दास, रवि मंडल, सुनील गोराई, अर्जुन रोहिदास, नईम खान, विशाल बाउरी, शेख नसीबुल, शेख रशीद, सुशील गोस्वामी, राम नारायण ताती सहित अन्य मजदूर डंटे हुए हैं. समाचार लिखे जाने तक आंदोलन जारी था।

## एक नजर में

### कतरास व जोगता में मुहर्रम को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**कतरास।** मुहर्रम त्योहार को लेकर गुरुवार को कतरास व जोगता थाना के प्रांगण में शांति समिति और पुलिस जन सहयोग समिति र्की बैठक थाना प्रभारी की अध्यक्षता में हुई। कतरास थाना में बैठक का संचालन मोहम्मद शहाबुद्दीन ने किया बैठक में थाना क्षेत्र के 13 अखाड़ा के अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। थाना प्रभारी असित कुमार ने कहा की मयार्दा पूर्वक खेलना है तथा खतरनाक करतब दिखाने से बचना है। उन्होंने सभी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम का त्योहार संपन्न करने को लेकर सहयोग की अपील की। मौके पर बाघमारा अंचलधिकारी सीओ रवि भूषण प्रसाद, निगम के प्रदीप रजक, बिजली विभाग से देवीलाल सोरेन, अशोक लाल, येनुल हक, मासूम खान, मुकेश भट्ट,फिरोज राजा, रणधीर ठाकुर, कमलेश सिंह, मुनासिधकी, सदर एमडी सबीर उर्फ पप्पू, रामबचन पासवान, महेश पासवान, जीतेश रजवार, उदय वर्मा, एतराम कुरेशी, प्रिंस शर्मा, जियाहुल हक , मुना यादव आदि लोग मौजूद थे।

### मुन्ना हो या मुनिया हो, दो बच्चों की हो दुनिया के नारो के साथ मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

**धनबाद।** विश्व जनसंख्या दिवस पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किये गए। मुन्ना हो या मुनिया हो, दो बच्चों की दूनिया हो, विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन नव दंपति की बने शान आदि नारों के साथ सहियाओं ने शहर में प्रचार प्रसार किया। साथ ही वृहद प्रचार प्रसार के लिए सारथी रथ को भी रवाना किया गया। वहीं नव दंपत्ति के बीच परिवार नियोजन कीट और सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। इससे पूर्व विश्व जनसंख्या दिवस पर गुरूवार को सदर अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सिविल सर्जन सीबी प्रतापन ने सहियाओं को बताया कि हमलोग बासकेट ऑफ सर्विसेज लेकर आए है। इसकी जानकारी आपलोगों को घर घर जाकर देनी है। वहीं परिवार कल्याण विभाग के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि हमलोगों का थीम है छोटा परिवार, सुखी परिवार, जनसंख्या का समाज में प्रभाव और उसपर खुलकर बात करने का यह समय है।

### शशनाम स्मारक इंटर कॉलेज में खिलाड़ियों का सम्मान



**कतरास।** शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में 63 वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल खिलाड़ियों एवं धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रायोजित वीणा मेमोरियल अंडर 18 लीग क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले में जीते खिलाड़ियों को मेडल, बुके व कप देकर सम्मानित किया गया. मौके पर प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने कहा कि छात्र छात्राएं खेल कूद में बेहतर प्रदर्शन कर भविष्य उज्जवल बना सकते हैं. मौके प्रो मोकितउद्दीन, प्रो रमेश प्रसाद, प्रो समीर कुमार महतो थे।

### नगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**गिरिडीह।** मुहर्रम त्यौहार को लेकर नगर थाना में गुरुवार को शांति समिति की बैठक एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सदर अंचलाधिकारी मोहम्मद असलम, नगर थाना प्रभारी शैलेष प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, नगर निगम के सिटी मैनेजर मंजूर आलम सहित कई अधिकारियों के अलावे शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। शहर में यातायात बिजली पानी और अन्य समस्याओं का जिक्र किया गया। कुछ दिनों से शहरी क्षेत्र में बिजली और पानी की आपूर्ति की हालत बेहद खराब हुआ है। ऐसे में निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति को लेकर पदाधिकारियों को कड़े निर्देश देने की जरुरत है। वहीं बैठक में पदाधिकारियों ने चर्चा करते हुए कहा कि किसी सूरत में आग के लुक का इस्तेमाल अखाड़ो में नहीं होना चाहिए। बैठक के दौरान एसडीएम ने कहा कि आग के लुक के धुनने से किसी अप्रिय घटना के होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# सीए इन्टरमीडिएट एवं सीए फाइनल परीक्षा में छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के सत्र 2020-22 के पूर्व छात्र दयाल कुमार बाउरी, ईशा कुमारी वं शुभम कुमार अग्रवाल ने सीए इन्टरमीडियेट की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर सीए फाइनल में अपना स्थान बनाया है। सत्र 2017-19 पूर्व छात्र राहुल कुमार ने सीए फाइनल परीक्षा में सफलता हासिल कर नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार, अध्यक्ष प्रदीप खेमका, सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया, श्रेया सरकार एवं समस्त आचार्यो ने छात्रों को बधाई दी ।

# झामुमो ने बरबिंदिया पुल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र सवाददाता



**मैथन।** निमार्णाधीन निरसा बरबिंदिया पुल का निरीक्षण गुरुवार को झामुमो जिला अध्यक्ष लख्खी सोरेन व जिला सचिव तपन तिवारी के नेतृत्व में एक टीम ने किया. निर्माण कार्य में लगी कंपनी राजवीर कंस्ट्रक्शन को सही ढंग से काम करने की नसीहत दी गई. बारबिंदिया पुल के कार्य को देखते हुए लखी सोरेन ने कहा कि बीच-बीच में आकर निर्माण कार्य को देखेंगे. निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. श्री सोरने ने कहा कि स्थानीय लोगों को मैनपॉवर और रो मैटेरियल का सप्लाई काम मिलना चाहिए. उन्होंने सभी राजनीति दलो से पुल निर्माण कार्य मे सहयोग देने की अपील की, ताकि पुल मजबूती से बन पाये पाये. बता दें कि वर्ष 2007-2008 में बराकर
नदी में बरबिंदिया पुल का निर्माण शुरू हुआ था. अगर तय समय पर पुल बन जाता तो झारखंड के 8 जिले सीधे एक दूसरे से जुड़ जाते. निरसा से जामताड़ा की दूरी 40 किलोमीटर से घटकर महज 25 किलोमीटर हो जाती. परंतु निर्माण कार्य के दौरान ही दो पिलर ढह गया था। काफी हो हंगामा के बाद 16 वर्ष बाद काम शुरू हुआ। टीम में प्रखंड अध्यक्ष लखविंदर मरांडी, उमेश हेंब्रम, पवन कुमार, सुभाष हेंब्रम, सुकू सोरेन, पवन कुमार मांझी आदि मौजूद थे।

# रंजय हत्याकांड में अनुसंधानकर्ता का प्रति परीक्षण पूरा

खबर मन्त्र सवाददाता



रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह का फाइल फोटो

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत में कांड के अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी का प्रति परीक्षण हुआ । वरीय अधिवक्ता समर श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शर्मा ने अनुसंधानकर्ता का प्रति परीक्षण किया । बीते चार तारीख से श्री तिवारी का प्रति परीक्षण किया जा रहा था । जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की

अदालत ने अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान

जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया । वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे ।

रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है ।

पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था । जबकी चंदन शर्मा ,हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है । रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी ।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता रथ किया रवाना





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विश्व जनसंख्या दिवस ''विकसित भारत की पहचान परिवार नियोजन हर दम्पति की शान'' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसे लेकर बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी त्रतुराज एवं सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम 11 जुलाई 2024 से 10 अगस्त 2024 तक किया जाना है। इसमें सहिया व सेविका अपने-अपने क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जाकर लोगों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी देते हुए जागरूक करने का कार्य करेगी। वहीं योग्य दंपति के बीच नई पहल कीट का वितरण कर डीडीसी द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जागरूकता रथ परिवार नियोजन के प्रति लोगों जागरुक करेगी। ताकि परिवार नियोजन का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जा सके। मौके पर डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, डीपीसी पंकज कुमार, डीयूएचएम विनीत अग्निहोत्री, डीपीसी आयुष्मान भारत सुमित कुमार, अविनाश आनंद, दीपेश कुमार, मुकेश राणा समेत, सभी सहिया, योग्य दंपत्ति एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# मंत्री सत्यानंद भोगता ने मां भद्रकाली मंदिर में की पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड सरकार में पांचवीं बार कैबिनेट मंत्री बनने के बाद मंत्री सत्यानन्द भोगता ने हजारों समर्थकों के साथ चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड स्थित विश्वप्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना की और देश प्रदेश में सुख शांति समृद्धि की कामना की।इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने चतरा जिले की जनता के स्नेह और प्यार के लिए आभार जताया। उनके मंदिर आगमन पर राजद कार्यकताओं ने ढ़ोल नगाड़े बजाकर और आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव समेत हजारों समर्थक मौजूद रहे।

## एक नजर में

### विधानसभा चुनाव में मूलनिवासी समाज पार्टी 15 विधानसभा क्षेत्र से किया उम्मीदवार की घोषणा

**कोडरमा।** मूलनिवासी समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अजय कृष्ण ने प्रेस व्यान जारी कर कहा कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में मूलनिवासी समाज पार्टी 15 विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार देगा। उन्होंने ने बताया कि झारखंड में संगठन विस्तार किया गया है। जिसमें प्रदेश महासचिव प्रदीप तूरी को जमुआ विधानसभा क्षेत्र से मूलनिवासी समाज पार्टी से प्रत्याशी बनाया गया है। कोडरमा जिला अध्यक्ष शंकर राम रजक दुधीमाटी कोडरमा निवासी, त्रिभुवन प्रसाद बर्णवाल परसाबाद निवासी को जिला उपाध्यक्ष, बिरजू राम ग्राम बंगाई डोमचांच निवासी को जिला सचिव, रंजीत कुमार डोमचांच को डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष, सुरेन्द्र प्रसाद यादव प्रखंड देवीपुर निवासी को देवघर जिला का जिलाअध्यक्ष और मुापुर विधानसभा क्षेत्र से मूलनिवासी समाज पार्टी से प्रत्याशी बनाया गया है। चंचल भारती, हटिया विधानसभा क्षेत्र से मूलनिवासी समाज पार्टी से प्रत्याशी बनाया गया और दिलीप कुमार को हटिया विाानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। दुर्गा यादव को डोमचांच प्रखंड का महासचिव बनाया गया। रामचन्द्र राम ग्राम बंगाई, डोमचांच निवासी को कोडरमा जिला का उपाध्यक्ष बनाया गया है। रंजन कुमार साव डोमचांच निवासी को प्रखंड कमिटी का उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं विरेंद्र कुमार साव ग्राम सपही निवासी को जिला सचिव बनाया गया है।

### नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलश यात्रा

**इटखोरी।** इटखोरी के बाभन टोला में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह एकादशी उद्यापन के लिए कलश यात्रा निकाली गई। इस एकादशी उद्यापन और मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन इटखोरी बाभन टोला निवासी इश्वर सिंह, अरूण, राकेश सिंह और निलम देवी द्वारा किया जा रहा है। कलश शोभायात्रा में बड़ी संख्या में कुंवारी कन्याओं और महिलाओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने मां भद्रकाली मंदिर स्थित उत्तर वाहिनी मुहाने नदी से कलश में जल भरा और आचार्य गणेश शास्त्री, आचार्य विवेक पांडेय, नेपाल पांडेय और सुनील पांडेय के नेतृत्व में पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे। इस धार्मिक आयोजन का समापन 17 जुलाई को हवन, उद्यापन और भंडारे के साथ होगा। इस मौके पर सतीश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, बाला सिंह, पुल्लू सिंह, डब्ली सिंह, सुरेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पत्रकार कुलदीप दास ने किया सिमरिया से चुनाव लड़ने का फैसला



**चतरा।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से पत्रकार सह प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप दास ने चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने क्षेत्र के विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र नेतृत्व विहीन हो गया है और इस स्थिति में उन्होंने चुनाव में आने का फैसला लिया है।कुलदीप दास ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का अंबार है और वह गरीबों की आवाज बनेंगे। उन्होंने कहा कि नौकरी, मुआवजा, विस्थापन, दुर्घटना मुआवजा, नो एंट्री, रोजगार, बिजली, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जनता को लाभ मिलेगा। कुलदीप दास ने कहा कि जेबी केएसएस पार्टी उनकी पहली प्राथमिकता है, लेकिन अगर बात नहीं बनी तो वह कोई और फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार होने के नाते वह क्षेत्र की एक-एक समस्या से अवगत हैं और उनका समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि अफसरशाही और कमीशनखोरी पर लगाम लगाना उनकी प्राथमिकता होगी। कुलदीप दास का विधायक समर्थक रहने के बाद चुनाव में आना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस



सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत हलकुशा कलीडीह में एक महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। वहीं बताया जाता है कि हलकुशा निवासी जितेंद्र साव की 39 वर्षीय पत्नी बबिता देवी की संदेहास्पद अवस्था में मौत हो गयी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के सम्बंध में मृतिका के बच्चों के द्वारा छत में रस्सी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। वहीं सूत्रों की माने तो इस घटना को लेकर आपसी विवाद से जोड़ कर देखा जा रहा है। इस घटना के संबंध में मृतिका की बहन ने बताया कि पूर्व में भी मेरी बहन के साथ ससुराल वालों के द्वारा मारपीट किया जा रहा था। वहीं उन्होंने कहा कि काफी समय से मनमुटाव चल रहा था, इसी को लेकर ऐसी घटना घटी। महिला की मौत हत्या है या आत्महत्या पुलिस इसकी संघन जांच कर रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि महिला की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत में सच्चाई क्या है यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व अनुसंधान के बाद ही पता चलेगा। हालांकि मौत की पीछे की वजह को लेकर कोई भी खुलकर कुछ नहीं कह रहा है। घटनास्थल पर एसआई रौशन पासवान, कार्तिक सिंह मुंडा, पुलिस बल-पवन कुमार, रामदेव प्रसाद के अलावा स्थानीय चौकीदार मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### डीएमएफटी मद से कराए गए सुंदरीकरण कार्य की जांच



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में डीएमएफटी मद से कराए गए सुंदरीकरण कार्य का जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने की। जिला उपायुक्त के निर्देश पर जांच की जा रही है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सुंदरीकरण का कार्य डीएमएफटी मद से लगभग 16 लाख की लागत से किया गया है। जांच कर विभाग को रिपोर्ट दी जानी है।मौके पर कनीय अभियंता सचिन दत्त शर्मा और संवेदक लखन दांगी भी मौजूद थे।

### जेजेए प्रखण्ड ईकाई का हुवा गठन, अध्यक्ष बने संतोष यादव



**कुंदा (चतरा)।** गुरुवार को जेजेए पत्रकार संघ प्रखण्ड इकाई की आवश्यक बैठक पत्रकार संतोष यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नए कमेटी का गठन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से संतोष यादव को अध्यक्ष, अजित कुमार यादव को सचिव, व कोषाध्यक्ष अरुण गुप्ता को बनाया गया। पत्रकार प्रखंड इकाई अध्यक्ष पद का दायित्व संभालने के उपरांत श्री यादव ने कहा की पत्रकारों के लिए स्थानीय राजनीति, भ्रष्टाचार और अपराध जैसे मामलों की रिपोर्टिंग करना किसी युद्ध की स्थिति से कम नहीं है लेकिन फिर भी अनुशासित रहते हुए स्वतंत्र रूप से निष्पक्ष पत्रकारिता करना ही हम सभी पत्रकारों का लक्ष्य है। बैठक के दौरान धर्मेंद्र गुप्ता, रंजीत सौंडिक, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष बंटी कुमार, विनय गुप्ता, लवकुश यदुवंशी उपस्थित थे।

### बीडीओ ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत मझगावां पंचायत के बूथ संख्या 165 और 166 का औचक निरीक्षण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बीपीआरओ, बीएलओ और सुपरवाइजर को मतदाताओं के लिए पानी, बिजली और आने-जाने की सुविधा को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बूथ पर किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा और अन्य मतदाता भी उपस्थित थे।

### ड्राप आउट बच्चे एनआईओएस में ले सकते हैं दाखिला

**कोडरमा।** जिले के 15 से 18 वर्ष आयु वाले ड्राप आउट के बच्चे अब एनआईओएस के जरिये अपना पढ़ाई जारी रख सकते है, इसको लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत समग्र शिक्षा कार्यक्रम द्वारा निर्देश जारी किया गया है।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में फायर सेफ्टी पर कार्यशाला का आयोजन

## आग बुझाने के विभिन्न उपकरणों और उनके सही उपयोग के तरीके



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** शाखा के फायर डिपार्टमेन्ट के एडिशनल फायर इंचार्ज बिमान चन्द्र मांझी, लीडिंग फायरमैन ड्राइवर नारायण लोहरा और फायरमैन ड्राइवर जामेश्वेर राम ने सेक्रेड हार्ट स्कूल में फायर सेफ्टी पर एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आग से बचने के तकनीक उपायों की जानकारी प्रदान करना था, ताकि छात्रों और स्कूल स्टाफ को किसी भी आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रखा जा सके। फायर सेफ्टी के मूल सिद्धांतः आग लगने के संभावित कारण और उनकी पहचान कैसे करें।

**आग से बचने के उपाय**

स्कूल परिसर में विभिन्न स्थानों पर आग लगने की स्थिति में निकासी के सुरक्षित मार्गों की जानकारी होना, आग लगने पर धुआं और ऊष्मा से बचने के लिए नाक और मुंह को कपड़े से ढकना और जमीन पर रेंगते हुए बाहर निकलना।

**फायर ड्रिल**

फायर ड्रिल के महत्व और उन्हें नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता। आग लगने पर घबराहट से बचने और शांत रहते हुए सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह।

**प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन सहायता**

आग में झुलसने या धुआं सांस लेने की स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा के उपाय। आपातकालीन सेवाओं को तुरंत सूचित करने और उनके आने तक की जाने वाली प्राथमिक तैयारियां। वहीं प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कहा, हमारे स्कूल के लिए यह कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हमारे छात्रों और स्टाफ को फायर सेफ्टी के ज्ञान और कौशल प्राप्त होते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हम किसी भी आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रहें और सही समय पर सही निर्णय ले सकें। कार्यशाला के अंत में प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारे बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस कार्यशाला ने हमें आग से बचने के महत्वपूर्ण उपाय सिखाए हैं। मैं फायर डिपार्टमेंट की टीम का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे छात्रों और स्टाफ को इतनी उपयोगी जानकारी प्रदान की। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### पिकअप वाहन चोरी की घटना को लेकर थाने में दिया आवेदन

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जयनगर रोड से बुावार की रात एक पिकअप वाहन को चुराकर भागने की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया। पिकअप वाहन संख्या जेएच12ई-2336 घर के सामने खड़ी थी। जब घर के बाहर वाहन मालिक आया तो वाहन को खड़ा नहीं पाया। सभी जगहों पर वाहन मालिक ने खोज बीन किया, मगर वाहन का पता नहीं चल पाया। वहीं इस संबध में वाहन मालिक अजय कुमार पिता बाबूचंद ने डोमचांच थाना में वाहन चोरी की घटना को लेकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस घटना को लेकर छान-बीन में जुट गई है।

# पत्रकारों पर हमला करना हमलावरों को पड़ेगा भारी : सुनील कश्यप



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर निवासी पत्रकार कुदुस आलम पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केशरी से मुलाकात की और हमलावरों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। एसडीपीओ अजय केशरी ने फाइल मंगवाकर मामले का विस्तृत अध्ययन किया और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह सिमरिया का मामला हो या गिद्धौर का। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने कहा कि अब पत्रकारों पर हमला करना हमलावरों को भारी पड़ेगा क्योंकि चतरा प्रेस क्लब लोकतांत्रिक तरीके से गठित हुआ है और सभी पदाधिकारियों का चयन भी लोकतांत्रिक तरीके से किया गया है। चतरा प्रेस क्लब चट्टानी एकता के साथ खड़ा है और हमलावरों की गिरफ्तारी तक चैन से नहीं बैठेगा।

# छात्र-छात्राओं के बीच निः शुल्क साईकिल वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के सभी सरकारी विद्यालय के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की महवाकांक्षी योजना निः शुल्क साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से जयनगर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल वितरण किया गया। निः शुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत 330 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। जिसमें 160 छात्र और 170 छात्राएं शामिल हैं। निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ककरचोली, बेको, डंडाडीह, नवादा, पिपचो, पांडु, मध्य विद्यालय घंघरी समेत अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया।

# इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार इस्लामिक महीने की मुहर्रम माह का शुरुआत हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार इस्लामिक महीने की शुरुआत मुहर्रम माह सोमवार को चांद दिखने के साथ हो गया। चांद दिखने के 5वें दिन शुक्रवार को मिट्टी लाने की रस्म के साथ मुहरर्म पर्व की शुरूआत हो जाएगी। मुहर्रम की पांचवीं तारीख को मिट्टी लाने की रस्म की जाती है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के इमामबाड़ों से जुड़े लोग प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्बला से डंका नगाड़े के बीच मिट्टी लाने के लिए शुक्रवार शाम को जाएंगे और कर्बला से मिट्टी लेकर उसी तरह डंका नगाड़े के साथ इमामबाड़े पर आएंगे और मिट्टी रखने की रस्म को पूरा करेंगे। तैयारी को लेकर दरगाह मुहल्ला स्थित सरकारी दरगाह कमेटी मेंबर एनामुल शेख, आजाद शेख, मो.मुन्ना शेख, शाहिल शेख, सोहेल शेख दिलशाद, आसिफ शेख, साहिल खान, मो.समीर समेत कई मुस्लिम धर्मावलंबियों के बूढ़े बुजुर्गों ने बताया कि मुहर्रम में ताजिया निर्माण के पूर्व कर्बला से मिट्टी लाने का दस्तूर काफी महत्वपूर्ण है। मुहर्रम को लेकर सभी इमामबाड़ो की साफ-सफाई का काम पूरा कर लिया गया है।


# चतरा जिला प्रशासन ने 21 कंप्यूटर ऑपरेटरों का किया तबादला


समाहरणालय, चतरा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा के सरकारी कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा अवैध वसूली की खबरें सामने आने पर मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्त को जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद चतरा जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वर्षों से एक ही जगह जमे 21 कंप्यूटर ऑपरेटरों का तबादला कर दिया। चतरा उपायुक्त ने संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है और वरीय पदाधिकारियों को कार्यालयों का निरीक्षण करने और लापरवाह कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीसी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि आम जनता को बेवजह परेशान करने वाले कर्मियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका समय पर निष्पादन करें।?मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अवैध वसूली करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटरों में हड़कंप मच गया है और कई पदाधिकारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं। उन्होंने कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी है कि अवैध वसूली करने वाले सुधर जाएं, नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कुंदा पत्रकार संघ ने किया पौधारोपण



**कुंदा (चतरा)।** चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप के दिशा निर्देश पर गुरुवार को कुंदा में पत्रकार संघ के द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम पत्रकार संघ के अध्यक्ष संतोष यादव व प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष बंटी कुमार के नेतृत्व में किया गया। बंटी कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेस क्लब चतरा के द्वारा 20 जुलाई तक पौधारोपण कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आम लोगों से अधिक से अधिक पौधा लगाने का अपील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे से पृथ्वी की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलित रहता जो जीवप्राणियों के लिए आवश्यक है।पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान अरुण गुप्ता, विनय गुप्ता, रंजीत सौंडिक, अजित यादव मौजूद रहे।

# ग्रिजली कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर वैश्विक स्तर पर जनसंख्या वृद्धि के प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावाान में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड.सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने उक्त विषय पर विस्तृत जानकारी चित्रित करते हुए जनसंख्या वृद्धि के कारण, दुष्प्रभाव एवं निवारण पर अपने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या वृद्धि निश्चित तौर पर वैश्विक जवलंत समस्या है, जो किसी भी राष्ट्र के विकास एवं बेरोजगारी का सबसे बड़ा बाधा है। हमें इसे नियंत्रित करने के लिए समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं डॉ. मनीष कुमार पासवान ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को वैश्विक स्तर पर नियंत्रित करने को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनेस्को एवं अन्य के द्वारा बताए गए निर्देशों से अवगत कराते हुए जनसंख्या वृद्धि के प्रति स्वयं जागरूक होने पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु रिंकी कुमारी, दीपा कुमारी, स्वेता कुमारी रजक, सोनाली कुमारी, शिफा नूरी, अंगूरी खातून, मिनल कुमारी, उमा कुमारी, सुनिता कुमारी, रेणु कुमारी, सीमा जोजो, रुकसाना खातून, दिलीप कुमार, निरंजन कुमार, सदाकत अंसारी, राहुल कुमार, सूरज कुमार यादव, सागर कुमार, मो.सम्मीउल्ला, बैजनाथ महतो, डॉ. रविकांत तिवारी, डॉ. पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, वीरेंद्र यादव, डॉ. पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## खबर मन्त्र की 11वी वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड
HURL
हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, सिंदरी
A Joint Venture of NTPC, CIL, IOCL, FCIL & HFCL

## झारखंड के लोकप्रिय हिंदी दैनिक 'खबर मन्त्र' की 11 वी वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



### राज सिन्हा
विधायक (धनबाद)

झारखण्ड गो सेवा आयोग रांची, झारखण्ड

## जगत में वही सबसे अधिक भाग्यवान है जो सभा पर गो सेवा कर लेता है।

### खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं



राजीव रंजन प्रसाद
अध्यक्ष
झारखंड गो सेवा आयोग

नितिश कुमार
मुख्यमंत्री, बिहार

खीरू महतो
राज्यसभा सांसद सह
प्रदेश अध्यक्ष झारखंड

## खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



### संतोष कुमार सोनी
प्रदेश महासचिव
जदयू झारखंड

CALL US
+91 7209123111

Construction and Material Quality test के क्षेत्र में कार्यरत SIRTDO SINDRI, B.I.T. Sindri के द्वारा खबर मन्त्र दैनिक के 11वा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखण्ड की जनता के सुखद एवं उन्नत भविष्य की कामना करता है।



Dr. Pankaj Rai
Director-cum-Chairman
SIRTDO, BIT Sindri

Dr. Ghanshyam
Professor
Member Secretary
SIRTDO, BIT Sindri

:: एवं समस्त SIRTDO, SINDRI परिवार ::

लालटेन छाप

## खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय जनता दल की ओर से झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




### रंजन कुमार
अध्यक्ष
झारखंड प्रदेश
युवा राष्ट्रीय जनता दल

### खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## एक शुभचिंतक
### वरिष्ठ कांग्रेस नेता
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी

# MODERN PUBLIC SCHOOL
Maharana Pratap Chowk, Ranchi-Patna Road, Jhumri Telaiya, Koderma (Jharkhand)
Affiliated To CBSE, New Delhi Upto 10+2

## OUR ACHIEVERS
Scholarship is available for meritorious students



PRAPTI SONI (COMM)
95.60%

I take this opportunity to extend my heartiest congratulations to all the achievers of X and XII for securing fabulous results in CBSE Board Examination. I wish you all to continue the journey of excellence in your future endeavors.
Sailendra Kumar
Principal,
Modern Public School,
Jhumritelaiya, Koderma

Std. X District Toppers
Six from top Ten in Koderma District

Std. XII(COMM) School Toppers
4th District Topper in XII Comm.

Std. XII(Sci) School Toppers




ARMAAN SOOD (CLASS X)
98.00%


Your achievement is truly commendable. Congratulations to all the achievers of class X & XII on your well earned success. Wishing you many more such victories in future. All the Best.
Sangeeta Sharma
Director
Modern Public School

Hostel Facility for Boys and Girls

CONGRATULATIONS TO OUR YOUNG ACHIEVERS



SHREYASH KANDOI
NEET 99:88%
AIR 2573



ABHAY KUMAR ANAND
JEE ADV. 95:83%

Admission Open for STD. XI
Science & Commerce.
CLASSES BEGINS FROM 21-05-2024

Website: www.mpskoderma.in | E-mail: modernpublicschool2009@gmail.com
Contact: 6207322328, 9631343995

# नीट पेपर लीक केस में रॉकी गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** नीट पेपर लीक केस में सीबीआई को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पिछले कई दिनों से सीबीआई की टीम जिसे तलाश रही थी, वो आखिरकार पकड़ा ही गया। सीबीआई ने झारखंड से रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया है। आज उसे पटना में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने रॉकी को 10 दिन अपने रिमांड में रखने की इजाजत सीबीआई को दी है। बताया जा रहा है कि रॉकी नेपाल भागने की तैयारी में थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने उसे दबोच लिया।




**संजीव मुखिया की तलाश कर रही सीबीआई की टीम**

जांच में यह भी पता चला कि रॉकी ने ही पांच मई को प्रश्न पत्र उड़ाने के बाद सॉल्व करवाया था। इसके बाद इसे पटना में चिंटू उर्फ बलदेव के सोशल मीडिया पर भेजा गया। इन सब के लिए माफियाओं ने पिछले कई महीनों से तैयारी की थी। बता दें कि ईओयू ने नीट पेपरलीक केस को सीबीआई को हैंडओवर कर दिया था। इसमें मामले में सीबीआई छह से ज्यादा लोगों को आरोपी बना चुकी है। सीबीआई ने मंगलवार को पटना से सन्नी और रंजीत को गिरफ्तार किया था। इससे पहले सीबीआई की टीम मनीष और आशुतोष को गिरफ्तार किया था। अब टीम संजीव मुखिया की तलाश कर रही है।

### रॉकी उर्फ राकेश पर है यह मुख्य आरोप

पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। रॉकी उर्फ राकेश मूलरूप से नवादा का रहने वाला है। वह रांची में अपना रेस्टोरेंट चलाता था। सीबीआई की पूछताछ में चिंटू, मुकेश, मनीष और आशुतोष ने कई बड़े खुलासे किए थे। जांच में पता चला था कि पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। वह रांची में रेस्टोरेंट चलाता है। ईओयू सूत्रों की मानें तो रॉकी ने ही पेपरलीक केस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसने हजारीबाग से पेपर उड़ाने की साजिश रची। इसके बाद रांची और पटना के स्कॉलर मेडिकल स्टूडेंट की मदद से पेपर सॉल्व करवाया। इस बीच संजीव मुखिया और सिकंदर यादवेंदु कई बार रांची में रॉकी से मिलने गए थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन पखवाड़ा की शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर सदर अस्पताल परिसर में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से परिवार नियोजन पखवाड़ा का शुभारंभ कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, डीपीएम समरेश कुमार सिंह, डीपीसी जेवियर एक्का, डॉ संजय कुमार ने सामूहिक रुप से दीप जलाकर किया।

मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि आज जनसंख्या जिस तेजी से बढ़ रही है उसे आने वाले समय में लोगों को काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि दूसरे देश जनसंख्या वृद्धि को कम करने के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं और सफल भी हो रहे हैं। जनसंख्या नियंत्रण में हम अपने जिला से ही सहयोग कर सकते हैं। इसलिए जो परिवार नियोजन पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया है उसमें सहिया के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाकर इसका लाभ दिलवाए। सिविल सर्जन ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है। आज से परिवार नियोजन कार्यक्रम शुरू हो गया। यह अगले 1 महीने तक चलेगा। उन्होंने कहा कि आज हर लोगों को परिवार नियोजन विधि अपनाना चाहिए। साथ ही हम दो हमारे दो के बाद परिवार नियोजन के अलग-अलग विधि को अपना कर जनसंख्या नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद कमजोरी होने जैसी धारणा बन गई है। ऐसे में सहिया लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करें। परिवार नियोजन के लिए अपनाए जाने वाले विधि को अपने की सलाह दे। कार्यक्रम में जिले में परिवार नियोजन का बेहतर कार्य करने के लिए सहिया एवं एक बीटीटी को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ विकास केशरी, डॉ सत्नारायण कुमार, एसटीटी रंजू मिश्रा, सुभाष पासवान, अर्बन बीटीटी सत्यनारायण मालाकार, आशा शर्मा, अरुण चैबे, पिंकी कुमारी, संतोष पासवान, अनुज प्रसाद सहित शहरी एवं ग्रामीण सहिया मौजूद थे।


संबोधित करते पदाधिकारी।

### स्पीड न्यूज

## सांप के काटने से महिला की मौत


मृतक देवंती देवी।

**मझिआंव।** थाना अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के लोहरपुरवा निवासी उमेश विश्वकर्मा की पत्नी देवंती देवी की विषैला जंतु के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवंती गुरुवार की सुबह फूल तोड़ने गई थी। उसी दौरान उनके पैर में किसी विषैले जंतु या सांप ने काट लिया। जिसके बाद वो घर पहुंची और बेहोश हो गई। जिसके बाद परिजन तुरंत स्थानीय रेफरल अस्पताल ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गढ़वा ले जाने के दौरान ही महिला की मौत हो गई। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस घर ले लाया गया। मौत की जानकारी मिलते ही निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी भी पहुंच गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद थाना एएसआई आलोक कुमार दल बल के साथ पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

किशनगंज। जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन के कार्यकताओं ने जनसंख्या नियंत्रण की मांग को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिकिशोर सिंह ने कहा कि जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन जैसी भीषण समस्या से उत्पन्न हो रहे संभावित खतरे को रोकने के लिए डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। अधिवक्ता जय किशन कुशवाहा ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए अच्छी नहीं हो सकती है। विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या का अनुपात वर्तमान अनुपात के अनुसार बनाए रखने के उद्देश्य से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन द्वारा विगत वर्षों से प्रयास किया जा रहा है।

## प्रयास कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग की बैठक

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रयास कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग की मासिक गोष्टी की गई। बीपीओ विभा रानी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्टी में 72 विद्यालयों के प्रधानाचार्य शामिल हुए। मासिक गोष्टी में ई विद्यावाहिनी में शिक्षक-छात्र उपस्थिति की समीक्षा, सत्र 2023-24 में वर्ग 08 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को साइकल वितरण हेतु प्रतिवेदन, वर्ष 2024-25 में छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति प्रतिवेदन, वर्ष 24-25 वर्ग 01, 06, 09 एवं 11 में नये नामांकन का प्रतिवेदन, छात्रों के बैंक खातों का अद्यतन प्रतिवेदन, झारखंड राज्य ओलंपियाड 2024 का पंजीयन तथा सावित्री बाई फुले योजना की समीक्षा सहित 11 एजेंडों पर दिशा निर्देश दी गई। साथ ही प्रयास कार्यक्रम की समीक्षा की गई। मौके पर लेखपाल राकेश रोशन तिर्की, एमआईएस को-ऑर्डिनेटर मिथलेश पांडेय, बीआरपी शंकर सिंह, प्रतिमा कुमारी, सीआरपी बिरेन्द्र प्रसाद सोनी, मुदस्सर नजर, राम गोपाल पांडेय सहित 72 विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।


बैठक करते लोग।

## गांव के बीच खंभे से ट्रांसफार्मर की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव से बुधवार की रात चोरों ने ट्रांसफार्मर की चोरी कर ली। बीच गांव में हुई इस वारदात को लेकर लोग चोरों के दुस्साहस को लेकर स्तब्ध हैं। कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव के बीच में स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र के भवन के पीछे लगे ट्रांसफार्मर की चोरों ने चोरी कर लिया। मौके पर डबल खंभे के ऊपर लगे 16 केवी के ट्रांसफार्मर का ढक्कन खोलकर उसमें से ट्रांसफार्मर निकालकर गांव से करीब 500 गज की दूरी पर महुआ पेड़ के नीचे ले जाकर शेष सामान को खोलकर फेंक दिया है। जबकि ट्रांसफार्मर के अंदर से तांबा का कीमती व वजनी पार्ट क्वायल खोलकर चोर ले उड़े। सबसे अचरज की बात है कि यह ट्रांसफार्मर गांव के बीच में स्थित था। हेल्थ सेंटर के ठीक बगल में एक व्यक्ति के मकान के पीछे जबकि उसी के बाजू में स्थित एक अन्य व्यक्ति के मकान के ठीक सामने ट्रांसफार्मर लगा था। कई सालों से बारिश धूप आदि के बीच में रहने के कारण जंग लगे हुए नट बोल्ट को खोलने में स्वाभाविक है कि काफी देर हुआ होगा। बावजूद इसके काफी निश्चिंत होकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। यहां से निकाल कर ले जाए गए ट्रांसफार्मर का इतना वजन होता है कि उसे ढक्कन में से बिना चैन कूपी के निकालना कदापि संभव नहीं है। और उसे टांग कर ले जाने के लिए चार-पांच व्यक्ति लगे होंगे। जो टांग कर महुआ पेड़ तक ले गए होंगे। यह सारा काम बिल्कुल इत्मिनान से किया गया। इस घटना की सूचना थाना प्रभारी को दी गई। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने स्वयं आकर मौके का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि इस घटना में निश्चित रूप से स्थानीय व्यक्ति का हाथ हो सकता है। जो सारी स्थिति को जान रहा है। उन्होंने खोलकर फेंकी गई तमाम सामग्री जप्त कर दो बोड़ों में भरकर थाना ले गए। कहा कि विभागीय व्यक्ति इस घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। पुलिस द्वारा मामले का अनुसंधान कर शीघ्र ही घटना का उद्भेदन किया जाएगा। उन्होंने बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर कमल कुमार को इस घटना की सूचना दे दी है। जेई ने अपने मिस्त्री नंदन कुमार को मौके पर जाकर देख लेने का आदेश दिया है।


गांव से दूर फेंका गया सामान।

## स्थापना निबंधन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर श्रम अधीक्षक एतवारी महतो के द्वारा गुरूवार को समाहरणालय के सभागार में झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 के अंतर्गत स्थापना का निबंधन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआंव तथा नगर उंटारी के कार्यपालक पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में कई बिंदुओं सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। ठेका मजदूरी (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 की धारा 12(1) के तहत प्रत्येक संवेदकों/अभिकर्ताओ को सरकारी विभागो से कार्य आवंटन निर्गत होने के पश्चात संवेदकों को श्रम विभाग से लेबर लाईसेंस (ठेका अनुज्ञप्ति) लिया जाना है। संवेदकों को सरकारी विभाग से कार्य आवंटन निर्गत होने के पश्चात प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग लेबर लाईसेंस लिया जाना है। ठेका मजदूरी (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 के नियमावली 78 के तहत फर्म 17 में मजदूरों से संबंधित भुगतान पंजी संचारित किया जाना है तथा अधिनियम के नियम 78 के तहत फर्म 16 में मास्टर रॉल संचारित किया जाना है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 की धारा-7 के तहत सरकारी विभागो से प्रत्येक संवेदकों को कार्य आदेश निर्गत होने के उपरान्त स्थापना का निबंधन श्रम विभाग में कराया जाना है।

श्रम अधीक्षक श्री महतो ने सभी अभियंताओं तथा कार्यपालक पदाधिकारियों को बताया कि ठेका मजदूरी (विनियमन) अधिनियम, 1970 के अधीन ठेका लाइसेंस लेने एवं झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 के अंतर्गत धारा-7 में प्रत्येक नियोक्ताओं को निर्माण कार्य के प्रारंभ करने के 60 दिनों के अंदर निबंधन कराना अनिवार्य है। साथ ही धारा-12 के अनुसार प्रत्येक कामगार को जिसकी आयु 18 से 59 वर्ष का हो तथा कम से कम 90 दिनों तक विगत वर्ष में भवन एवं अन्य सन्निर्माण में कार्य किया हो, निबंधन के लिए पात्रता रखते हैं, निबंधन कराया जाना है। किंतु प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि कुछेक ऐसे संवेदक हैं जिनके द्वारा ठेका लाइसेंस तो प्राप्त कर लिया जाता है, किंतु प्रतिष्ठा का निबंध उनके द्वारा नहीं कराया जाता है, जो उक्त अधिनियम का उल्लंघन है। श्रम अधीक्षक ने सभी कार्यपालक अभियंताओं तथा पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीनस्थ नियोजित संवेदक जिनको एक वर्ष के अंदर ठेका कार्य आवंटित किया गया है या किया जाना है। उनका कायार्देश के विरुद्ध ठेका मजदूरी (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के अंतर्गत ठेका लाइसेंस लेने तथा झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 के अंतर्गत प्रतिष्ठान का निबंधन कराने के लिए उन्हें यथाशीघ्र निर्देश अपने स्तर से दे। उन्होंने कहा कि मुख्य नियोजक की हैसियत से आपका यह दायित्व है कि उक्त अधिनियमों का अनुपालन संवेदकों के द्वारा किया जा रहा है अथवा नहीं इसकी जांच करें। अनुपालन नहीं किए जाने की स्थिति में मुख्य नियोजन एवं उनके संवेदक के विरुद्ध उपरोक्त अधिनियमों के अंतर्गत नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए।


कार्यशाला में उपस्थित लोग।

## भेंडर को पशु शेड की राशि नहीं देने की मांग को लेकर बीडीओ से मिले लाभुक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत की पूर्व मुखिया मधु दुबे गुरुवार को पशु शेड के दर्जनों लाभुकों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंची और बीडीओ सतीश भगत से कार्यालय कक्ष में मिली। इस दौरान पूर्व मुखिया एवं राम प्रवेश यादव, नागेंद यादव, जगदीप यादव, माया देवी, सत्येन्द्र चैधरी, महेंद्र चैधरी, सुरेन्द्र कुमार पासवान, बिजय कुमार, संजय राम, सबिता देवी एवं अम्बिका रजक आदि लाभुकों ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्ष 2021-22 में मनरेगा योजना से निर्मित हुए पशु शेड उनकी राशि भेंडर आनंद यादव के खाते में नही भेजकर किसी अन्य भेंडर के खाते में भेजकर राशि दिलाई जाय। पूर्व मुखिया ने बीडीओ को लिखित रूप से बताया कि उनके कार्यकाल में मनरेगा के 51 पशु शेड की स्वीकृति मिली थी। जिसमें पंचायत के भेंडर आनंद यादव ने 20 लाभुकों को कुछ ही समान देकर कहा कि आप लोग बना लीजिये। इसके बाद तत्कालीन बीडीओ के द्वारा बीच बचाव में कहा गया कि किसी तरह से इनका कार्य पूर्ण करा दीजिये।

मुखिया ने कहा कि चुंकि उनका कार्यकाल अंतिम चरण में था इसलिए दुकान से उधारी सीमेंट एवं अन्य सामग्री दिलवाकर 20 पशु शेड पूर्ण करवाया। इसके बाद पंचायत चुनाव हुआ और मैं हार गई। जिसके बाद पूर्ण हुए पशु शेड की राशि रोक दी गई. और बाकी बचे पशु शेड जो अपूर्ण हैं उनको भेंडर द्वारा पेमेंट कर दिया गया। बीडीओ कार्यालय में आये सोनपुरवा पंचायत के पूर्व मुखिया मधु दुबे, उनके पति सह प्रतिनिधि आनंद दुबे, एवं एक दर्जन पशु शेड के लाभुक बीडीओ से पूर्ण किये गए शेड की राशि दिलाने की मांग कर ही रहे थे कि इसी बीच भेंडर आनंद यादव आ गये। इस दौरान लाभुकों एवं पूर्व मुखिया द्वारा भेंडर पर कई गंभीर आरोप लगाये गए और कहा गया कि जिनका शेड नहीं बना है उनको पेमेंट दिया गया और हम सभी लोग शेड पूर्ण कर तीन साल से घूम रहे हैं और अभी तक राशि नही मिली। साथ ही कहा गया कि भेंडर होने के बाद भी उनके द्वारा पर्याप्त सामग्री नहीं दी गई, जिसके कारण उन्हें कर्ज लेकर पशु शेड पूरा करना पड़ा। सभी लाभुकों ने एक स्वर में आनंद यादव के खाते में सामग्री की राशि नही भेजने की मांग की। इधर पूर्व मुखिया द्वारा आरोप लगाया गया कि आनंद यादव के पास कोई सामग्री की दुकान नहीं है, अगर होती तो पशु शेड के लाभुकों को कर्ज लेकर नही बनाना पड़ता। इधर इस संबंध में भेंडर आनंद यादव ने बताया कि उन्होंने सभी लाभुकों को सामग्री उपलब्ध करा दिया है।


बीडीओ से मिलने पहुंचे लाभुक।

### खबर एक नजर में

## कुलपति एवं कुलसचिव ने की ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख से मुलाकात



**गढ़वा।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के प्रमुख हितेश केशव अवस्थी से साथ बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह एवं कुलसचिव डॉ ललन कुमार ने अनौपचारिक मुलाकात कर पुष्पगुच्छ एवं विश्वविद्यालय विवरण-पुस्तिका भेट की। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय एवं वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों की जानकारी दिया। साथ ही प्रशिक्षण एवं रोजगार के उद्देश्य से ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड एवं बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की भी सहमती बनी। कुलपति एवं कुलसचिव ने अपने विश्वविद्यालय परिसर में चलने वाले पाठ्यक्रम होम्योपैथिक, दन्त चिकित्सा, नर्सिंग, पैरामेडिकल, बीएड, डीएलईडी, बीएससी (एमएलटी), फार्मेसी के साथ साथ वर्तमान सत्र से संचालित होने वाले पाठ्यक्रम, बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक) के अंतर्गत आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, साइबर सिक्युरिटी, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बीबीए, एमबीए, बीसीए एवं एमसीए पाठ्यक्रमों की जानकारी दिया। इस क्रम में ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के इकाई प्रमुख ने उद्योग में हो रहे उत्पादन, श्रमिको की जानकरी, प्रशिक्षण की व्यवस्था पर जानकारी साझा की। साथ ही परिसर में अवस्थित शिवमंदिर का भ्रमण कराया। मौके पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मानव संसाधन (एचआर) हेड एवं कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट, चार घायल

**गढ़वा।** जिले के रंका थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट में चार लोग घायल हो गये। घायलों में मानपुर निवासी इशाक अंसारी की पत्नी खुसबुन बीबी 50 वर्ष, मनाजुल अंसारी 30 वर्ष जबकि दूसरे पक्ष के मानपुर गांव निवासी नजबुद्दीन अंसारी की पत्नी नजबून बीबी 40 वर्ष, अलमुदिन अंसारी पत्नी सबरून बीबी 50 का नाम शामिल है। घटना के संबंध में एक पक्ष के मनाजुल अंसारी ने बताया कि पूर्व में से ही एक में हम सभी का भूमि है। जिसे बटवारा के लिए हम सभी अमीन को पैसा भी दे दिए थे। अमीन को अलमुद्दीन अंसारी के द्वारा भगा दिया गया था। इसके बाद आज अलमुदीन अंसारी वगैरह उक्त भूमि में न्यू की खुदाई कर रहे थे। जब हमने उसका विरोध किया तो उक्त लोग लाठी डंडा से मारपीट करना शुरू कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष के नजमुद्दीन अंसारी ने बताया कि अपने भूमि में न्यू की खुदाई कर रहे थे। इस बीच इसाक अंसारी सहित अन्य लोग पहुंचकर मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को उठाकर इलाज के लिए सदस्य अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना में सभी घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

## नीतीश ने बिहार में वज्रपात से चार लोगों की मौत पर व्यक्त की शोक संवेदना

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले चौबीस घंटे में वज्रपात से सीवान में दो, सुपौल और रोहतास में एक-एक व्यक्ति की मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने गुरुवार को कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

## पेज एक का शेष

### अग्निवीरों को बीएसएफ...

उन्होंने कहा, हम उनकी तैनाती का इंतजार कर रहे हैं। प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें तैनात किया जायेगा। कुल रिक्तियों में से 10 प्रतिशत उनके लिए आरक्षित होंगे। उनके लिए आयु में भी छूट होगी। पहले बैच को पांच साल की छूट मिलेगी और बाद के बैच को तीन साल की छूट मिलेगी।

**जून 2022 में शुरू की गयी थी योजना :** गौरतलब है कि सरकार ने जून 2022 में आर्मी, नेवी और एयरफोर्स, तीनों सेवाओं की आयु प्रोफाइल को कम करने के उद्देश्य से अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी। अग्निपथ योजना साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए भर्ती की जाती है, जिसमें से 25 प्रतिशत जवानों की सेवा 15 वर्षों के लिए लिए बरकरार रखे जाने का प्रावधान है।

### जन समस्याओं का...

**जन हित की योजनाओं को धरातल पर उतारा :** इस मौके पर सीएम ने लोगों से उन्होंने कहा कि उनकी सरकार मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं को लोगों के घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रही है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार तथा सकारात्मक बदलाव लाया जा सके, इस निमित्त हम प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं को उनतक तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग, सहभागिता और आशीर्वाद से ही विकसित झारखंड की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा।

### चार राज्यों का...

भारत निर्वाचन आयोग की ने राज्य में चल रहे द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, डिजिटाइजेशन, पुराने लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरणए पहचान पत्रों के वितरणए मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं, जन शिकायतों के निस्तारण की जैसे विषयों की समीक्षा की। साथ ही दिशा निर्देश दिये। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चत करवाने के लिये निदेशित किया गया।

बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी युवाओं, दिव्यांगजनों, महिलाओं, पीवीटीजी आदि वर्गों को मतदाता सूची में पंजीकृत करवाने के लिये विशेष जागरूकता अभियान चलाकर समावेशी मतदाता सूची बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे । साथ ही, विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के शत.प्रतिशत छात्रों का मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने को लेकर सभी जिले प्रभावी पहल करें। आयोग के वरीय पदाधिकारियों कि ओर से बीएलओ एवं मतदाताओं के बीच समन्वय बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। राजनीतिक दलों के साथ नियमित अंतराल पर बैठकें करते रहें। सीनियर डीईसी नितेश व्यास ने कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों के वैसी हॉउसिंग सोसाईटी जहां 500 से अधिक मतदाता हैं। वहां भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा निदेर्शों के अनुरूप सोसाईटी के अंदर ही नया मतदान केंद्र बनायें। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद, झारखंड के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित राज्य के सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### युवाओं की बल्ले-बल्ले...

इस बजट से अन्य बातों के अलावा, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रोडमैप मिलने की उम्मीद है। पिछले महीने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति को तेज करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य की दृष्टि का एक प्रभावी दस्तावेज होगा।

स्पीड न्यूज



## जीएसटी हटाने की मांग पर सांसद से मिले लोग

**जमशेदपुर।** बीमा कर्मचारी संघ, जमशेदपुर मंडल ने गुरुवार को सांसद बिद्युतबरण महतो को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि बीमा प्रीमियम पर जीएसटी समाप्त करने के लिए भारत सरकार से संवाद करें। इसके अलावा बीमा प्रीमियम को अन्य निवेश से अलग मानते हुए नए कर प्रावधानों के अंतर्गत भी छूट प्रदान करने की जरुरत है। इतना ही नहीं संघ ने यह भी मांग की है कि स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर 80 के तहत नये कर प्रावधानों में छूट देने एवं सार्वजनिक साधारण बीमा कंपनियों के विलय की मांग से संबंधित मांग पत्र भी सांसद को सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मंडल के अध्यक्ष कामरेड अमित माहिती महासचिव कामरेड सुभाष कारण संयुक्त सचिव कामरेड अपूर्व दत्त एवं कामरेड सुकांतो शर्मा शामिल थे।

## दिनेश को मामले में पुनः लेनी पड़ी आज जमानत



**जमशेदपुर।** साकची थाना में लोकसभा चुनाव 2019 के समय चंद्रबली उद्यान, काशीडीह के बाउंड्री वॉल पर फिर एक बार मोदी सरकार के पोस्टर पाये जाने पार्टी के तत्कालीन जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सतेंद्र कुमार ने आचार संहिता उलंघन का मामल दर्ज कराया था, मामले में कोर्ट में गवाही और बहस पूर्ण होने के पश्चात प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल के कोर्ट ने 30 मई को फाइनल जजमेंट की तिथि मुकरर की थी, लेकिन लोकसभा 2024 के चुनाव समाप्ति के पश्चात दिनेश कुमार अपने परिवार के साथ माता वैष्णो देवी यात्रा पर चले गये थे और कोर्ट द्वारा निर्धारित 30 मई को कोर्ट में अनुपस्थित रहे तो मजिस्ट्रेट ने अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए दिए गए जमानत को रद्द कर दिया और वारंट जारी कर दी, आज दिनेश कुमार अपने अधिवक्ता विजय शंकर पाठक के साथ कोर्ट में उपस्थित हुए और जमानत अर्जी दाखिल किये, अधिवक्ता पाठक ने कोर्ट के समक्ष जरूरी दस्तावेज के रूप में ट्रेन का टिकट जो दो माह पूर्व मार्च माह में ही लिया गया था उसको प्रस्तुत किए और कोर्ट से आग्रह किए की जमानत दी जाए, कोर्ट ने सुनने के पश्चात दिनेश कुमार की जमानत अर्जी स्वीकार की और दस हजार के दो जमानतदार प्रस्तुत करने को कहा। दिनेश कुमार के अधिवक्ता के रूप में विजय शंकर पाठक, बैजनाथ उपाध्याय (पप्पू), महेश कुमार और कृष्ण सिंह उपस्थित रहे। कोर्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं में प्रोबिर चटर्जी राणा, कपिल कुमार, नरेंद्र कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, ऋषभ सिंह आदि भी उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब के सुभ्रजीत बने अध्यक्ष, विकास सचिव

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के 47वें स्थापना समारोह में 2024-25 के लिए नव निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन सुभ्रजीत बसु एवं सचिव विकास सिंह ने अपनी टीम के साथ पदभार संभाला। बेल्डीह क्लब में आयोजित हुए समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष प्रेमा गोगना ने सुभ्रजीत बसु को पदभार सौंपा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टीवी श्रीनिवास शेनॉय, कार्यकारी प्रभारी (बेयरिंग्स), टाटा स्टील थे। मुख्य अतिथि टीवी श्रीनिवास शेनॉय ने नई टीम को बधाई दी और उनके समर्पित और निस्वार्थ सेवा की सराहना की। इस दौरान पीडीजी रोटेरियन प्रतिम बनर्जी ने पांच नये सदस्यों को शपथ दिलाई और स्थापना बुलेटिन गोलमुरी व्हील का अनावरण किया। इससे पहले समारोह की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर की गयी। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष प्रेमा गोगना ने पिछले वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और क्लब सदस्यों की सराहना की।

# जमशेदपुर पुलिस ने किया अंतर्राज्यीय लुटेरा गिरोह का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

- शराब दुकानों और वाहनों की लूट में शामिल था गैंग, अब धराया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस द्वारा एक अंतर्राज्यीय / अंतर्जिला शराब दुकान / वाहन चोरी / लूट के गिरोह का उद्भेदन किया गया है। विगत कुछ महिनो में जमशेदपुर जिला एवं सीमावर्ती जिलो के विभिन्न थाना क्षेत्रो शराब दुकानों में लूट / चोरी की घटना कारित हो रही थी, जिसके उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक एसआईटी का गठन किया गया था।

उक्त एसआईटी मानवीय / तकनीकी आधार पर आसूचनायें एकत्रित कर रही थी। इसी क्रम में दिनांक 10.07.24 को वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक बोलेरो में 6 - 7 अपराधकर्मी सवार है और वे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए शहर में घूम रहे है, कि सूचना पर एसआईटी के द्वारा ठोस पहल करते हुए सभी थानो को अलर्ट करते हुए चेंकिग कराई जा रही थी। इसी बीच गालुडीह थाना अंतर्गत एनएच- 33 पर सालबनी मोड़ के निकट एक बोलेरो को पकड़ा गया जिसमे सवार चार अपराधकर्मी 1. मो0 अफजल 2. मो0 राजू उर्फ बिजय मुण्डा 3. दिलीप कालिन्दी एवं 4. अंकित करण को पकड़ लिया गया और तीन अन्य अपराधकर्मी कोदू सरदार, मो0 अफरोज एवं मोहम्मद फिरोज अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गये। तलाशी के क्रम में यह पाया गया कि ये लोग पुनः डकैती की योजना बनाकर डकैती करने जा रहे थे और इसी दौरान पकड़े गये। पकड़ाये बोलेरो से डकैती के प्रयोजन हेतु रखे गये, देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, कटर कैची, साबल, मोबाईल आदि बरामद किया गया।



गिरफ्तार लुटेरों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, डीएसपी सुधीर कुमार व अन्य पदाधिकारी।

गिरफ्तार अपराधकर्मियों से कड़ाई से पुछताछ करने पर सभी नें अपना - अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि ये जमशेदपूर जिला के कदमा, सोनारी, टेल्को, विष्टुपुर, साकची, सिदगोड़ा, घाटशिला, मउभंडार, सीतारामडेरा, गोविंदपुर, बिरसानगर, मानगो, एमजीएम, कदमा में तथा सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर, गमहिरया, चांडिल, सरायकेला और चाईबासा जिला के चक्रधरपुर तथा उड़िसा राज्य के विभिन्न थाना क्षेत्रो में लूट / चोरी घटना को अंजाम दिये हैं। इनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उपरोक्त थानों से लूटे गये काफी मात्रा में शराब एवं कांड में उपयोग होने वाले सामान कैंची कटर, साबल, देशी कट्टा एवं गोली बरामद की गयी है। जमशेदपुर पुलिस के सार्थक प्रयास से शराब दुकानों में हुए लूट एवं चोरी का उद्भेदन किया है।

### गिरफ्तार लुटेरों का आपराधिक इतिहास

1. मो0 राजू उर्फबिजय मुण्डा उम्र 31 वर्ष पे0 मो0 इनामल उर्फ स्व0 नारायण मुण्डा सा0 जुगसलाई ,गौरीशंकर रोड, गरीबनवाज कॉलोनी, थाना जुगसलाई जिला पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर।
2. दिलीप कालिंदी उम्र करीब 31 वर्ष पे स्व कृष्णा कालिंदी सा बागुनगातू थाना सिदगोड़ा जिला पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।
3. मो0 अफजल उम्र करीब 27 वर्ष पे0 मो0 दुलारे सा0 जुगसलाई गरीब नवाज कोलोनी थाना जुगसलाई, जिला पूर्वी सिंहभूम।
4. अंकित करण उम्र 21 वर्ष करीब पे0 योगेश्वर लाल करण सा0 मकान सं0- 09, बारीडीह बस्ती सुभाष पथ, थाना सिदगोड़ा, जिला : पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर।
5. लालटू गोराई उम्र करीब 45 वर्ष पे0 स्व0 लखीकांत गोराई पता केरला पब्लिक स्कूल रोड छोटा गम्हरिया थाना गम्हरिया जिला सरायकेला खरसावां।
6. खिरोद गोराई उम्र करीब 45 वर्ष पे स्व शिव शंकर गोराई पता गंझीया थाना गम्हरिया जिला सरायकेला खरसावां।
7. राज सिंह उर्फ कोदु सरदार उर्फ कद्दू उम्र 30 वर्ष पे0 अनेक सिंह कश्यप सा0 साकची काशीडीह लाईन नं0- 01 बागान नं0- 03 थाना साकची जिला पूर्वी सिंहभूम।
8. साबा सिंह उर्फ लड्डू सिंह उम्र 39 वर्ष पे0 स्व0 गुरदीप सिंह सा0 गाड़ाबासा, थाना गोलमुरी जिला पूर्वी सिंहभूम।

# टाटा के ऊंचे भवन में रात में जलापूर्ति करेगी कंपनी, डोबो में पानी देना संभव नहीं : एमडी

- जमशेदपुर के विकास में नागरिकों की सहभागिता आवश्यक : रितुराज सिन्हा
- टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी ने चैम्बर भवन में व्यापारियों से किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



व्यापारियों के साथ बैठक को संबोधित करते एमडी रितुराज सिन्हा।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभागार में टाटा स्टील यूटिलिटिज एंड इंफ्रास्ट्रकचर सर्विसेस लिमिटिड के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा अपने अन्य वरीय अधिकारियों वरीय महाप्रबंधक (पीएसडी) विजय प्रकाश सिंह, महाप्रबंधक (टाउन ऑपरेशन) रविन्द्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक (वाटर एंड वाटर वेस्ट सर्विसेस) संजीव कुमार झा के साथ चैम्बर भवन, बिष्टुपुर में गुरूवार दिनांक 11 जुलाई, 2024 को पहुंचकर व्यवसायी एवं उद्यमियों को संबोधित करते हुये जमशेदपुर के लोगों की आधारभूत सुविधाओं, शहर की सौंदर्यीकरण, औद्योगिक इकाईयों को बिजली की आपूर्ति और जुस्को की प्राथमिकताओं के संबंध में चर्चा की।

टीएसयूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने कहा कि जमशेदपुर में नागरिक सुविधाओं पर ज्यादा से ज्यादा अच्छे ढंग से उपलब्धता हेतु ध्यान दिया जा रहा है। इसमें लोगों की सहभागिता भी मायने रखती है। लोगों को अपने व्यवहारिकता में बदलाव लाना होगा। डोबो हुरलुंग में जुस्को की पानी सप्लाई अभी संभव नहीं है, बिजली सप्लाई के बारे में सोचा जा रहा है। बिष्टुपुर रीगल गोलचक्कर के पास फलाई ओवर बनाने के लिये पर्याप्त जगह नहीं है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि चैम्बर की मांगों पर ध्यान दिया जायेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक पावर सप्लाई डिविजन वीपी सिंह ने कहा कि आदित्यपुर क्षेत्र में अगले दस वर्षों के हिसाब बिजली आपूर्ति पर कार्य किया जा रहा है जिससे औद्योगिक ईकाईयों को और ज्यादा सुविधा दी जा सके।

इसके पूर्व अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुये कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील यूटिलिटिज सर्विसेज शहर के आम लोगों की आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को पूरा कर रही है और लेकिन फिर भी इसमें कई कमियां दिखाई दे जाती है जिसे पूरा करने से जमशेदपुर शहर की गिनती एक पूर्ण सुविधाओं वाले शहर में होगी जिसमें टाटा स्टील यूटिलिटिज की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंनें इस अवसर पर उपस्थित कंपनी के प्रबंध निदेशक के समक्ष नागरिक सुविधाओं, सड़क की मरम्मत, बिजली की आपूर्ति विशेषकर औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों को बिजली की निर्बाध आपूर्ति, जलापूर्ति जैसे कई मुद्दों को उठाया।

कार्यक्रम में मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया, नवलकिशोर अग्रवाल, ओमप्रकाश मूनका, चन्द्रकांत जटाकिया, मोहित मूनका, अमीष अग्रवाल, आनंद चौधरी, कौशिक मोदी, श्रवण देबुका, संजय मिश्रा, आनंद राव, संतोष कुमार सिंह, विवेक पुरोहित, चेतन गर्ग, दिलीप कुमार, दविन्द्र अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, वी.पी. सिंह, संजीव झा, आर.के. सिंह, सुरेश अग्रवाल, आलोक कुमार, मितेश खारा, हरमिन्दर सिंह, आर.ए. खान, रोहित केडिया, जसविन्दर सिंह, प्रतीक अग्रवाल, नवन सोंथालिया, अमरनाथ कारवा, हेमन्त शर्मा, कुलदीप चौधरी, बिनोद सावा, कमल मकाती, अनूप अग्रवाल, विशाल अग्रवाल के अलावा काफी संख्या में व्यवसायी उद्यमीगण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### एसएसपी ने ट्रक ड्राइवरों से किया संवाद



**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक, नगर के साथ वमार्माइंस थाना अंतर्गत टाटा स्टील ट्रांसपोर्टर परिसर में ट्रक चालकों एवं सहचालकों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

### उमवि बड़ामपुट को मिला कांस्य प्रमाण पत्र



**जादूगोड़ा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ामपुट पोटका 2 को भी कांस्य प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान ज्ञान सेतु कार्यक्रम के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों के 39 विद्यालय का विभागीय सत्यापन व बाद में बाहरी एजेंसी ने जांच के पश्चात पोटका के एकमात्र विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ामपुट पोटका 2 को भी कांस्य प्रमाण पत्र देकर प्रधानाध्यापक अनुपम भगत को सम्मानित किया। इधर, विद्यालय को कांस्य प्रमाण पत्र मिलने के बाद प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह पुरस्कार पूरा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत का फल है इसका श्रेय सभी शिक्षकों को जाता है।

### स्पार्क, करीम सिटी कॉलेज का आर्ट बीट संपन्न



**जमशेदपुर।** स्पार्क करीम सिटी कॉलेज द्वारा आयोजित 9वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी 'आर्ट बीट' में आयोजित हुआ। प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी कला कृतियों को प्रस्तुत किया और कई छात्रों ने अपने रचनात्मक कार्यों के स्टॉल भी लगाये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहला करीम और तपसी रॉय उपस्थित थी। उन्होंने छात्रों की कला कृतियों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। प्रदर्शनी में पेंटिंग, स्केच, हैंडक्राफ्ट और अन्य कई रचनात्मक कृतियों का प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने अपने स्टॉल में विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे कि ज्वेलरी, होम डेकोर आइटम्स और पेंटिंग्स बेचे। छात्रों के उत्साह और मेहनत को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने भी उन्हें प्रोत्साहित किया और भविष्य में और भी बड़े स्तर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनायी।

### भोजपुरी साहित्य परिषद का 69वां स्थापना दिवस मना




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद ने तुलसी भवन में परिषद के 69वें स्थापना दिवस पर पावस काव्य संध्या एवं स्व भिखारी ठाकुर की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा, परिषद अध्यक्ष डॉ प्रसेनजित तिवारी की अध्यक्षता एवं संयुक्त सचिव डॉ वीणा पाण्डेय भारती के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि अरका जैन विवि के निदेशक डॉ अंगद तिवारी थे। मौके पर कोष सचिव डॉ यमुना तिवारी 'व्यथित' ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। परिषद अध्यक्ष डॉ प्रसेनजित तिवारी ने स्व भिखारी ठाकुर के भोजपुरी समाज हेतु अनन्य योगदान पर विस्तृत विवेचना की। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रजवलन एवं माधवी उपाध्याय के सस्वर सरस्वती वंदना से हुआ।

### नये प्लांट हेड इंद्रनील का यूनियन ने किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** 11 जुलाई को टाटा ब्लूसकोप यूनियन के सारी टीम ने मिलकर कंपनी के नव नियुक्त प्लांट हेड इंद्र नील बिस्वास को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। यूनियन के अध्यक्ष राजेश्वर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष विजय खां, महामंत्री संजय सिंह तथा यूनियन के सभी पदाधिकारी और कार्यकारणी के सदस्य गणों ने अपना बहुमूल्य विचार रखते हुए यूनियन और प्रबंधन के संबंधों को और मजबूती देने का संकल्प लिया। इंद्रनील ने भी कहा कि हम कंपनी के सभी कार्यक्रमों में यूनियन को साथ में लेकर ही काम करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन कंपनी के एचआर हेड राजेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में निम्नलिखित लोग उपस्थित थे। यूनियन की तरफ से प्रेसिडेंट राकेशेश्वर पांडे वर्किंग प्रेसिडेंट विजय खा, जनरल सेक्रेटरी संजय कुमार सिंह, डिप्टी प्रेसीडेंट अभिषेक श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट हुसैन और पवन सिंह, कोषाध्यक्ष रवि उपाध्याय, सह सचिव आदित्य राज,संगठन सचिव प्रवीण राय, कमेटी मेंबर संतोष साहू, देव कुमार मीद्या, संजीव कुमार, कृष्णा यादव, उपस्थित थे।

### धनबाद में नारायणा का स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) लांच



**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी /नीट एकेडमी, धनबाद द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) के 19वां संस्करण का लांच किया गया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। श्री सिन्हा ने छात्र समुदाय से इस स्कॉलरशिप योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। सेंटर हेड विकास प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा भारत के 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 300 शहरों के 3000 से अधिक स्कूलों में 06 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर 2024 को ऑफलाईन और 07 अक्टूबर से 11 एवं 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाईन मोड में होगी। इस परीक्षा में छात्र नारायणा की वेबसाईट पर घर बैठे ऑनलाईन आदेवन कर सकते है या नजदीकी नारायणा केन्द्र पर जाकर परीक्षा से 5 दिन पहले तक आवेदन कर सकते है, तथा उपरोक्त वेबसाईट पर परीक्षा का सिलेबस, सेम्पल प्रश्न पत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है। इस तरह का आयोजन न केवल जमशेदपुर बल्कि भारत में अपने आप में एक अनूठा पहल है, जिसके माध्यम से पांचवी कक्षा से लेकर ग्यारहीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों की तैयारी को गति देने के लिए नारायणा की यह पहल काफी उत्साहवर्धक साबित होती है।

## पेड़ मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता है: संजय चटर्जी

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**जादूगोड़ा।** परमाणु ऊर्जा विभाग 1954 से अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने पर यूसील की और जश्न मनायी जा रही है। जिसकी शुरुआत कंपनी की तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में यूसील के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉ संतोष कुमार सतपति, तुम्मापल्ली यूरेनियम माइंस के महाप्रबंधक एम एस राव, कंपनी सचिव बीसी गुप्ता, महाप्रबंधक मनोज कुमार ने आज बृहस्पतिवार को वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कार्मिक विभाग के हेड संजय चटर्जी व कंपनी के मुखिया श्रीसतपति ने पेड़ के महत्व से लोगो को महत्व अवगत कराया तथा कहा कि पेड़ मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। मौके पर तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के उपमहाप्रबंधक सुमन सरकार समेत बी श्रीकांत ने कंपनी के सीएमडी श्रीसतपति, एम एस राव, मनोज कुमार, (महाप्रबंधक,) बी.सी.गुप्ता (कंपनी सचिव) थे।

## छूटे हुए रसोइया का बनेगा आयुष्मान कार्ड विद्यालयों में पोषण वाटिका बनाने का निर्देश

- निदेशक एनईपी की अध्यक्षता में पीएम पोषण से संबंधित बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक करते एनइपी निदेशक अजय साव।

**जमशेदपुर।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को उच्च पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराने को लेकर संचालित योजना पीएम पोषण की समीक्षात्मक बैठक जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार निदेशक एनईपी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। निदेशक एनईपी अजय साव के कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में बच्चों को सप्ताह में दो दिन अंडा या फल तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध उच्च पोषणयुक्त साग-सब्जी को भी मध्याह्न भोजन में शामिल करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी विद्यालयों में मनरेगा से पोषण वाटिका बनाने हेतु निर्देशित किया गया। अबतक करीब 450 विद्यालयों में पोषण वाटिका बनाये गये हैं, शेष विद्यालयों में भी इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक एनईपी ने कहा कि सभी स्कूल से प्रतिदिन प्रतिवेदन आए कि कितने बच्चे उपस्थित हैं, कितने बच्चों ने मध्याह्न भोजन किया। सभी बीडीओ के प्रत्येक माह प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक करने, कम से कम पांच सरकारी विद्यालयों में स्वयं जाकर पौधारपोण करने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने, सभी रसोईया को आयुष्मान कार्ड एवं सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने का निर्देश दिया गया।

## टीएमएच ने किया हेल्दी हब का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ने अपने परिसर में हेल्दी हब की शुरूआत की है, जो टीएमएच में सभी के लिए स्वस्थ भोजन के विविध विकल्प प्रदान करता है। यह पहल सभी के लिए स्वस्थ खान- पान की आदतों को बढ़ावा देने की टीएमएच की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। हेल्दी हब का उद्घाटन आज टाटा स्टील के जनरल मैनेजर मेडिकल सर्विसेज डॉ. सुधीर राय ने किया, जो एक स्वस्थ समुदाय को बढ़ावा देने के लिए अस्पताल के समर्पण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डॉ. राय ने कहा कि हेल्दी हब का उद्घाटन हमारे रोगियों, कर्मचारियों और आगंतुकों के बीच स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन विकल्पों तक पहुंच प्रदान करके, हमारा उद्देश्य टीएमएच में सभी के समग्र स्वास्थ्य का समर्थन करना है।

उद्घाटन के दौरान डॉ. विनीता सिंह, जनरल मैनेजर मेडिकल सर्विसेज (डेजिगनेट); टाटा स्टील, डॉ. अशोक सुंदर, चीफ कंसल्टेंट और एचओडी, मेडिसिन, मेडिकल इंडोर सर्विसेज, टीएमएच; मुकेश अग्रवाल भी थे।

## यूनियन नेताओं ने टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में इलेक्ट्रिक व्हीकल का उत्पादन देखा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल टाटा मोटर्स लखनऊ प्लांट अवलोकन हेतु एवं वाहन में हो रहे बेहतर एवं विशिष्ट कार्यों का टाटा मोटर्स में अन्य प्लांट में भी कैसे अनुपालन कराया जाये मजदूरों की समस्या एवं निदान की नयी तकनीक का सदुपयोग बेहतर तालमेल इंडस्ट्री 0.4 एवम इलेक्ट्रिकल वेहिकल वहां का उत्पादन एवं सेल्फ डायरेक्टेड टीम की इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन को सत्य प्रतिशत कारखाने में लागू करवाने एवं उसका अनुपालन के साथ साथ अन्य कई विषयों का साझा वैचारिक आदान-प्रदान के लिए लखनऊ प्लांट के चार दिन के दौरे पर गए टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह व महामंत्री आर के सिंह के साथ गये अन्य पदाधिकारी का लखनऊ के प्लांट हेड दीपक कुमार एवं यूनियन के महामंत्री श्याम सुंदर सिंह ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## रेलवे ट्रेन पायलट और मैनेजरों के लिए बनायेगा 100 बेड का थ्री स्टार गेस्ट रूम

- टाटानगर के पुराने रनिंग रुम का भी किया गया आधुनिकीकरण
- एसी युक्त कमरे में फूट मसाजर से लेकर ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन तक

विशेष संवाददाता



रनिंग रुम के आधुनिकीकरण एवं विस्तार कार्यक्रम की जानकारी देते एडीएमई पीके सिंह, एरिया मैनेजर अभिषेक सिंघल, पीके सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** रेलवे का चक्रधरपुर मंडल टाटानगर रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों और ट्रेन मैनेजरों लिए बनाये गए पुराने गेस्ट हाउस रनिंग रुम का आधुनिकीकरण कर उसे वातानुकुलित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर टू स्टार होटल की तरह बना दिया है। स्टेशन-बागबेडा रोड स्थित रनिंग रुम में 29 कमरों में कुल 94 बेड हैं जबकि टाटानगर स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनों एवं माल गाड़ियों की संख्या बढ़ते देख थ्री स्टार होटल की सुविधा युक्त 100 बेड वाले नये रनिंग रुम बनाने का काम शुरु कर दिया है। नया अत्याधुनिक रनिंग रुम दिसंबर 2025 में बन कर तैयार हो जायेगा।

उक्त जानकारी टाटानगर रेलवे स्टेशन के एरिया मैनेजर अभिषेक सिंघल ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर एडीएमई पीके सिंह, सीसीसी केपी जायसवाल,चीफ लोको इंस्पेक्टर एसके गुप्ता, टीएलसी सीके सिंह आदि भी मौजूद थे। अभिषेक सिंघल ने कहा कि प्रत्येक लोको पायलट, असिस्टेंट लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर (गार्ड) के ऊपर करीब 3000 हजार यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होती है। उन्हें जर्नी ब्रेक के दौरान पर्याप्त आराम और अनुकूल वातावरण मिले, पौष्टिक भोजन मिले यह जरुरी है। ऐसे में सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए उनके लिए बनाये गए रेस्ट रुम का आधुनिकीकरण किया गया है ताकि लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर को पूरा आराम मिल सके और उन्हें बिना खलल पर्याप्त नींद लेने का अवसर मिले ताकि वे अगले दिन ड्यूटी के लिए तरोताजा और ऊर्जावान होकर निकलें।

एडीएमई ऑपरेशन पीके सिंह ने एरिया मैनेजर की बातों को आगे बढ़ाते हुए कहा, अब हर रुम वातानुकुलित है। रेस्ट रुम जिसे हमलोग रनिंग रुम कहते हैं उसमें ध्यान केंद्र और मिनी जिम भी बनाया गया है। 24 घंटे चलने वाले रसोई की सुविधा है। रसोई में वेज और नन वेज खाना अलग-अलग किचन में बनता है।

# नीट यूजी मामले में 18 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट सुना सकता है फैसला

## सीबीआइ ने अनियमितताओं की प्रगति रिपोर्ट अदालत को सौंपा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई गुरूवार को 18 जुलाई तक टाल दी। इन याचिकाओं में नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद्द करने और नये सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कुछ याचिकाकर्ताओं को मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति नहीं मिल पाने के मद्देनजर यह कदम उठाया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि कुछ याचिककर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से बुधवार को अलग-अलग दाखिल किए गए हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। उसने कहा कि अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। हालांकि, केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं के वकील को अपने हलफनामे की प्रति उपलब्ध करा दी है। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने मामले को 15 जुलाई को सूचीबद्ध करने का आग्रह किया, लेकिन मेहता ने कहा कि वह उस दिन उपलब्ध नहीं रहेंगे। पीठ ने कहा कि सीबीआई ने उसे नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं की जांच में हुई प्रगति पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपी है। शीर्ष अदालत में बुधवार को दाखिल एक अतिरिक्त हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा था कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने नीट-यूजी 2024 के नतीजों का डेटा विश्लेषण किया है, जिसमें न तो इस बात के संकेत मिले हैं कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर कदाचार हुआ था और न ही ऐसा सामने आया है कि स्थानीय उम्मीदवारों के किसी समूह को फायदा पहुंचा और उन्होंने अप्रत्याशित अंक हासिल किए। सरकार का यह दावा उच्चतम न्यायालय की आठ जुलाई की टिप्पणी के मद्देनजर अहम है, जिसमें उसने कहा था कि अगर पांच मई को नीट-यूजी 2024 के आयोजन में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की बात सामने आती है, तो वह नये सिरे से परीक्षा कराने का आदेश दे सकता है। केंद्र के नये हलफनामे में दावा किया गया है कि आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों ने नतीजों के डेटा विश्लेषण में पाया कि अंक वितरण में घंटी के आकार के वक्र का अनुसरण किया गया, जो बड़े पैमाने पर कराई जाने वाली किसी भी परीक्षा में दिखता है और इसे कोई अनियमितता न होने का संकेत माना जाता है। हलफनामे में केंद्र ने कहा कि 2024-25 के लिए स्नातक सीटों के वास्ते काउंसिलिंग की प्रक्रिया जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होगी और इसे चार चरणों में पूरा किया जाएगा। नीट-यूजी 2024 का आयोजन करने वाली एनटीए ने भी शीर्ष अदालत में एक अतिरिक्त हलफनामा दायर किया। एजेंसी ने कहा कि उसने राष्ट्रीय, राज्य, शहर और केंद्र स्तर पर नीट-यूजी 2024 में अंकों के वितरण का एक विश्लेषण किया है। एनटीए ने अपने हलफनामे में कहा, ह्लयह विश्लेषण दिखाता है कि अंकों का वितरण बिल्कुल सामान्य है और ऐसा कोई बाहरी कारक प्रतीत नहीं होता है, जो अंकों के वितरण को प्रभावित करता नजर आता है।

## स्पीड न्यूज

### टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं आमिर खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं। आमिर खान की फिल्म लगान क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। वहीं, उनकी फिल्म दंगल में कुश्ती से जुड़ी कहानी दिखाई गई। अब वह फिल्म सितारे जमीन पर काम कर रहे हैं, यह भी एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें वह शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। आमिर ने टेनिस की पृष्ठभूमि से जुड़ी फिल्म बनाने की इच्छा जताई है। आमिर खान ने कहा, यदि कोई अच्छी कहानी आती है, तो मैं टेनिस पर भी फिल्म बनाना पसंद करूंगा।

### स्मृति ईरानी ने सरकारी बंगला किया खाली

नयी दिल्ली। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 28 तुगलक क्रीसेंट स्थित अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया है। वे इस बार लोकसभा चुनाव में अमेठी से हार गईं थी। स्मृति ईरानी पिछले दस सालों से मंत्री के रूप में इस बंगले में रह रही थीं। जानकारी के अनुसार उन्होंने बंगला खाली कर दिया है और उनका नेम प्लेट भी हटा दिया गया है।

### इजराइल ने फिर गाजा सिटी खाली करने का दिया आदेश

यरुशलम। इजराइल की सेना ने बुधवार को फिर गाजा सिटी को खाली करने के आदेश दिया है। इसके साथ युद्ध विराम की पहल के बीच युद्ध भड़कने की आशंका बढ़ गई है। इजराइली सेना ने गाजा सिटी में पर्चे गिराए हैं। इसमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया है। इसमें कहा गया है कि गाजा शहर खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा। इस बीच, मध्य गाजा में इजराइल के हवाई हमले में 20 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें छह बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। इजराइल के गाजा सिटी छोड़ने के ताजा आदेश को घुसपैठ से जोड़कर देखा जा रहा है।

### पूर्वी लद्दाख में दुर्घटना एक सैनिक शहीद

लेह। पूर्वी लद्दाख में गुरुवार को ड्यूटी पर तैनाती के दौरान दुर्घटना में एक सैनिक शहीद हो गया। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक्स पर लिखा कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सी.एफ.एन. शंकर राव गोट्टापु एक दुर्घटना में शहीद हो गये। सेना पूर्वी लद्दाख में तैनाती के दौरान बहादुर सैनिक के शहीद पर गहरा दुख व्यक्त करती है।

### जमीनी विवाद में गोली लगने से तीन की मौत

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में गुरुवार को एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबाह थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते एक ही परिवार में दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में तीन लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। इस घटना में अभिषेक शर्मा (20) अंब्रीरिश शर्मा (28) और श्याम बाबू शर्मा (50) मृत्यु हो गयी। अभिषेक और अब्रिश रिश्ते में चाचा भतीजे थे।

### शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 27 अंक लुढ़का

मुंबई । विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, मारुति, रिलायंस, एनटीपीसी और आईसीआईसीआई बैंक समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही।

सेंसेक्स 27.43 अंक फिसलकर 79,897.34 अंक पर आ गया। निफ्टी 8.50 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ।

# महिलाओं को मिले परिवार नियोजन के विकल्प चुनने का अधिकार : नड्डा

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बोले-अनचाहे गर्भधारण का बोझ नहीं हो

एजेंसी

▶▶ **विश्व जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने केंद्र और राज्यों से मिलकर कार्य करने का किया आग्रह**




नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर देश में आबादी की स्थिरता पर काम करने की आवश्यकता पर भी बल देते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल तभी हासिल किया जा सकता है, जब भारतीय परिवारों का स्वास्थ्य अच्छा रहे, लेकिन यह उद्देश्य केवल छोटे परिवारों के जरिये ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को इस दिशा में मिलकर काम करना होगा ताकि महिलाओं को परिवार नियोजन का विकल्प चुनने का अधिकार हो और उन पर अनचाहे गर्भधारण का बोझ नहीं हो। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एक वर्चुअल बैठक की, जिसका थीम मां और बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दो गर्भधारण के बीच स्वास्थ्यवर्धक अंतराल रखा। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्यों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गर्भधारण के अत्यधिक दबाव वाले राज्यों, जिलों और ब्लॉकों में गर्भनिरोधकों की कोई कमी नहीं होने पाए। परिवार नियोजन कार्यक्रमों का उद्देश्य इच्छानुसार जन्म और सूचित विकल्प से जन्म होना चाहिए।

**सभी वर्ग के लोगों पर है सरकारों का ध्यान :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकारों का ध्यान अब युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बुजुर्गों समेत सभी स्वस्थ भविष्य पर है। अब हम परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य को मूलभूत मान्यता और भावी जिम्मेदारियों के स्वरूप में मान्यता देंगे। स्वास्थ्यवर्धक समय और जन्म के बीच अंतराल को बढ़ावा दिया जाएगा। परिवारों के छोटे आकार और स्वच्छा से गर्भनिरोधकों के चुनाव को बढ़ावा दिया जाएगा। पोषणयुक्त स्वास्थ्य और खुशहाल परिवार हमारे देश के बेहतर भविष्य में अहम योगदान देंगे।

**शुरूआती स्तर में 'एमपीवी' योजना सफल :** विश्व की आबादी में भारत की जनसंख्या पांचवां हिस्सा होने के तथ्य पर जोर देते हुए उन्होंने आग्रह किया कि विश्व जनसंख्या दिवस पर देश की बेतहाशा बढ़ती आबादी पर विराम लगाने की प्रतिबद्धता जताने की जरूरत है। नड्डा ने 'मिशन परिवार विकास' (एमपीवी) के सफल राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत शुरूआती स्तर पर सात राज्यों के 14 जिलों को उच्च प्राथमिकता दी गई है। बाद में इन राज्यों के और जिलों और पूर्वोत्तर राज्यों को भी कवर किया जाएगा। इस योजना के तहत संबंधित जिलों में टोटल फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) कम हुआ है। साथ ही मां, शिशु और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर भी घट गई है। मिशन परिवार विकास के जरिये राज्यों का टीएफआर ही नहीं, देश का टीएफआर भी कम होगा।

# केजरीवाल की अर्जी पर सुनवाई नौ सितंबर को




**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को नौ सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी समन को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए केजरीवाल को चार हफ्ते का अतिरिक्त समय भी दिया। पीठ ने कहा कि प्रत्युत्तर चार हफ्ते में दाखिल किया जाए।ह्व केजरीवाल की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील ने यह कहते हुए प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देने की अपील की थी कि परिस्थितियों में कुछ बदलाव हैं और उन्हें उचित कानूनी विवरण नहीं दिया गया है, जिसके लिए एक याचिका हाई कोर्ट में लंबित है। वहीं, ईडी की तरफ से पेश वकील ने कहा कि हाई कोर्ट के केजरीवाल को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इनकार करने के बाद जांच एजेंसी द्वारा 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किए जाने के पश्चात यह याचिका निरर्थक थी। हाई कोर्ट ने 22 अप्रैल को केजरीवाल को अपना प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया था। मई में अगली सुनवाई के दौरान अदालत ने उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए चार हफ्ते का समय और दे दिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी से नौवां समन मिलने के बाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसके तहत उनसे 21 मार्च को जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। हाई कोर्ट की पीठ ने 20 मार्च को ईडी को इस संबंध में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था कि याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं। अगले दिन हाई कोर्ट ने ईडी से गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने के अनुरोध वाली केजरीवाल की याचिका पर अपना पक्ष रखने को कहा था। कोर्ट ने कहा था कि वह इस स्तर पर केजरीवाल को कोई अंतरिम राहत देने की इच्छुक नहीं है।



**रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सेना की पूर्वी कमान का किया दौरा**

**नयी दिल्ली। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बृहस्पतिवार को कोलकाता स्थित पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम का दौरा किया और राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को विजय स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।श्री सेठ को पूर्वी कमान के परिचालन और सैन्य पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई और उन्होंने पूर्वी कमान मुख्यालय के सैनिकों के साथ बातचीत की।**

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, वह पीठ दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती हुए हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एम्स अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग में भर्ती है। आज सुबह तीन बजे बैक पेन की शिकायत के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है। एम्स की मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि उनकी जांच की जा रही है। राजनाथ सिंह (73) को तड़के भर्ती कराया गया और वह पुराने निजी वार्ड में हैं।

# बाइडन का समर्थन करने वाले भारतीय अमेरिकियों की संख्या में 19% गिरावट

**अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव**



**वाशिंगटन।** अमेरिका में साल 2020 में हुए चुनाव और 2024 में होने वाले चुनाव अंतराल के दौरान मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण (एएवीएस) ने बुधवार को यह जानकारी दी। एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण दो साल में एक बार किया जाता है और यह एशियाई-अमेरिकी समुदाय का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सर्वेक्षण है। एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन वोट (एपीआईएवोट), एएपीआई डेटा, एशियन अमेरिकन्स एडवांसिंग जस्टिस (एएजेसी) और एएआरपी द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह पता चला कि अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारतीय मूल के 46 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक जो बाइडन को वोट दे सकते हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 65 प्रतिशत था। भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट, सभी एशियाई-अमेरिकी जातीय समुदायों में सर्वाधिक है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प के बीच 27 जून को राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया के तहत हुई बहस से पहले यह सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के अनुसार, 46 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी बाइडन के पक्ष में मतदान कर सकते हैं, लेकिन 2020 के चुनाव की तुलना में यह आंकड़ा आठ प्रतिशत कम है। वहीं, 31 प्रतिशत लोग डोनाल्ड ट्रंप के लिए मतदान कर सकते है, जो 2020 के आंकड़ों की तुलना में एक प्रतिशत अधिक है। जो बाइडन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट होने के बावजूद यह सर्वेक्षण ट्रंप की रेटिंग में केवल दो प्रतिशत (2020 में 28 प्रतिशत से 2024 में 30 प्रतिशत) का ही इजाफा दर्शाता है।

# 10 वर्षों में 12.5 करोड़ रोजगार सृजित : भाजपा

▶▶ **जनता को गुमराह कर रहा है विपक्ष : जफर इस्लाम**



**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर रोजगार के मुद्दे पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पीएम मोदी के सरकार ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में 12.5 करोड़ रोजगार का सृजन किया है। ये आंकड़े विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठे दावों पर करारा तमाचा हैं। वर्ष 2004-2014 की अवधि के दौरान, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह स्वयं एक अर्थशास्त्री थे, लेकिन उनके समय में केवल 2.9 करोड़ ही रोजगार सृजित हुए थे। भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए जफर इस्लाम ने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में लगभग 5 प्रतिशत की औसत महंगाई दर रही, जबकि यूपीए शासन में यह आंकड़ा लगभग 9 प्रतिशत था और 2009-14 के बीच यह आंकड़ा 10 प्रतिशत तक भी पहुंच गया था। राहुल गांधी सहित विपक्ष के कई नेता झूठ बोलकर, जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं।

राहुल गांधी ने संसद के सदन पटल पर हिंदू धर्म का अपमान किया और अब झूठ बोलने के नए धर्म का पालन करने लगे हैं। राहुल गांधी अक्सर अपने भाषणों में झूठ बोलते हैं, आज उन झूठी बातों का आकंडों के माध्यम से पदार्फाश हो गया है। देश और विदेश के बड़े-बड़े बैंकों के अनुसार, भारत की महंगाई दर सबसे कम है और रोजगार के अवसर सृजित करने में भारत प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में देश के लगभग 5 करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया। इससे पहले देश में नौकरी करने वालों की संख्या 57.90 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 64.30 करोड़ हो गई है, अर्थात एक वर्ष में लगभग 5 करोड़ नए रोजगार के अवसर उत्पन्न किए गए हैं। जनता ने देश को एक स्थिर सरकार चुनकर दिया, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशहित में अहम और बड़े निर्णय लिए गए।

मोदी सरकार ने स्ट्रक्चरल और पॉलिसी रिफॉर्म करके देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। दुनिया के अन्य देश विकास के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि भारत तरक्की कर रहा है, सेवाएं पीएमआई या विनिर्माण पीएमआई की रिपोर्ट के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से चल रही है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने जब पीएलआई योजना शुरू की, तब विपक्ष ने इस योजना के खिलाफ भी मुहिम चलाई। लेकिन आज टेलीकम्युनिकेशन में पीएलआई योजना से काफी बड़ा फर्क आया है। लगभग 33 करोड़ मोबाइल फोन स्वदेश में निर्मित किए जा रहे हैं और हर क्षेत्र में इस तरह के उदाहरण मिलेंगे। आज भारत में 33 करोड़ मोबाइल फोन का विनिर्माण किया जाता है, इसमें से 5 करोड़ निर्यात किए जाते हैं, जबकि कांग्रेस शासन में भारत मात्र 5 करोड़ मोबाइल फोन का उत्पादन कर रहा था।

## शकील होंगे जामिया मिलिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति

नयी दिल्ली। केंद्रीय विश्वविद्यालयों की विजिटर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को प्रो. मोहम्मद शकील को जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) का कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया। जामिया मिलिया इस्लामिया के जनसंपर्क कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने जेएमआई के विजिटर के रूप में विश्वविद्यालय के अधिनियम अथवा विधियों द्वारा उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जेएमआई अधिनियम, 1988 की विधि 2(6) के अनुसार प्रो. मोहम्मद शकील को कार्यवाहक कुलपति के रूप में नियुक्त करने की स्वीकृति दे दी है।

उल्लेखनीय है कि जेएमआई विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. मोहम्मद शकील वर्तमान में विश्वविद्यालय के सबसे वरिष्ठ प्रोफेसर हैं।

VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

खबर मन्त्र के वर्षगांठ पर समस्त रांची वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

डॉ. राकेश किरण महतो

अध्यक्ष
रांची जिला कांग्रेस कमिटी



खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

CAMBRIDGE GROUP OF INSTITUTIONS
Tatisilwai, Ranchi (Jharkhand). Mob.: 9931444441,9279439460

सम्मानित दैनिक पत्र खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस के मौके पर कैंब्रिज परिवार की ओर से सुधी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं

COURSES OFFERED:
Diploma Engineering | B.Tech | M.Tech
M.B.A. | B.Ed. | D.El.Ed.
and CBSE Affiliated Schools.



निवेदक :
जानकी देवी, चेयरपर्सन
कैंब्रिज ट्रस्ट ऑफ इंडिया, रांची झारखंड

10+2, बीटेक, स्नातक के विद्यार्थियों के लिए
सरकारी नौकरी में हजारों रिक्तियां
26 वर्ष पुरानी संस्थान में नई तकनीक से तैयारी कर प्रत्येक वर्ष अनेको युवा रोजगार प्राप्त कर रहे हैं...

NIBM
H.O.: 4th Floor, Sri Sai Tower Circular Road, Ranchi
Visit Us at nibmranchi on
7542022226, 9334726278

IBPS
SBI RBI
SSC RLY
COMBINED (BANK+SSC+RLY)
G.D. & INTERVIEW FOR ALL
FREE LIBRARY, READING ROOM, STUDY MATERIAL

BATCH STARTS
15th & 19th July

"सेल्फ स्टडी, ऑनलाइन तथा लाइब्रेरी में स्टडी करने के बावजूद भी जिन युवाओं का चयन नहीं हो पा रहा है उनके लिए भी विशेष बैच की व्यवस्था।"

"केवल झारखण्ड ही नहीं बल्कि बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवं पश्चिम बंगाल के स्टूडेंट के लिए एन.आई.बी.एम. एक ऐसा नाम है जहां आना स्टूडेंट को अपनी सफलता प्राप्त करने जैसा है।"

SC/ST
Minorities/EWS
के लिए विशेष छूट
हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनो माध्यम में स्टडी मैटेरियल तथा क्लास



खबर मन्त्र के वर्षगांठ पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



भानू प्रताप बड़ाईक
अध्यक्ष
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग

खबर मन्त्र
के स्थापना दिवस पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग की ओर से राज्यवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

अभिलाष साहु
चेयरमैन
झारखंड प्रदेश कांग्रेस, ओबीसी विभाग
झारखंड
सह सदस्य झारखंड हाउसिंग बोर्ड



खबरमंत्र स्थापना दिवस पर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों को मंगलमयय शुभकामनायें।



सिराज खान
प्रदेश महासचिव
आजाद समाज पार्टी सह भावी
बिधायक प्रत्याशी
बिश्रामपुर बिधानसभा क्षेत्र।

जितना कठिन संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी
जल्द नामांकन लें 100% सफलता की गारंटी !
HR ACADEMY
No. 1 Institute for All Competitive Exam.
JPSC BPSC UPSC
Online | Offline Classes are Available
HR SIR
JTET | SSC | CTET | रेलवे | शिक्षक | BANK | KVS | दारोगा | NET | पॉलिटेक्निक
POLICE LINE, J.C. MALLICK ROAD
जगदम्बा दुर्गा मंदिर के पीछे, धनबाद
8709230065 -8102400300

CAPITAL UNIVERSITY
Chitragupta Nagar, Near Subhash Chowk, Jhumritelaiya, Dist. Koderma (Jharkhand)



BCA | MCA | BBA | MBA | LLB | LLM
D. Pharma
Dip. in Engineering (All Sub)
B. Tech (All Sub)
BCA | BBA | B.A. (All Subjects) | B. Sc. (Agri.) B. Lib.
BMLT | BPT | B. Sc. (OT) | B. Sc. (All Subjects) | BBA (HM)
BNYSB. Sc. (RIT) | B. Com. (All Subjects)
MBA | Ph. D. | L.LB. | MCA | MPT | PGDRD
M. Com. | M.A. (All Subjects) | MSW
M. Sc. (All Subjects) | M. Lib.
Helpline 1800 121 1988 www.capitaluniversity.edu.in

खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

RAJ INTERNATIONAL SCHOOL
तमसो माँ ज्योतिर्गमय
An English Medium Co Educational School Based on CBSE curriculum
Near Government Polytechnic, Koderma, Mob. No.: 9199732274, 9199732275
Email: office@riskoderma.com, rajinternationalschoolkoderma@gmail.com
www.riskoderma.com

ADMISSION OPEN
Everyday towards progress...
NURSERY TO VIII
Session 2024 - 25

Salient Features
Individual attention and guidance to the student.
Supervised Study in the school.
Modern teaching system and methods.
Inculcation of General Knowledge.
Yearly health checkup.



खबर मन्त्र
के स्थापना दिवस पर
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी
की ओर से राज्यवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश ठाकुर
अध्यक्ष
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी

